www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 12 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –208 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

## शुभकामनाएं

दीप पर्व पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं एवं शुभचिंतकों को देशबन्धु परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं...

– **संपादक**

## अवकाश की सूचना

दीपावली पर्व पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवंबर को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक मंगलवार, 14 नवंबर को प्राप्त होगा।

– **प्रबंधक**

## दीयों से जगमगाया सरयू घाट

अयोध्या के सरयू घाट पर आज दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान 22 लाख से ज्यादा दीये सरयू नदी के घाट पर जलाए गए हैं। जिसके बाद एक बार फिर सरयू घाट पर रिकॉर्ड बन गया है। इसके अलावा रेजर शो, आतिशबाजी भी की गई। इससे पहले सुबह श्रीराम के अयोध्या आगमन को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाते हुए भव्य शोभा यात्रा निकली गई। दोपहर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी सभी का स्वागत किया।



# प्रदेश में महतारी वंदन योजना संचालित नहीं : अकबर

## चुनाव के समय प्रलोभन दे रही भाजपा

**रायपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस घोषणा-पत्र समिति के संयोजक व मंत्री मो. अकबर ने भाजपा के महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि प्रदेश में ऐसी कोई योजना संचालित नहीं हो रही है। भाजपा गलत तरीके से फॉर्म भरा कर जनता कोप्रलोभन दे रही है। भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। कौन सा विभाग संचालित कर रहा है, सक्षम अधिकारी कौन है।फार्म में इसकी कोई जानकारी नहीं है।उन्होंने कहा भाजपावोट के लिए जनता को ठगने में जुटी हुई है।यदि यह योजना पूरे प्रदेश के लिए है तो पहले चरण की 20 सीटों पर जहां मतदान हो गया है।वह पर भाजपा यह फॉर्म क्यों नहीं भरवा रही है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि 2018 में हमने जो वादें किये थे सभी हमने पूरे किए हैं. 2018 में जिस तरह से किसानों का कर्जा माफ किया था, उसी तरह आगे भी करेंगे।किसानों को न्याय योजना का लाभ पहले की तरह मिलता रहेगा। सरकार केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देगी। इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई भी मुफ्त होगी।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा फार्म भरने को लेकर हम जनता को केवल समझाइश दे सकते हैं। घोषणा पत्र की नकल करने को लेकर कहा हम किसी की नकल नहीं करते है। पिछली बार अपने दम पर 68 सीटों पर जीतकर आए



थे।इस बार 75 सीटो पर जीतेगे।गिरीश देवांगन ने कहा भाजपा ने धोखा देने का काम किया है। महतारी योजना के नाम पर महिलाओं को भरमाने का काम किया जा रहा ही।उन्होंने कहा यह महिलाओं को धोखा देने व ठगी करने का इरादा है। पत्रकार वार्ता मेंसंचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, महामंत्री मलकीत सिंह,महेंद्र सिंह छाबड़ा भी मौजूद थे।

## महतारी वंदन योजना फॉर्म भराये जाने पर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का प्रथम चरण 7 नवंबर को हो गया है। दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है।इस बीच कांग्रेस नेता की शिकायत पर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। कांग्रेस नेता पवन अग्रवाल ने निवाचन आयोग में किया था कि भाजपा महिला वोटरों को लुभाने की कोशिश में महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरावा रही है।जिसमें प्रति महीने 1 हजार रुपए देने की बात कही जा रही है। कांग्रेस की शिकायत पर चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है।चुनाव आयोग ने दो जिलों में भाजपा प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस ने फॉर्म भराये जाने के संबंध में केंद्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की थी। जिसमें कांग्रेस ने कहा था कि भाजपा द्वारा प्रदेश भर में महिला वोटरों को लुभाने के लिये फर्जी तरीके से फार्म भरवाया जा रहा है।यह फार्म पूरी तरह से अवैध है और महिला मतदाताओं को प्रलोभन देने का प्रयास है।भाजपा के इस फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया को चुनाव आयोग ने गलत मानते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिये है।इसी संबंध में सारंगढ़ प्रत्याशी को रिटर्निंग ऑफिसर ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर किया पलटवार**

# जुमलेबाजों पर भरोसा नहीं करना चाहिए नगरनार नहीं बेचेंगे, इसकी क्या गारंटी ?

**रायपुर**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि विधेयक को रोकने पर चीफ जस्टिस ने जो टिप्पणी की है वो बहुत गंभीर है।पंजाब, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ में भी एक दर्जन बिल अटके पड़े हैं।ये राजभवन में अटका हुआ है। भारतीय जनता पार्टी राज्यपाल राजभवन के माध्यम से सब कुछ कंट्रोल करना चाहती है।ये प्रजातंत्र के लिए नुकसानदायक है।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने अमित शाह द्वारा रोड शो में दिए बयान को लेकर कहा कि विष्णुदेव साय आदिवासी नेता हैं उसको आदिवासी दिवस के दिन पद से मुक्त किये थे। कद जीरो कर दिए थे। इनकी बातों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।अमित शाह ने कहा नगरनार नहीं बेचेगा इसकी क्या गारंटी है।नगरनार बेचने वाली सूची में हैं। ये सब चुनाव के लिए जुमलेबाजी है और भाजपा में जुमले बाज लोग हैं।इनकी बातों पर छत्तीसगढ़ की जनता विश्वास नहीं करती है। पहले देख चुके हैं।

दरअसल, अमित शाह जहां जा रहे हैं वहां प्रत्याशियों को कह रहे हैं आप जीत के दिखाओ आपका कद बढ़ा देंगे इस सवाल पर मुख्यमंत्री ये बात कही है।राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर भूपेश ने कहा पाटन पावन धरती है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है, राजनाथ सिंह का स्वागत है आएं अच्छी बात है।उन्होंने कहा कि आज बिंद्रानवागढ़, राजिम, नगरी, सिहावा, उसके बाद धमतरी कुरुद विधानसभा का दौरा है। कल सभी विधानसभा में लोगों में जबरदस्त उत्साह था। सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार बैठे हैं।

**मध्य प्रदेश में भाजपा का संकल्प पत्र जारी**

# लाडली बहनों को पक्के मकान का वादा

**भोपाल**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए आज जारी किए गए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र (संकल्प पत्र) में महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर अनेक लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र के नाम से 90 से अधिक पेज का घोषणापत्र जारी किया। भाजपा ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी का चेहरा सामने रखकर राज्य के मतदाताओं से वादे किए हैं।



- आईआईटी की तर्ज पर एमआईटी खोलेंगे
- हर वर्ग के लिए किए लोकलुभावन वादे

**छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा**

गरीब, किसान लगभग हर वर्ग को साधा गया है। लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे। इसी तरह हर संभाग में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तर्ज पर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस शुरू करेंगे। सीनियर सिटीजन और दिव्यांग नागरिकों को 1500 रु. मासिक पेंशन दी जाएगी। अभी

शेष पृष्ठ 9 पर

## बीमार पत्नी से मिलने पहुंचे सिसोदिया

**नई दिल्ली**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी सीमा से मिलकर फिर से तिहाड़ जेल रवाना हो गए। सिसोदिया शनिवार 11 नवंबर को सुबह 10 बजे घर पहुंचे थे। कोर्ट ने उन्हें शाम 4 बजे तक यानी कुल 6 घंटे का वक्त दिया था।

सिसोदिया ने 9 नवंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल कर बीमार पत्नी से मिलने के लिए 5 दिनों का समय मांगा था। कोर्ट ने उन्हें केवल एक दिन के लिए पत्नी सीमा से मिलने की इजाजत दे दी थी। कोर्ट ने मनीष को निर्देश दिया था कि घर जाने के दौरान वे मीडिया या किसी अन्य राजनेता से नहीं मिलेंगे, ना ही कोई बयान जारी करेंगे। इससे पहले वे जून 2023 में गिरफ्तारी के 103 दिन बाद घर आए थे।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

**देहरादून**, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जल्द ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता हो सकता है। सूत्रों की मानें तो रंजना देसाई के नेतृत्व में बनी समिति दिवाली बाद अगले एक या दो दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप सकती है। इसे लेकर राज्य में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी भी की जा रही है। माना जा रहा है नवंबर के अंत या दिसंबर के पहले हफ्ते तक विशेष सत्र बुलाकर यूसीसी को कानून का रूप दे दिया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा जहां पर ष्टष्ट लागू होगा।

- जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का किया गया है गठन

**यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी सरकार**

उत्तराखंड सरकार लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में यूसीसी को कानूनी रूप दे देगी। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पुष्कर सिंह धामी ने वोटिंग से एक दिन पहले ही उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। इसके बाद 27 मई 2022 को जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। इसमें चार सदस्य शामिल हैं। समिति ने प्रदेशभर में तकरीबन ढाई लाख लोगों से बात कर यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार किया है। उत्तराखंड में यूसीसी लागू कर दिया जाता है तो इसे चुनावी मुद्दा बनाया जा सकता है और इसका फायदा भी भाजप को मिल सकता है।

# चुनाव में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं: जयराम

**जयपुर**, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कोई मुद्दा नहीं होना एवं गलत प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव में जनता का जनादेश पाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है।



श्री रमेश शनिवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों तथा आगे के पांच वर्षों में कांग्रेस पार्टी क्या करेगी, उसके आधार पर हम जनता के बीच जाकर जनादेश मांग रहे हैं। उन्होंने कहा भाजपा के पास दो हथियार है, एक ईडी और सीबीआई जिन पर दो दिन दीवाली का ब्रेक रहेगा तथा दूसरा हथियार ध्रुवीकरण है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद आरोप लगा रहे हैं और गलत प्रचार कर रहे हैं जिसका मैंने खंडन भी किया है।

## वाम दलों ने इजराइल पर मोदी सरकार को घेरा

**नई दिल्ली**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के वामपंथी राजनीतिक दलों ने भारत और अमेरिका के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों की एक साथ हुई बैठक में हमास के खिलाफ इजरायली सेना की कार्रवाई को तत्काल रोकने की दुनिया भर में उठ रही मांग का समर्थन न करने के मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह का रुख इजरायल की कार्रवाई को वैधता प्रदान करने वाला है। इन इन दलों ने शनिवार को जारी एक साझा बयान में गाजा में चल रही कार्रवाई को अमेरिका और यहूदी राष्ट्र की ओर से 'फलस्तीनियों का नरसंहार' बताया और उसकी कार्रवाई पर तुरंत विराम लगाए जाने की अपील की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा , अखिल भारतीय फार्वर्ड ब्लाक और रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पाटी ने एक साझा बयान में मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की।

## बद्रीनाथ में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी


**बद्रीनाथ**। बद्रीनाथ धाम में दो दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि बद्रीनाथ में दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई। उत्तराखंड के चार धाम स्थलों में से एक बद्रीनाथ धाम बर्फ की चादर से ढंका हुआ है। इस बीच, बद्रीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर से बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 27 अप्रैल को खोले गए थे। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, 16 अक्टूबर तक चार धाम में 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे।

# भारत में दुनिया के मुकाबले 3 गुना तापमान बढ़ा

**नई दिल्ली**, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा है। ये 12 महीने दुनियाभर में 1890-1900 के औसत तापमान से 1.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म रहे। क्लाइमेट सेंट्रल नाम की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने वेदर एट्रीब्यूशन एनालिसिस में ये जानकारी दी है।

- कई राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे

इस अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के 170 देशों का औसत तापमान बढ़ा है, जिसके चलते 780 करोड़ लोग औसत से अधिक गर्म माहौल में रहने को मजबूर हुए। आइसलैंड जैसे इलाकों में साल का औसत तापमान सामान्य से कम रिकॉर्ड किया गया। भारत उन देशों में शामिल रहा, जहां क्लाइमेट चेंज का सबसे ज्यादा असर दिखा। दुनिया में तापमान जितना बढ़ा, उससे तीन गुना ज्यादा भारत में बढ़ा है। वेदर एट्रीब्यूशन स्टडी के मुताबिक, पिछले 12 महीने में दुनिया की 570 करोड़ आबादी को कम से कम 30 दिन औसत से अधिक तापमान में रहने को विवश होना पड़ा। भारत की 120 करोड़ आबादी को 30 दिन अधिक तापमान में गुजारने पड़े। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को छोड़कर सभी राज्यों में पिछले 12 महीने सबसे गर्म रहे। एक साल के दौरान देश के 12 शहरों में 100 दिन तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। इनमें आईजोल, ठाणे, विशाखापट्टनम, पणजी, गुवाहाटी, दिसपुर, शिलॉन्ग, बेंगलुरु, इंफाल, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती और पोर्ट ब्लेयर शामिल है।



# देश

उवाच



"जिस ड्राइवर के बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री बघेल पर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं वह भाजपा का कार्यकर्ता है। वह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे के अन्य सहयोगी पीयूष मिश्रा का सहयोगी है।"

–प्रमोद तिवारी, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 16.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# छग चुनाव के दूसरे चरण में रायपुर के रण में सूरमाओं की अग्नि परीक्षा

■ दूसरे चरण में कई नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

■ जिले की छह सीटों पर कांग्रेस व एक पर भाजपा का है कब्जा

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान होने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस दौर में कितनी सीटें किसके पाले में गईं। इसके साथ ही सबकी नजर बची हुईं 70 सीटों पर है। दूसरे दौर में राजधानी के रण पर सबकी नजर होगी क्योंकि यहां प्रदेश की राजनीति में खासा दखल रखने वाले नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। जिले की छह सीटों पर कांग्रेस और एक पर भाजपा का कब्जा है।

रायपुर पश्चिम में भाजपा ने पूरा जोर लगा रखा है। जिले का सियासी गणित समझने के लिए शहर के रजबंधा मैदान स्थित किसी भी चाय की दुकान पर थोड़ा वक्त गुजारना पड़ेगा। एक दुकान पर मिले शिक्षक ने बताया लड़ाई इस बार कांटे की है। एक मतदाता ने रायपुर उत्तर में सिंधी समाज की नाराजगी से कांग्रेस को नुकसान बताया। रायपुर दक्षिण के



कांग्रेस प्रत्याशी को मजबूत माना लेकिन उनकी सफलता पर संशय भी जाहिर किया। शहरी मतदाता रेवड़ी संस्कृति से नाराज हैं तो ग्रामीण इसे बड़ी राहत मानते हैं। एक ढाबे पर एक फैक्टरी कर्मी ने कहा बताया कि शहर के सभी विकास कार्य भाजपा के समय हुए। कांग्रेस राज में कोई नया काम नहीं शुरू हुआ।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता ने कहा कि कांग्रेस ने गांव और किसान का ख्याल रखा। हालांकि, बिजली बिल माफी और बेरोजगारी पर उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर पाई। रायपुर दक्षिण सीट से 1990 से लगातार सातवीं बार विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को आठवीं जीत से रोकने के लिए कांग्रेस ने दूधाधारी मठ के मठाधीश महंत रामसुंदर दास को मैदान में उतारा है। शहर में दोनों नेताओं की अच्छी पकड़ होने के नाते मुकाबला दिलचस्प है। समर्थकों का मानना है कि इस बार मुकाबला काफी करीबी होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी महंत रामसुंदर दास वर्तमान में गोसेवा आयोग के अध्यक्ष हैं।

रायपुर ग्रामीण से कांग्रेस ने सात बार के विधायक 80 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा की जगह बेटे पंकज शर्मा को यहां से उतारा है। 1985 में पहली बार चुने गए सत्यनारायण इस सीट से सिर्फ एक बार 2008 में हारे थे। उनके बेटे पंकज भी दो दशक से अधिक समय से संगठन से जुड़े हैं। भाजपा ने पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू को उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। यहां ओबीसी मतदाता निर्णायक हैं। रायपुर पश्चिम से भाजपा के पूर्व मंत्री रहे राजेश मूणत और कांग्रेस से वर्तमान विधायक विकास उपाध्याय आमने-सामने हैं। पिछले चुनाव में मूणत की लगातार तीन जीत का क्रम तोड़ते हुए विकास ने सफलता हासिल की थी। संसदीय सचिव विकास क्षेत्र में सक्रियता के चलते लोकप्रिय हैं।

धरसींवा सीट से कांग्रेस ने विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा का टिकट काटकर पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा को उतारा है। उनके मुकाबले में भाजपा ने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सितारे पद्मश्री अनुज शर्मा की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश की है।

## मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं

आरंग सीट से इस बार मंत्री शिवकुमार डहरिया की राह आसान नहीं है भाजपा ने उनके खिलाफ सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के पुत्र गुरु खुशवंत सिंह को मैदान में उतारा है। गुरु बालदास पहले कांग्रेस में थे। वह इसी साल भाजपा के पाले में आए और बेटे को टिकट दिलाने में भी सफल रहे। क्षेत्र में सतनामी मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। रायपुर उत्तर से कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार कुलदीप जुनेजा को टिकट देकर सिंधी समाज की नाराजगी मोल ले ली है। नाराज अजीत कुकरेजा बागी होकर मैदान में हैं। वहीं, भाजपा ने छत्तीसगढ़ सर्व उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा पर दांव खेलकर जुनेजा को घेरने की कोशिश की है। समाजसेवी की छवि वाले पुरंदर के उड़िया समाज के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है।

# मिजोरम में वोट डालने में पुरुषों से आगे रहीं महिलाएं

**आइजोल,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। मिजोरम विधानसभा चुनाव में 7 नवम्बर को पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं में वोट डालने को लेकर ज्यादा उत्साह दिखा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने सभी 11 जिलों से अंतिम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण मिजोरम विधानसभा चुनाव में कुल 8.57 लाख मतदाताओं में से लगभग 80.66 प्रतिशत (6,87,334) ने 174 उम्मीदवारों (16 महिला उम्मीदवार सहित) की किस्मत का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहाड़ी राज्य में महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 81.25 था जबकि 80.04 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। ईसाई बहुल मिजोरम में महिलाएं हमेशा पुरुष मतदाताओं से आगे रहती हैं। राज्य की गत 4 अक्टूबर को प्रकाशित अद्यतन मतदाता सूची में कुल 8,57,063 मतदाता हैं जिनमें 51.22 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। मतदाता सूची में कुल 4,39,026 महिलाएं और 4,13,062 पुरुष हैं। मिजोरम के 11 जिलों में से केवल ममित जिले के अल्पसंख्यक समुदाय में पुरुष मतदाताओं (32,723) की संख्या उनकी महिला मतदाताओं (32,064) से अधिक है।

# कमलनाथ के खिलाफ इंदौर में लगे विवादित पोस्टर

■ कांग्रेस की शिकायत पर मामला दर्ज

■ शिकायत के बाद हटा लिए गए पोस्टर

**इंदौर,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनावी माहौल में अब विवादित और आपत्तिजनक पोस्टर लगाने की राजनीति शुरू हो गई है। इंदौर के पाटनीपुरा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ विवादित पोस्टर लगे। जिस पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई और चुनाव आयोग को शिकायत की। इसके बाद एमआईजी पुलिस ने केस दर्ज किया है। पोस्टर पर पंजाब में आंतकियों की फंडिंग से जुड़े आरोप लगाए गए थे। होर्डिंग में लगाने वाले का नाम मध्य प्रदेश युवा मंच लिखा गया है। शिकायत के बाद पोस्टर हटा लिए गए। नगर निगम ने संपत्ति विरुपण अधिनियम के तहत भी एक्शन लिया है, क्योकि जिस गेंट्री पर पोस्टर लगा था। वह नगर निगम की संपत्ति है औरर पोस्टर लगाने की अनुमति भी नहीं ली गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे से फुटेज भी खंगाले। पुलिस को पोस्टर लगाने वालों की जानकारी मिली है। पाटनीपुरा चौराहे के समीप गत शुक्रवार को कमलनाथ, आंतकवाद और पंजाब पर टिप्पणी करते हुए पोस्टर लगाया गया था। पोस्टर पर मध्य प्रदेश युवा मंच भी लिखा हुआ था। कांग्रेस की शिकायत के बाद सक्रिय हुए पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से पोस्टर लगाने वालों की जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार कुछ युवकों की पहचान सीसीटीवी कैमरों के जरिए हुई है। पोस्टर रात के समय लगाए गए थे। इस मामले में कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश सिंह यादव का कहना है कि भाजपा बौखला गई है, इसलिए कमल नाथ की छवि गलत आरोप लगाकर धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस तरह के पोस्टर से धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की भी जा रही है। पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद नगर निगम ने विवादित पोस्टर हटा लिए है। वहीं दूसरी ओर कमलनाथ शनिवार को निवाड़ी जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने अपने निवाड़ी विधानसभा और पृथ्वीपुर विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड आते हुए एक बात का बहुत दुख होता है, मैं केंद्र में मंत्री था और कांग्रेस की सरकार थी। हमने आठ हजार करोड़ का बुंदेलखंड पैकेज बनाया, आठ हजार करोड़ रुपए मध्य प्रदेश भेजे। लेकिन यह बुंदेलखंड पैकेज तो नहीं रहा, बुंदेलखंड घोटाला बन गया।



## सार संक्षेप

### मुंगेली में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे मोदी

**मुंगेली।** बिलासपुर संभाग क्षेत्र के मुंगेली विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवम्बर को जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम की रैली सुबह 11 बजे बछेरा (जमकुही) बायपास रोड के पास मे होने जा रही है। प्रोटोकॉल के हिसाब से 11 बजे से 11.40 तक समय निर्धारित है। उसके बाद चुनावी सभा के लिए महासमुद जाएंगे और वहा आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आम सभा में मुंगेली, लोरमी, तखतपुर, बिल्हा, और नवागढ़ के भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। मुंगेली विधानसभा से पुन्नूलाल मोहले, लोरमी विधानसभा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, तखतपुर विधानसभा से धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधानसभा से धरमलाल कौशिक, और नवागढ़ विधानसभा से दयालदास बघेल चुनावी मैदान में हैं।

### पूर्व मंत्री अखंड प्रताप सिंह ने थामा भाजपा का दामन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के समक्ष शनिवार को यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय में पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी नेता अखंड प्रताप सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। नड्डा ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ.राघवेन्द्र शर्मा मौजूद थे।

### भाकपा ने जारी किया संकल्प पत्र

**भोपाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी कर दिया। भाकपा के मध्य प्रदेश राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने यहां अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी किया।

# नेहरू की गलती से चीन ने कब्जाई भारत की जमीन : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक पोस्ट के जरिए कांग्रेस नेता व देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि



नेहरू की गलत फॉरवर्ड नीति स्पष्ट रणनीतिक गलती थी। इसका उद्देश्य तो चीन द्वारा कब्जा किए गए जमीन को वापस पाना था, लेकिन भारत को और अधिक जमीन खोनी पड़ी थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने चुने हुए जनरल पीएन थापर और लेफ्टिनेंट जनरल बृज मोहन कौल के नेतृत्व में कमजोर हथियारों से लैस और कम तैयार सशस्त्र बलों को आदेश दिया कि चीन-भारत सीमा पर विवादित क्षेत्रों में सैन्य चौकियां स्थापित करनी है। इससे चीनियों के साथ सीधा टकराव हुआ।

उन्होंने लिखा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह सब एक सिद्धांत पर आधारित था कि चीन, भारत के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ेगा। यह भ्रामक हिंदी-चीनी भाई-भाई की नीति पर आधारित था। उन्होंने लिखा कि वास्तव में हुआ यह कि चीनियों ने चौतरफा युद्ध छेड़ दिया। लड़ाई के चलते भारत में 1300 से ज्यादा जवान शहीद हों गए और लगभग 38000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन के कब्जे में चली गई।

# राजस्थान की 200 सीटों पर आप को नहीं मिले उम्मीदवार

**जयपुर,**11 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के सत्ता संग्राम में 200 विधानसभा सीटों पर 1875 उम्मीदवार अपनी किस्मत अजाम रहे हैं। चुनाव लड़ने के लिए 3432 नामांकन भरे गए थे। कुछ प्रत्याशियों ने एक से ज्यादा नामांकन भी भरे थे। चुनाव आयोग ने

■ छोटे-बड़े नौ दल चुनावी मैदान में, बसपा से 185 प्रत्याशी मैदान हैं

■ चुनाव आयोग ने जांच के बाद 396 नामांकन किए रद्द

जांच के बाद 396 नामांकन रद्द कर दिए, जबकि 490 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए। अब 25 नवम्बर को मतदान के बाद 1875 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद हो जाएगा। तीन दिसंबर को मतगणना के बाद प्रदेश को 200 नए विधायक मिल जाएंगे।




## दीपावली बाद प्रदेश में बढ़ेगा चुनावी शोर

राजस्थान में 25 नवम्बर को मतदान होना है। नरेंद्र मोदी गत गुरुवार को उदयपुर में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार अब एक दो दिन दीपावली के कारण भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं की सभाएं नहीं होंगी। क्योंकि, सभाओं में आने वाली भी त्योहार की तैयारियों में लगी हुई है। ऐसे में दीपावली के बाद पार्टियां प्रदेश में जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लग जाएंगीं।

### इन पार्टियों के प्रत्याशी चुनावी मैदान

इस चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 199 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, भाजपा ने पूरी 200 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) से 185 प्रत्याशी मैदान हैं। प्रदेश की 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को उम्मीदवार नहीं मिले, वह महज 58 सीटों पर ही प्रत्याशी उतार सकी। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) 78, भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) 58 और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) से 47 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। आरएलपी से एक प्रत्याशी डॉ. सुभाष गर्ग भरतपुर से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने आरएलपी से गंठबंधन करते हुए इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। लाल डायरी का जिक्र कर राजस्थान की राजनीति में तहलका मचाने वाले राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा 730 उम्मीदवार निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

### जयपुर में सबसे ज्यादा उम्मीदवार

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 19 विधानसभा सीटें हैं। इन 19 सीटों पर 199 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह अलवर जिले की 11 सीटों के पर 113 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सबसे कम सीट वाले जिले जैसलमेर और प्रतापगढ़ में दो-दो सीटों के लिए क्रमश‍ 15 और 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हांलाकि, ज्यादातर सीटों पर मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है।

# राहुल गांधी ने पिछड़ी जाति के साथ किया विश्वासघात : भाजपा

■ तेलंगाना उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण कर लगाया आरोप

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। देश की राजनीति अब पिछड़ी जाति के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी जहां जितनी आबादी



उतना हक की बात करते हुए ने अपनी चुनावी राजनीति में पहली दफा पिछड़ों की खुलकर पैरोकारी कर रहे हैं, वहीं भाजपा ने उन पर पिछड़ी जाति के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के बयान के वीडियो दिखाकर कांग्रेस के तेलंगाना उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण करते हुए कहा कि वाह कांग्रेसी युवराज राहुल गांधी वाह। कहते कुछ हो और करते कुछ हो। चुनाव से पहले झेठ का सहारा लेते हो और चुनाव आते ही यूटर्न लेकर पलट जाते हो। कम से कम जनता से तो झूठ मत बोलो। जितनी आबादी उतना हक का राग अलापने वाले राहुल गांधी, ऐसा क्या हो गया कि अपनी इस बात से तेलंगाना में मुकर गए। तेलंगाना में कांग्रेस उम्मीदवारों की तीन सूची में घोषित 114 सीटें देखने के बाद यह तो साफ हो गया कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत फर्क है।

## कांग्रेस को बताया झूठ की दुकान

भाजपा ने जातिवार कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची का विश्लेषण करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ की दुकान से ज्यादा कुछ नहीं है। कांग्रेस ने तेलंगाना के टिकट बटवारे में 41 रेड्डी, 9 वेलामा, 3 कामा, 18 अनुसूचित जाति, 12 अनुसूचित जाति, 5 मुस्लिम और 23 सीटों पर पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों को टिकट दिया है। गौर करने वाली बात यह है कि जितनी आबादी उतना हक का नारा बुलंद करने वाले राहुल गांधी यहां अपनी ही बात से मुकर गए हैं। भाजपा ने कहा कि तेंलगाना की आबादी में 51 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली पिछड़ी जाति को कांग्रेस महत 20 फीसदी सीटों पर ही भागीदारी का मौका देकर उनके साथ विश्वासघात किया है।

# केसीआर ने दिवाली पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**हैदराबाद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने दिवाली के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक और अंधेरे को दूर करने वाले रोशनी के त्योहार के रूप में दिवाली का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन के प्रतीक दीयों की रौशनी हमारे अंदर की अज्ञानता को दूर करेगी, चेतना को प्रज्वलित करेगी और हमें नई शक्ति के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारे अंदर आंतरिक ज्योति जलती है, तो जीवन के बारे में स्पष्टता पैदा होती है और हर दिन एक उत्सव की तरह सामने आता है। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों को उन नरकों से सतर्क रहने की सलाह दी, जो प्रगति की राह में हर कदम पर बाधा डालते हैं, जिसके लिए हम लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पटाखे फोड़कर उत्साह के साथ दिवाली का त्योहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री केसीआर ने कामना की कि देवी लक्ष्मी की कृपा तेलंगाना के लोगों पर बनी रहे और हर घर में देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद और धन हो।



# तेलंगाना विस चुनावों के लिए 2,327 नामांकन दाखिल

**हैदराबाद,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 10 नवम्बर तक 2327 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी 13 नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच करेंगे जबकि 15 नवम्बर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 30 नवम्बर को एक साथ मतदान होंगे तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। गौरतलब है कि इस चुनाव में तेलुगू देशम पार्टी और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) ने मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। वाईएसआरटीपी ने आधिकारिक तौर पर कांग्रेस का समर्थन किया है। कांग्रेस के साथ गठबंधन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोठागुडेम से चुनाव लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस उम्मीदवारों ने 118 सीटों पर नामांकन दाखिल किया, और एक सीट भाकपा को दी है,



फार्मेट सी–1( समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए )

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

[illegible]

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | [illegible] रायपुर | [illegible] 10.05.2022 | विचाराधीन | 294, 506, 147, 323, 427, भा.द.वि. |
| 02 | [illegible] रायपुर | 318/21 02.12.2021 | विचाराधीन | 294, 506, 147, 148, 149, 427, 447, 436, 186, 353 भा.द.वि. |

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम (नों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड | अधिकतम अधिरोपित दण्ड का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | |

[illegible]



## राजस्थान में टिकट बंटवारे में महिला व युवा वर्ग घोर उपेक्षित

# वादा 33 प्रतिशत आरक्षण का व टिकट 15 फीसदी भी नहीं

**जयपुर,11 नवम्बर (एजेंसियां)। दो सौ विधायकों वाली राजस्थान विधानसभा के चुनावों में महिला और युवा वोटरों की हिस्सेदारी 80 फीसदी से ज्यादा होगी। टिकट बंटवारे में ये दोनों ही वर्ग घोर उपेक्षित हैं। कांग्रेस के सबसे ज्यादा टिकट 60 से ज्यादा उम्र के लोगों को बांटे गए हैं। ठीक यही स्थिति बीजेपी की भी है। काबिले गौर है कि पांच राज्यों में विधानसभा।**

चुनावों के एलान से पहले देश में महिला आरक्षण को संसद में विधेयक का क्रेडिट लेने को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में जबरदस्त तकरार देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी तक ने भाषण देकर बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी पार्टी की क्या सोच है, लेकिन विधानसभा चुनावों का एलान होते ही सियासी दावों और वादों की पोल खुल गई। महिलाओं की बात करें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही कुल 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिए हैं। विधानसभा चुनावों से पहले संसद में महिला आरक्षण बिल पारित कराने वाली भाजपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए सिर्फ 20 महिलाओं को टिकट दिए हैं। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो इसने हालांकि 28 महिलाओं को टिकट दिए हैं।



■ 81 विस क्षेत्रों में एक भी महिला प्रत्याशी नहीं

राजस्थान की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल भले ही जोर-शोर से पास किया गया हो, लेकिन राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की ओर से महिलाओं को 15 प्रतिशत टिकट भी नहीं दिए गए हैं। वहीं, ऐसा लग रहा है कि स्वयं महिलाएं भी अभी मुख्य धारा की राजनीति में सक्रिय होने की बहुत ज्यादा इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि राजस्थान में चुनाव लड़ रहे कुल प्रत्याशियों में से महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। प्रदेश के 200 में से 81 विधानसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है। देश में महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ने हाल में ही नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया है।

भाजपा इसे जबरदस्त ढंग से भुना भी रही है। हाल ही में राजस्थान में पीएम मोदी की सभाओं इसका असर नजर भी आया, जहां महिलाओं को सभाओं की जिम्मेदारी दी गई।

# साहित्य

पंजाबी कहानी

# मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लठ्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।' 'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाईए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुशकी को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िर ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।'

मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

---

संदर्भ : 12 नवम्बर, शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

# दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संज़ीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संज़ीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वगैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस गिरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे ग़र्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशगूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़्दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वगैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाज़ुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है। जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है। समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद खुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फिल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है ?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीकात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़हार करते थे। समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़दीक क्या है ?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

---

लघुकथा

## आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

## दीवाली

राम के हिज्र में इक रोज़ भरत ने ये कहा
क़ल्ब-ए-मुज़्तर को शब-ओ-रोज़ नहीं चैन ज़रा

दिल में अरमाँ है कि आ जाएँ वतन में रघुबिर
याद में उन की कलेजे में चुभे हैं नश्तर

कोई भाई से कहे ज़ख़्म-ए-जिगर भर दें मिरा
ख़ाना-ए-दिल को ज़ियारत से मुनव्वर कर दें

राम आएँ तो दिए घी के जलाऊँ घर घर
दीप-माला का समाँ आज दिखाऊँ घर घर

तेग़-ए-फ़ुर्क़त से जिगर पाश हुआ जाता है
दिल ग़म-ए-रंज से पामाल हुआ जाता है

दाग़ हैं मेरे जले दिल पे हज़ारों लाखों
ग़म के नश्तर जो चले दिल पे हज़ारों लाखों

कह रहे थे ये भरत जबकि सिरी-राम आए
धूम दुनिया में मची नूर के बादल छाए

अर्श तक फ़र्श से जय जय की सदा जाती थी
ख़ुर्रमी अश्क हर इक आँख से बरसाती थी

जल्वा-ए-रुख़ से हुआ राम के आलम रौशन
पुर उमीदों के गुलों से हुआ सब का दामन

मोहनी शक्ल जो रघुबिर की नज़र आती थी
आँख ताज़ीम से ख़ल्क़त की झुकी जाती थी

मुद्दतों बा%द भरत ने ये नज़ारा देखा
कामयाबी के फ़लक पर था
सितारा चमका

दिल ख़ुशी से कभी पहलू में
उछल पड़ता था
हो मुबारक ये कभी मुँह से निकल
पड़ता था

■ आफ़ताब रईस पानीपती

# देश विदेश

## नेतन्याहू ने नुकसान के लिए हमास को बताया जिम्मेदार

**जेरूसलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की टिप्पणी के जवाब में कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की है, इजरायल की नहीं। इससे पहले मैक्रॉन ने कहा था कि गाजा पट्टी पर इजरायल के हमलों की कोई वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। प्रधान मंत्री कार्यालय ने एक्स पर नेतन्याहू के हवाले से कहा, नागरिकों को होने वाले किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी हमास की है न कि इजराइल की।

# गजा में 'कोई भी सुरक्षित नहीं है' : डब्ल्यूएचओ

■ डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक बोले, यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर'



**संयुक्त राष्ट्र,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) की आपात बैठक में कहा कि गजा में 'कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है' और यहां स्वास्थ्य प्रणाली 'अपने घुटनों पर' है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में कहा कि जमीनी स्तर पर स्थिति गंभीर है तथा अस्पतालों में बिना एनेस्थीसिया के ऑपरेशन करने से लेकर हर दस मिनट में एक बच्चे की मौत होने तक स्थिति अत्यंत गंभीर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मचारी 23 लाख लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

श्री टेड्रोस ने कहा कि समर्थन दिखाने का सबसे अच्छा तरीका स्वास्थ्य कर्मियों को जीवन बचाने के लिए आवश्यक चीजें प्रदान करना है। लगभग 63 मीट्रिक टन ऐसी सहायता भेजी जा चुकी है, लेकिन उन नागरिकों तक पहुंचने के लिए निर्बाध पहुंच की आवश्यकता है जो संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ लगातार युद्धविराम का आह्वान कर रहा है। इसके अलावा, मैंने दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आह्वान किया है। श्री टेड्रोस ने बैठक समाप्त होने पर दोबारा बोलते हुए कहा, गजा में, कहीं भी और कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने राजदूतों से पूछा, कल्पना कीजिए कि आप उस स्थिति में फंस गए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हम युद्धविराम और निर्बाध मानवीय पहुंच की मांग कर रहे हैं।

## गजा पर इजरायल के हमलों को रोका जाना चाहिए : मैक्रॉन



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कहा कि गजा पट्टी पर इजरायल के हमलों का कोई कारण या वैधता नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए। श्री मैक्रॉन ने इससे पूर्व मध्य पूर्व के देशों को फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में शामिल होने से रोकने के लिए आर्थिक रूप से समर्थन देने की आवश्यकता बताई। श्री मैक्रॉन ने बीबीसी से कहा, वास्तव में - आज, नागरिकों पर बमबारी की जाती है - वास्तव में। इन बच्चों, इन महिलाओं, इन बूढ़े लोगों पर बमबारी की जाती है और उन्हें मार दिया जाता है। इसलिए इसका कोई कारण नहीं है और कोई वैधता नहीं है। इसलिए हम इजरायल से इसे रोकने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि गजा के लिए मानवीय विराम और युद्धविराम के अलावा कोई अन्य समाधान नहीं है। फिलिस्तीनी समूह हमास ने 07 अक्टूबर को गजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## गजा के अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा'



**गजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि बिजली कटौती के कारण अल शिफा अस्पताल में 39 बच्चों पर 'मौत का खतरा' है। स्थानीय मीडिया ने पहले फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला के हवाले से कहा था कि 39 शिशुओं की मौत हो गई है। बाद के एक बयान में, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शिशुओं को 'मृत्यु का खतरा' है। इससे पहले आई एक रिपोर्ट के मुताबिक गजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आरोप लगाया कि घिरे एन्क्लेव की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा में लगातार बिजली कटौती के कारण अल-शिफा अस्पताल में एक नवजात शिशु की मौत हो गई। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने एक बयान में कहा कि शिशु अस्पताल में समय से पहले जन्मे 37 बच्चों में से एक था। इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप पूरी तरह से बिजली गुल होने के कारण चिकित्सा कर्मचारी पिछले तीन घंटों से इनमें से कुछ बच्चों को मैन्युअल आर्टिफिशियल श्वसन दे रहे हैं। एक महीने से अधिक समय से अल-शिफा अस्पताल सहित गजा पट्टी में किसी भी ईंधन की अनुमति नहीं दी गई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अल-शिफा अस्पताल परिसर के प्रांगण को इजरायल ने निशाना बनाया और परिसर में आग लग गई। अल-शिफा अस्पताल के पास इजरायली हमलों की खबरें आई हैं। कर्मचारी और अधिकारियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें परिसर के आसपास के क्षेत्र में भारी बमबारी दिखाई दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अल-शिफा बमबारी की चपेट में आ रहा है। गजा पट्टी में 20 अस्पताल कार्रवाई से बाहर हैं।

## सुडोकू 6374

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 12 नवम्बर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपके साथ है, इसलिए आज आप समाज और लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपका वैवाहिक और पारिवारिक जीवन संतुष्ट और सुखी रहेगा। आप मित्रों के साथ मौज-मस्ती और रोमांस का आनंद ले सकेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना पड़ेगा। किसी की हंसी उड़ाने से आप परेशान होंगे। गलतफहमी पैदा हो सकती है। मनोरंजन और मौज-शौक के पीछे खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा।

मिथुन - आज का दिन सभी तरह से लाभदायक है। आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। परिजनों के पीछे खर्च भी हो सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह के संयोग बन सकते हैं। नौकरी में आय बढ़ सकती है।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव नहीं करेंगे। सीने में दर्द या जलन जैसी तकलीफ से परेशान रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ संघर्ष हो सकता है।

सिंह - आज आप शारीरिक मानसिक रूप से अस्वस्थ रह सकते हैं। भाइयों के साथ सम्बंध मजबूत बनेंगे। अपने मन के अनुसार काम कर सकेंगे। कोई छोटी यात्रा हो सकती है। आज आपको कोई बड़ा अवसर मिल सकता है।

कन्या - आपको उलझन का अनुभव होगा। मन में नकारात्मक भाव बने रहने से डर बना रहेगा। परिजनों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। गलत खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

तुला - यह समय आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आपकी कलात्मकता और सृजनात्मकता बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। सभी कार्य आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल से आगे बढ़ेंगे।

वृश्चिक - आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। शारीरिक और मानसिक समस्याएं दूर हो सकेंगी। व्यावहारिक उग्रता के कारण बड़ा विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका भी है।

धनु - आज का दिन आपके लिए लाभदायक हो सकेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात बहुत यादगार साबित होगी। मित्रों के साथ घूमने जा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलने से मन खुश रहेगा।

मकर - आज आपके व्यापार में आय तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त होगा। पारिवारिक और संतान सम्बंधी चिंता दूर होगी। संतोष और खुशी मिलेगी। व्यापार में थोड़ा व्यस्त रहेंगे।

कुंभ - आज आप शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव होने से काम करने में उत्साह नहीं रहेगा। अधिकारियों से मनमुटाव होने की संभावना है। मौज-मस्ती या घूमने के पीछे खर्च हो सकता है।

मीन - स्वास्थ्य के विषय में आपको सजग रहना पड़ेगा। बीमारी के कारण खर्च में वृद्धि होगी। काम में थोड़ी कठिनाई आ सकती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## पूर्वी इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकम्प के झटके

**जकार्ता,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में शनिवार को 6.2 तीव्रता का एक और जोरदार झटका आया लेकिन इससे सुनामी नहीं आई। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि स्थानीय समय के अनुसार 03ः45 पर आये 6.2 तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र समुद्र तल पर था। एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मालुकु तेंगारा बारात (तनिंबर द्वीप) जिले से 249 किमी उत्तर पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था। एजेंसी ने कहा कि 5.3 और 5.2 की तीव्रता वाले तीन और मध्यम झटके भी दर्ज किए गए तथा आधी रात के बाद से कमजोर ताकत वाले कई अन्य झटके भी आए हैं। एजेंसी के अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की क्योंकि भूकंप के झटकों से बड़ी लहरें नहीं उठेंगी। बुधवार को मालुकु प्रांत में 7.1 तीव्रता का एक शक्तिशाली मुख्य झटका आया, फिर भी इससे बड़ी लहरें नहीं उठीं या कोई क्षति या हताहत नहीं हुआ। पेसिफिक रिंग ऑफ फायर कहे जाने वाले संवेदनशील भूकंप प्रभावित क्षेत्र पर स्थित होने के कारण, इंडोनेशिया, एक द्वीपसमूह राष्ट्र, अक्सर भूकंप से त्रस्त होता रहा है।



## म्यांमार में संघर्ष के कारण लगभग 90 हजार लोग विस्थापित हुए



50 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा

**नाएप्यीडॉ,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन की सीमा के समीप म्यांमार के शान राज्य में सरकारी बलों और जातीय विद्रोहियों के बीच संघर्ष के कारण लगभग 50 हजार लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जबकि देश के उत्तर-पश्चिम में लगभग 40 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को दी। यह संघर्ष कथित रूप से देश के सशस्त्र बलों द्वारा शान के कोकांग क्षेत्र में सशस्त्र जातीय समूहों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और गोला-बारूद निर्माण व्यवसायों को रोकने की कोशिश से हो रहा है।

गत 27 अक्टूबर को, इन समूहों ने क्षेत्र में तैनात सरकारी बलों पर हमला किया था। ओसीएचए ने एक स्थिति रिपोर्ट में कहा कि नौ नवंबर तक, उत्तरी शान में लगभग 50 हजार लोगों को धार्मिक परिसरों में विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि कई लोग चीन से लगी सीमा की ओर बढ़ गए हैं और अन्य अभी भी पार करने की कोशिश कर रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उत्तरी शान में कई समुदायों के बीच भीषण संघर्ष जारी है, जिसमें तोपखाने से गोलाबारी और हवाई हमले शामिल हैं। ओसीएचए ने यह भी कहा कि लैशियो शहर में टेलीफोन और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चुकी हैं और क्षेत्र के मुख्य हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों का आवागमन और मानवीय सहायता प्रभावित हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर की शुरुआत में उत्तर पश्चिम में भी संघर्ष बढ़ गया है और उत्तर-पश्चिम में सक्रिय संघर्ष होने के कारण लगभग 40,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

## रूस ने पश्चिम के दावों को किया खारिज



■ उ. कोरिया पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने से इनकार

**मास्को,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को इन आरोपों से साफ इनकार किया कि उत्तर कोरिया के साथ रूस का सहयोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (संरासुप) के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उन्होंने पश्चिमी देशों के बार-बार के दावों को भी साफ खारिज किया है कि उत्तर कोरिया कथित तौर पर रुस को हथियार हस्तांतरित कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने सुश्री जखारोवा के हवाले से कहा, रूस और उत्तर कोरिया के बीच 'अवैध' सैन्य-तकनीकी सहयोग के 'सामूहिक पश्चिम' द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और निराधार हैं। रूस सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों सहित अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार है। यह हमें उत्तर कोरिया सहित हमारे पड़ोसियों के साथ दोस्ती और सहयोग के पारंपरिक संबंधों को गहरा करने से नहीं रोकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान, जिन्होंने टोक्यो में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के खिलाफ आरोपों को दोहराया है, के पास कोई जांच शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और उसके 'सैटेलाइट राज्यों' पर यूक्रेन को हथियार पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया।


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**लाड़ली बहनों को ...**

यह 600 रु. है। 100 रु. में 100 यूनिट बिजली देंगे। सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील के साथ नाश्ता भी देने की बात कही है। भोपाल-इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी कमिश्नरेट सिस्टम लागू करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी के चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

संकल्प पत्र के वादे- गेहूं 2700 रु., धान 3100 रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार, आयुष्मान योजना में 5 लाख रु. से ज्यादा खर्च होने पर प्रदेश सरकार खर्च उठाएगी, हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2000 सीटें और जोड़ेंगे, बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना, भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे, जबलपुर और ग्वालियर में कमिश्नर प्रणाली लागू करेंगे, 7500 करोड़ का निवेश, 2 लाख युवाओं को इसमें रोजगार-स्वरोजगार देंगे।

## वर्ग पहेली 6374



**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करने वाला, अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१६. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण-संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों में बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूज्य, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6373



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1781 - अंग्रेजो ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।
1841 - टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।
1847 - ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
1908 - बुलग़ारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1927 - महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।
1930 - लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत।
1936 - केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
1940 - भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमज़द ख़ान का जन्म हुआ।
1946 - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एंव भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हो गया।
1969 - प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस से निष्कासित किया गया।
1974 - दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।
1984 - एक रूपए के ब्रितानी नोट गायब, सिक्के चालू किए गए।
1990 - जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक।
2001 - न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।
2006 - अंतराष्ट्रीय संधि %प्रोटोकॉल ऑन एक्सप्लोसिव रेमनेन्ट्स ऑफ वार% लागू हुई।
2008 - देश का पहला मानव रहित अंतरिक्ष यान चंद्रयान-1 चन्द्रमा की अन्तिम कक्षा में स्थापित हुआ।
2009 - भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के %अतुल्य भारत% अभियान को वल्ड ट्रेवल अवार्ड-2009 से नवाजा गया।

**विरोध** काहिरा की सड़कों से लेकर अम्मान के चौराहों तक विरोध की आवाज

## अरब में शासन व लोगों के बीच खाई को उजागर कर रहा प्रदर्शन



■ अपनी सरकारों के इजरायल के साथ फिर से जुड़ने के विरोध में एकत्रित हुए

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दोहा इंस्टीट्यूट फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में संघर्ष और मानवतावादी अध्ययन के एसोसिएट प्रोफेसर तारिक दाना के अनुसार, अरब दुनिया भर में हो रहे व्यापक विरोध प्रदर्शन शासन की पसंद और उनकी आबादी की भावनाओं के बीच मौजूद खाई की एक ज्वलंत तस्वीर पेश करता है। दाना न्यू अरब में लिखते हैं, काहिरा की सड़कों से लेकर अम्मान के चौराहों तक, मोरक्को और उससे आगे, लोग अपनी सरकारों के इजरायल के साथ फिर से जुड़ने के विरोध में आवाज उठाने के लिए एकत्रित हुए हैं।

लेख में कहा गया है कि सार्वजनिक सक्रियता का यह आधार न केवल अरब शासन और अरब लोगों के बीच असंगति को रेखांकित करता है, बल्कि फिलिस्तीनी मुद्दे के प्रति एक पुनरुत्थान वाली जमीनी स्तर की प्रतिबद्धता का भी संकेत देता है, जो इसे हाशिए पर धकेलने की कोशिश करने वाले ऊपर से नीचे के आख्यान को चुनौती देता है।

दाना ने लिखा, एक दशक से अधिक समय से, मुख्यधारा के टिप्पणीकारों और नीति निर्माताओं ने फिलिस्तीनी मुद्दे को मध्य पूर्व भू-राजनीति की परिधि में धकेल दिया है। जैसे-जैसे ईरान, सऊदी अरब और तुर्की जैसे प्लेयर्स के बीच क्षेत्रीय शक्ति प्रतिस्पर्धा प्रमुखता से बढ़ रही है, और सीरिया, यमन और लीबिया में गृह युद्ध जैसे मुद्दे सुर्खियों में छाए हुए हैं। फिलिस्तीनी संघर्ष को अक्सर प्रतीकात्मक कारणों से महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में देखा गया है, लेकिन व्यावहारिक भू-राजनीतिक गणनाओं के लिए ऐसा कम है।

लेख में कहा गया है, फिलिस्तीनी संघर्ष से खुद को दूर करने के लिए कुछ अरब शासनों की जानबूझकर की गई कार्रवाइयों से इस गलत धारणा को बल मिला है। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात, अब्राहम समझौते के अन्य हस्ताक्षरकर्ताओं के साथ, एक स्पष्ट उदाहरण के रूप में खड़ा है। इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाकर, इन शासनों ने एक राजनीतिक संदेश दिया कि फिलिस्तीन अब अरब एजेंडे या मध्य पूर्व में शांति के केंद्र में नहीं है। इसमें फिलिस्तीनी प्राधिकरण की मिलीभगत भी शामिल है, जो एक भ्रष्ट संस्था है जो अक्सर इजरायल के एजेंडे को लागू करने का काम करती है। इसकी निष्क्रियता और शासन की विफलताओं ने अनजाने में फिलिस्तीनी संघर्ष की अप्रासंगिकता के मिथक को मजबूत किया है, एक प्रतिनिधि निकाय के बजाय एक संस्थागत बाधा के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है।

## दुनिया को जानें

### रूस के लंबी दूरी के परिवहन ड्रोन परीक्षण का पहला चरण पूरा

**मॉस्को,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के लंबी दूरी के परिवहन ड्रोन ट्रांसपोर्ट एविएशन मल्टीफंक्शनल प्लेटफॉर्म (ट्रैम्प ) ने उड़ान परीक्षण का पहला चरण पूरा कर लिया है। रूस की आरआईए नोवोस्ती ने शनिवार को यह जानकारी दी। ट्रैम्प 600 किमी से अधिक दूरी तक 250 किलोग्राम तक माल ले जाने में सक्षम है। इसका जमीनी परीक्षण किया जा रहा है। ड्रोन तीन-ब्लेड वाले प्रोपेलर के साथ मानक इंजन से सुसज्जित है और ग्राउंड टैक्सींग के लिए उपयोग किए जाने वाले तकनीकी के बजाय इसमे मानक लैंडिंग गियर लगा है। ड्रोन की खासियत 2,650 लीटर की मात्रा वाला एक बड़ा कार्गो कंपार्टमेंट है। यह आपको आयामी कार्गो को बोर्ड पर लोड करने की सहूलियत देता है, साथ ही इसे पैराशूट से किसी भी निर्धारित बिंदु पर बिना रुके गिराया सकता है। इस ड्रोन की क्रूज़िंग गति 195 किमी प्रति घंटा है और यह तीन हजार मीटर ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। ट्रैम्प एक क्लासिक हवाई जहाज योजना का एक उड़ने वाला उपकरण है जिसमें ऊंचे सीधे पंख और दो-वी-आकार की पूंछ होती है। इंजन धड़ के सामने वाले हिस्से में लगा है।

# प्रेक्षक ने छुरा तहसील के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले के दोनों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पोड़ के मतदान केंद्र क्रमांक 239, 240, 241 का निरीक्षण किया। इसी प्रकार ग्राम पांडुका के मतदान केंद्र क्रमांक 235, 236, ग्राम सरकड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 230, 231 एवं ग्राम अतरमरा के मतदान केंद्र क्रमांक 123, 124 का निरीक्षण कर वहा मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। इस दौरान जनपद सीईओ अमजद जाफरी, तहसीलदार सतरूपा साहू, नायब तहसीलदार योगेश सिंह राजपूत सहित बूथ लेवल अधिकारीगण मौजूद रहे।



**केन्द्रों में मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का लिया जायजा**

प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी ने मतदान केंद्रों में पहुंचकर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में सुनिश्चित की गई आवश्यक व्यवस्थाओं जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान प्रेक्षक सुश्री चौधरी ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।

# जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर रघुवंशी ने जारी किया परिपत्र

**धमतरी,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने परिपत्र जारी किया है। इन पर्वों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी तहसीलदारों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

**दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़ने 2 घंटे की अवधि निर्धारित**

परिपत्र में कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। फटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रात: 6 बजे से प्रात: 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और नया वर्ष-क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

परिपत्र में यह भी कहा गया है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये है, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा।

# अनाचारी को 20 वर्ष, सहयोगी दंपत्ती को 17 वर्ष की सजा

**महासमुंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 योगिता विनय वासनिक ने एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के अपराध के लिए विजय पिता रमाशंकर गोस्वामी 25 वर्ष निवासी.माझी, थाना.रसुलपुर, सट्टी, जिला.छपरा ;बिहार को 20 वर्ष तथा अपराध में सहयोगी दंपत्ती सन्नी देवल गोस्वामी पिता लक्ष्मण 22 वर्ष व श्रीमती अनिसा देवी पति सन्नी देवल गोस्वामी 20 वर्ष निवासी बरारी थाना.जीबीनगर, तरवारा, जिला.सिवान ;बिहारद्ध को अलग.अलग धाराओं के तहत कुल 17 वर्ष और भूषण पिता काशीनाथ गोस्वामी 30 वर्ष निवासी . केवानीए थाना. गररवाए जिला. सारण ;बिहारद्ध को 5 वर्ष की कड़ी कैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रार्थी ने महासमुंद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्ष 5 माह की नाबालिग पुत्री 25 अप्रैल को शाम 7 बजे बिना बताये कहीं चली गयी है। आसपास पता करने पर उसका पता नहीं चला। गुम इंसान दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई तो पता चला कि उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला.फुसलाकर भगाकर ले जाया गया था। धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच की गई। और 19 दिसंबर 2022 अभियोक्त्री की बरामदगी हुई। बरामदगी के बाद उसने पूछताछ में बताया कि उनके गांव में बिहार के अभीयुक्त सन्नी देवल और उसकी पत्नी अनिशा एवं अन्य लोग काम करने आये थे। दिनांक 25 अप्रैल 2022 को सन्नी देवल और उसकी पत्नी अनिशा उसे बहला.फुसलाकर भगाकर छपरा बिहार ले गए। स्टेशन में सन्नी ने किसी को फोन कर बुलाया। तो वहां विजय आया। सन्नी देवल और अनिशा ने कहा कि विजय अच्छा लड़का है। उससे शादी कर लो। और स्टेशन पर ही अनिशा ने उसकी मांग में सिंदुर भरकर कहा कि आज से विजय ही तेरा पति है। इसके बाद दोनों उसे विजय के पास छोड़कर चले गए। बाद में विजय ने उसे भूषण गोस्वामी के घर पर करीब 7 माह रखा। जहां विजय गोस्वामी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता के कथन पर प्रकरण में धारा 366, 376 (3) 368, 120 बी भादंसं एवं धारा 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध भी जोड़ा गया। और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# प्रेक्षक ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक



**महासमुंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने शनिवार को खल्लारी विधानसभा के 24 सेक्टर अधिकारियों की बैठक जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा कक्ष में ली। बैठक में भीमनवार ने कहा कि प्रत्येक चुनाव में सेक्टर ऑफिसर की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सेक्टर अधिकारी अपने.अपने क्षेत्र की हर गतिविधि की जानकारी रखें। सेक्टर अधिकारी मतदान तथा मतगणना के समय समस्त कार्यवाहियों में समन्वय करते हैं। मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की भी उन पर भी जिम्मेदारी होती है। निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सेक्टर अधिकारी चुनाव की हर प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरुप ही निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर रिपोर्ट के अनुसार अपनी तैयारी कर लें। सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों के कार्य व दायित्व, मतदान प्रक्रिया की जानकारी और ईवीएम मशीनों के सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी के सम्बंध के बारे में भी जानकारी ली।। बैठक में खल्लारी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, जनपद सीईओ एवं सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद थे।

# बंग समाज का काली पूजन उत्सव आज से



**महासमुंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के सिटी स्पोर्ट क्लब में बंग समाज द्वारा आयोजित महाकाली पूजा के लिए तैयारियां शुरू हो गई है इसके लिए भव्य पंडाल लगाए जा रहे हैं। प्रथम दिवस यहां पर स्थापना का कार्यक्रम होगा जिसमें से मन से प्रतिमा लाई गई है इसी स्थापित किया जाएगा वहीं कोलकाता से ढाँकि वादकों की एक विशेष टीम आएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा पूजन करने वाले पुरोहित भी कोलकाता से ही आएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक सिटी स्पोर्ट्स क्लब में विगत 26 वर्षों से काली पूजा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजन का 27 वां वर्ष है। दीपावली पर स्थानीय नागरिकों और बंग समाज के संयोजन में शानदार तीन दिवसीय काली पूजा उत्सव का आयोजन किया जाता है। त्योहार पर इस आयोजन में पूरा शहर जुटता है। दीवाली पर यह स्थल लोगों से मेल.मुलाकात] भक्ति संगीत का अनूठा केंद्र रहता है। आयोजन समिति की ओर से सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार भी माना रायपुर से मां काली की प्रतिमा मंगाई जा रही है। 12 अक्टूबर को देर रात तक मां काली की पूजा.अर्चना प्रारंभ होगी। वहीं 13 अक्टूबर को द्वितीय दिवस बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या तथा बंग समाज के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।इसके अलावा तीसरे दिन बजे गाजे के साथ शाम 5 बजे से विसर्जन यात्रा निकलेगी। समिति के समाज संदीप घोष के अनुसार मां काली की पूजा का आयोजन 25 वर्ष पूर्व स्थानीय बंगाली समाज द्वारा प्रारंभ किया गया था। दीपोत्सव के त्योहार पर शहर का यह एकमात्र आयोजन धीरे.धीरे शहर का आयोजन हो गया। घरों में लक्ष्मी पूजा कर देर शाम यहां लोगों की पहुंचते हैं। भाईदूज की शाम भव्य शोभायात्रा के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। दीवाली में गौरा.गौरी पूजन, राउत नाच, सुआ नृत्य के साथ अब काली पूज भी शहर की परंपराओं और उत्सव से जुड़ गई है। तीन दिवसीय आयोजन का लोग भरपूर लाभ लेते हैं। गांव से आकर शहर में बसें लोगों को यह आयोजन त्योहार में उन्हें शहर से जोड़कर रखने में बड़ा ही मददगार

# दो दिवसीय ईशर गवरा विवाह उत्सव आज से, बारात व कलश यात्रा भी निकलेगी

**महासमुंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्यौहार के अवसर पर शिव मंदिर के पास अयोध्या नगर में ईशर गवरा विवाह उत्सव 12 नवंबर से आयोजित किया गया है। दो दिवसीय उत्सव का विसर्जन 13 नवंबर को किया जायेगा। इस संबंध में ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों ने विज्ञप्ति में बताया कि प्रथम सत्र में ईशर गवरा सृजन हेतु मिट्टी लाने का कार्यक्रम होगा। पूजन हेतु मिट्टी महामाया तालाब से 12 नवंबर सुबह 10 बजे लायी जायेगी। द्वितीय सत्र में बारात व कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा 12 नवंबर को ही रात्रि 9 बजे समाज के कमलेश ध्रुव के निवास से निकाली जायेगी। तथा तृतीय सत्र में विसर्जन कार्यक्रम हेतु सुबह 7 बजे तय किया गया है। समिति ने बताया कि ईशर राजा की बारात कमलेश सोरी के निवास से प्रस्थान कर मनराखन नेताम के निवास पर स्वागत व गवरा माता का विवाह नवनिर्मित ईशर गवरा चबूतरा में होगा। समिति ने नगर वासियों, सामाजिक जनों को विवाह पूजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह झाखरपारा में लेंगे चुनावी सभा 14 को

**गरियाबंद,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह 14 नवंबर को जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम झाखरपारा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा लेंगे। पूर्व सीएम के आगमन को लेकर भाजपा तैयारियो में जुट गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 14 नंवबर को जिले के देवभोग विकासखंड के झाखरपारा में आमसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। जो कि हेलीकाप्टर से सुबह 11:45 बजे झाखरपारा पहुँचेंगे।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **ANOOP KUMAR PANDEY**

**Add: 41 ARYA NAGAR DURG (C.G.)**

Name of political party: **INDEPENDENT**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election: **STATE ASSEMBLY, CHHATTISGARH**

*Name of Constituency: **DURG CITY - 64**

I **ANOOP KUMAR PANDEY** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | SHIVANI SINGH T. M. F. C. DURG (CG) | 4609 / 2019 24/11/23 | FOR EVIDENCE | U/S 420,34 IPC CASE OF FRAUD HAS BEEN REGISTERED AND CASE IS PENDING |

**(B) Details about cases of convection for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| - NA - | - NA - | - NA - | - NA - |

***In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.**

समस्त छत्तीसगढ़ वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

सीता गृह उद्योग

झाड़ू, पत्तल, हार्डवेयर, सेनेटरी वेयर, बाथरूम सामग्री, ब्रश इत्यादि के थोक व चिल्हर विक्रेता एवं झाड़ू, पोछा, पेपर गिलास थाली के थोक विक्रेता

कुन्दन भक्त

मो. 99937-34467
मो. 98264-13778
मो. 98271-67800

पता- डुमरतराई एवं गुढ़ियारी डागा फटाका दुकान के बाजू
सीता गृह उद्योग
गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.)

**MOTILAL OSWAL HOME LOANS**

**मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025, फोन : (022) 47189999
वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, bZ&esy % hfquery@motilaloswal.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति/यों के लिए)**

**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के तहत)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में एस्पायर होम फाइनैंस कार्पोरेशन लि. के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित तिथि को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदारों से सूचना में और यहां नीचे भी वर्णित बकाया राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

निम्नलिखित कर्जदार बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा निम्नलिखित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा यहां नीचे वर्णित तिथि को ले लिया है :

| क्र. सं. | ऋण अनुबंध सं./कर्जदार/ सह-कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक सम्पत्ति/यों का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LXRAI00217-180062607 राजेश बृज लाल सोनी एवं जितेन्द्र सोनी | 10-08-2023 हेतु रु. 11,11,862/- | 08-11-2023 | केएच नंबर 1009 तथा 1025 का भाग, पीएच नंबर 11/21, ग्राम चिन्दौली, आरएनएम-पटेवा, तहसील/जिला महासमुंद, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 493445 |

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा इस सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और इस सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड की उपरिवर्णित मांग राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थान : छत्तीसगढ़
तिथि : 12-11-2023

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
(मोतीलाल ओसवाल होम फाइनैंस लिमिटेड)

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील खोरपा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ग्राम रवेली प.ह.नं. 01
रा.प्र.क्र. 202310111100060/
अ-6 ( अ )/ वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजाराम पटेल पिता श्री सदाराम पटेल निवासी रवेली उपतहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम रवेली पटवारी हल्का नंबर 01 उपतहसील खोरपा स्थित भूमि ख.नं. 939, 1094/1 रकबा क्रमशः 1.000, 0.050 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है वर्तमान राजस्व अभिलेख में राजाराम पिता श्री सदाराम के नाम पर त्रुटिवश दर्ज है जिसे सुधार कर श्री राजाराम पटेल पिता श्री सदाराम पटेल दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) अभनपुर के समक्ष पेश किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 08.12.2023 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 06.11.2023 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, उप तहसील खोरपा

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील खोरपा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02
रा.प्र.क्र. 202301011590027/
अ-6 वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र गंडेचा पिता श्री यशवंत लाल गंडेचा निवासी व्ही 03 क्षितिज अपार्टमेंट टिम्बर मार्केट फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम जुलुम प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 486/4 रकबा 0.53 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में जयंती लाल गणत्रा पिता श्री नटवर लाल गणत्रा के नाम पर दर्ज है। खातेदार जयती लाल गणत्रा द्वारा उक्त भूमि को आवेदक जितेन्द्र गंडेचा पिता श्री यशवंत लाल गंडेचा के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19.10.2016 को निष्पादित किया गया है। नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। खातेदार/वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 23.07.2022 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधारपर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त आवेदन आरडी 202223441627400001 सीरिज में दर्ज किया गया किन्तु साक्ष्य की आवश्यकता होने के कारण प्रकरण न्यायालय के ई-कोर्ट में दर्ज किया गया। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 07.12.2023 तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 08.11.2023 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, उप तहसील खोरपा

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00086 रावांभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-630470911 2023032

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00086 के अंतर्गत ग्राम रावांभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी प्रियांशी शादिजा पिता/पति विकास शादिजा पता शादिजा कम्पाउंड अवंति विहार शंकर नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 510/6 0.0412 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कमल रामानी पिता/पति स्व. गोपीचंद रामानी पता बी/14 श्री कृष्णा लैण्डमार्क कोटा रोड रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, धरसींवा

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील खोरपा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00006 खट्टी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2022234416 28100005

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00006 के अंतर्गत ग्राम खट्टी के वर्तमान भूमिस्वामी बिरझा बाई पिता/पति स्व. सुंदरलाल पता खट्टी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 87 1.2700 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता धनंजय पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार साहू पता खट्टी, शशिदेवी साहू पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार साहू पता खट्टी, लछकुमार साहू पिता/पति स्व. सुंदर लाल साहू पता परसदा, तेजराम पिता/पति स्व. आशादेवी पता खट्टी, लक्ष्मी साहू पिता/पति स्व. सुंदर लाल साहू पता परसदा, छलेन्द्री पिता/पति स्व. आशादेवी पता खट्टी, नंदनी साहू पिता/पति स्व. सुंदर लाल साहू पता परसदा, ललित पिता/पति स्व. आशादेवी पता खट्टी, नवनीत कुमार पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार साहू पता खट्टी, सुनीता साहू पिता/पति स्व. आशादेवी पता खट्टी, देविका पिता/पति स्व. नरेन्द्र कुमार साहू पता ग्राम खट्टी, प्यारे लाल साहू पिता/पति स्व. सुंदर लाल साहू पता ग्राम परसदा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.11.2923 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अभनपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD SOHAIL S/O MOHAMMAD ASIF MAMDHANI resident of 45/203 SADAR BAZAR VOTER GALI RAIPUR (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD SOHAIL S/O MOHAMMAD ASIF MAMDHANI so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD SOHAIL MAMDANI S/O MOHAMMAD ASIF MAMDHANI in all Government and other documents.

**MOHAMMAD SOHAIL MAMDANI**
45/203 SADAR BAZAR VOTER GALI RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PAWANDEEP BENIPAL W/O HARDEEP SINGH BENIPAL resident of H.NO. 25 B-4, UDAYA SOCIETY, TATAIBANDH, RAIPUR (C.G.) have changed my old name PAWANDEEP BENIPAL W/O HARDEEP SINGH BENIPAL so in future I should be recognized by my new name that is PAWANDEEP KAUR BENIPAL W/O HARDEEP SINGH BENIPAL in all Government and other documents.

**PAWANDEEP KAUR BENIPAL**
H.NO. 25 B-4, UDAYA SOCIETY, TATAIBANDH, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MADDU ANANT RAO S/O MADDU JAGANNATH resident of LIG-, 2/403, 32 ACRES, NEAR AMRAPALLI VANANCHAL CITY, HOUSING BOARD I E BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490026 have changed my old name MADDU ANANT RAO S/O MADDU JAGANNATH so in future I should be recognized by my new name that is ANANT RAO MADDU S/O MADDU JAGANNATH in all Government and other documents.

**ANANT RAO MADDU**
LIG-, 2/403, 32 ACRES, NEAR AMRAPALLI VANANCHAL CITY, HOUSING BOARD I E BHILAI, DISTT.-DURG (C.G.) 490026

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJENDRA YADAV S/O LT. BHAJAN LAL YADAV resident of QUARTER NO:- 2/A , STREET NO:- 15 , SECTOR-07, BHILAI NAGAR , DISTT- DURG, (C.G.) 490006 have changed my old name RAJENDRA YADAV S/O LT. BHAJAN LAL YADAV so in future I should be recognized by my new name that is RAJENDRA NATH YADAV S/O LT. BHAJAN LAL YADAV in all Government and other documents.

**RAJENDRA NATH YADAV**
QUARTER NO:- 2/A , STREET NO:- 15 , SECTOR-07, BHILAINAGAR , DISTT- DURG, (C.G.) (490006)

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## रूप चतुर्दशी पर देश में लगभग 15 हजार करोड़ रुपए के सौंदर्य प्रसाधन की बिक्री

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। कोविड के बाद यह पहला साल है जब लोग बिना किसी बीमारी के भय के दिवाली का त्योहार मनायेंगे और यही वजह है कि इस बार बाज़ारों में ग्राहकों की रौनक़ देखने को मिल रही है और दिल्ली सहित देश के सभी बाज़ारों में बड़ा व्यापार हो रहा है।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) की ओर से पूर्व में जारी एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष दिवाली के त्योहारों के सीजन में लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का आकलन किया गया था, जो निश्चित रूप से पार होता दिख रहा है। दिवाली त्योहारों की कड़ी में आज देश भर में रूप चतुर्दशी मनायी जा रही है और इस दिन सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदने की बड़ी मान्यता है। महिलायें आज के दिन अन्य वस्तुओं के अलावा विशेष रूप से ब्यूटी कास्मेटिक्स एवं अन्य सौंदर्य प्रसाधन ख़रीदती हैं। कैट के मुताबिक़ आज देश भर में लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपये के ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड सौंदर्य प्रसाधन की



बिक्री हुई । इसके अतिरिक्त आज बड़ी मात्रा में कुम्हारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीये, मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति, वन्दनवार, शुभ लाभ के चित्र, कृतिम फूलों की लड़ी, श्री लक्ष्मी जी के शुभ पैरों के प्रत्येक चिह्न के चित्र आदि भी ख़रीदे जायेंगे।

एक अनुमान के अनुसार देश भर में आज लगभग दो हज़ार करोड़ रुपये के इन सामानों की बिक्री हुई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दिवाली 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान के बाद इन वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफ़ा हो रहा है। कल देश भर में दिवाली पूजा तथा घरों को सजाने के लिए फल एवं फूलों का बड़ा कारोबार होगा। कल देश में लगभग पांच हज़ार करोड़ रुपये के फूल बिकेंगे। इन फूलों में ख़ास तौर पर कमल का फूल, गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, मोगरा, कनेर, गोदावरी और चमेली की ज़्यादा बिक्री होती है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली तथा देश भर में व्यापारी कल अपनी दुकानों पर दिवाली की पूजा करेंगे और ग्राहकों के ख़रीदी व्यवहार को देखते हुए टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुये इस बार व्यापारियों द्वारा दिवाली पूजा में बायोमेट्रिक मशीन, पेमेंट उपकरण एवं मोबाइल फोन से लगने वाले एयर पॉड की भी पूजा की जायेगी। पुरातन रूप से श्री गणेश जी, श्री लक्ष्मी जी, श्री कुबेर जी और श्री हनुमान जी के अलावा लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, की भी पूजा होगी और व्यापार में वृद्धि की कामना की जायेगी।

कैट की ज्योतिष एवं वैदिक समिति के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि कल दिवाली पूजा के अनेक मुहूर्त हैं । उन्होंने बताया कि कल दीपावली पर लक्ष्मी पूजन प्रातः 08:1 से 12:11 तक, दोपहर 1:34 से 2:57 तक, शाम 5:44 से 10:34 तक तथा अर्धरात्रि में 1:48 से 3:24 तक के समय में किया जा सकता है।

## कोको की कीमतें 1978 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंची



**न्यूयॉर्क,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में शुक्रवार को कोको की कीमतें 4,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गईं हैं, जो 1978 के बाद सबसे अधिक है। बताया जा रहा है कि पश्चिम अफ्रीका में खराब फसल की वजह से इस सप्ताह कीमतों में तेजी आई है।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, यह जोखिम भी बढ़ रहा है कि अल नीनो-प्रेरित मौसम की गड़बड़ी के कारण दुनिया का कोको बाजार तीसरे वर्ष घाटे में डूब सकता है।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, दुनिया के सबसे बड़े कोको उत्पादकों में से कुछ आइवरी कोस्ट और घाना में फसल की पैदावार कम हो रही है, जिससे आपूर्ति कम हो गई है, इसलिए उच्च कीमतों का समर्थन किया जा रहा है।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, एडीएम इन्वेस्टर सर्विसेज इंक के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा, बाजार इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि 2023/24 के लिए आपूर्ति घाटे से बचने के लिए उत्पादन में पर्याप्त सुधार होगा।

न्यूयॉर्क में कोको वायदा 1 प्रतिशत बढ़कर 45 वर्षों में पहली बार 4,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर पहुंच गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में ओरियो-मेकर मोंडेलेज़ इंटरनेशनल ने कहा कि कोको और चीनी की बढ़ती कीमतों के कारण उसे अपने कुछ उत्पादों की कीमतें बढ़ानी होंगी।

जीरो हेज की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच अप्रैल में ग्लोबल कमी की आशंका के कारण चीनी की कीमतें एक दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। और इन्वेंट्री के 24 साल के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अरेबिका कॉफी की कीमतें बढ़ने वाली हैं।

## सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का नवंबर में भी रुकने का संकेत नहीं

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (आईएएनएस)। सितंबर में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का रुझान अक्टूबर में भी जारी रहा और नवंबर में भी इसके रुकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, हालांकि इस महीने बिकवाली की तीव्रता में कमी आई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये बात कही है।

एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, 10 नवंबर तक एफपीआई ने 5,805 करोड़ रुपये की बिकवाली की। दूसरी तिमाही के शानदार नतीजों और बेहतर संभावनाओं के बावजूद एफपीआई ने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली जारी रखी है।

उन्होंने कहा कि अनिश्चितता के इस समय में, एफपीआई जोखिम-मुक्त अमेरिकी बांड यील्ड की तलाश कर रहे हैं, जहां 10-वर्षीय यील्ड लगभग 4.64 प्रतिशत है।

वित्तीय क्षेत्र में एफपीआई की निरंतर बिकवाली ने बैंकिंग शेयरों के मूल्यांकन को आकर्षक बना दिया है। यह दो साल और उससे अधिक वाले निवेशकों के लिए एक अवसर है।

आम चुनावों से पहले शेयर बाजार में तेजी की संभावना है जैसा कि पिछले पांच आम चुनावों के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रमुख बैंकिंग शेयरों में रैली में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता है।

## एलजी एनर्जी सॉल्यूशन व फोर्ड ने की ईवी बैटरी प्लांट की योजना रद्द

**सियोल,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की शीर्ष बैटरी निर्माता एलजी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड (एलजीईएस) ने शनिवार को कहा कि फोर्ड मोटर के साथ तुर्की में बैटरी प्लांट बनाने की उसकी योजना रद्द कर दी गई है, क्योंकि एक तुर्की भागीदार ने परियोजना में अपनी भागीदारी वापस ले ली है।

फरवरी में, एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने तुर्की की राजधानी अंकारा के पास एक शहर बास्केंट में ईवी बैटरी बनाने के लिए एक संयुक्त उद्यम पर जोर देने के लिए फोर्ड और तुर्की के कोक होल्डिंग के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कोक ने ईवी अपनाने पर विचार करने और बैटरी निवेश के लिए अनुचित समय का हवाला देते हुए अपनी भागीदारी रद्द




करने का फैसला किया।

उनका निर्णय इस बढ़ती चिंता के बीच आया कि आर्थिक मंदी और बढ़ती लागत के बीच ईवी की मांग कम हो सकती है। एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने उस समय कहा था कि कारखाने की शुरुआत में 2026 में 25 गीगावाट घंटे (जीडब्ल्यूएच) की उत्पादन क्षमता होगी, इससे पहले कि इसका वार्षिक उत्पादन 45 गीगावॉट तक विस्तारित हो।

प्लांट से उत्पादन फोर्ड को उसके वाणिज्यिक वाहनों, ज्यादातर ट्रांजिट वैन के इलेक्ट्रिक संस्करण के लिए आपूर्ति किया जाना था। फोर्ड और कोक का तुर्की में एक संयुक्त उद्यम है, जो सालाना 450,000 वाणिज्यिक कारों का उत्पादन करता है, और उनमें से अधिकांश यूरोप में बेची जा रही हैं।

एलजी एनर्जी सॉल्यूशन ने कहा कि तुर्की ईवी बैटरी परियोजना के रद्द के बाद फोर्ड को बैटरी की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बैटरी निर्माता एलजीईएस की वैश्विक उत्पादन क्षमता 200 गीगावॉट प्रति वर्ष है, इसके वैश्विक उत्पादन स्थल छह देशों में चल रहे हैं। 2022 के अंत तक, इसका ऑर्डर बैकलॉग 385 ट्रिलियन वॉन (294.8 बिलियन डॉलर) था।

## सार संक्षेप

### बीएसई ने दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 4 गुना उछाल दर्ज किया

**मुंबई।** देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा चार गुना बढ़कर 118.4 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में एक्सचेंज ने 29.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई के एक बयान के अनुसार, इस साल दूसरी तिमाही में स्टॉक एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 240 करोड़ रुपये था। इक्विटी सेगमेंट में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार दूसरी तिमाही में बढ़कर 5,922 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 4,740 करोड़ रुपये था। बीएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुंदररमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे। इस तरह शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक विकास करेंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे।

### धनतेरस पर हुई जमकर खरीददारी, दो हजार करोड़ का कारोबार

**नोएडा।** नोएडा में इस बार धनतेरस पर लोगों ने जमकर खरीदारी की है। सोना चांदी, बर्तन, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, वाहनों की बिक्री और प्रॉपर्टी में भी लोगो ने जमकर इन्वेस्ट किया। अनुमान के मुताबिक दो दिनों में करीब 2000 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। ये पिछले साल से दो गुना है। बताया गया कि पिछले साल तक कोरोना का इफेक्ट्स बाजार पर दिखा था। लेकिन इस बार त्योहार पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे है। बीती रात करीब 1-00 बजे तक सभी मार्केट खुला रहे और लोगों ने जमकर खरीदारी की। मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के चलते लोग आराम से शॉपिंग कर रहे थे। शात तक शहर बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। जुलरी शॉप से लेकर कपड़े और सजावटी समानों पर जमकर लोगों की भीड़ रही। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के दिल्ली-एनसीआर संयोजक और सेक्टर 18 मार्केट एसोसिएशन नोएडा के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि कुल कारोबार में फूड और किराना की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत रह सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत रहने की संभावना है। गारमेंट सेक्टर में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हो सकती है। इसके अलावा ऑटो मोबाइल सेक्टर में लोगों के चेहरे खिले दिखे। इस बार धन तेरस पर करीब दो हजार वाहनों की डिलवरी कराई गई। इसमें 1100 दोपहिया और 900 चार पहिया वाहन शामिल है। इसमें एक करोड़ रुपए से ज्यादा करीब 25 लग्जरी कार भी शामिल है। जिनका रजिस्ट्रेशन एआरटीओ में हुआ। इस बार दो दिनों में ग्रोसरी की हिस्सेदारी 300 करोड़ रुपए हो सकती है। आभूषण की हिस्सेदारी 200 करोड़ रुपए, परिधान क्षेत्र की हिस्सेदारी 150 करोड़ रुपए होने की संभावना है। 100 करोड़ ड्राई फरूट के हो सकते हैं।


## टेक फर्म्स और स्टार्टअप्स ने 2023 में अब तक लगभग 2.5 लाख कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। वैश्विक प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप सेक्टर में इस साल अब तक लगभग 2.5 लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। टेक सेक्टर में छंटनी पिछले दो साल से लगातार जारी है। वेबसाइट ले ऑफ्स द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, लगभग 1,106 टेक कंपनियों ने (11 नवंबर तक) 248,974 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है।

पिछले साल 1,024 टेक कंपनियों ने कुल 154,336 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। वैश्विक आर्थिक स्थितियों का हवाला देते हुए, बिग टेक फर्मों और स्टार्टअप्स ने कर्मचारियों को निकाला है।

पिछले दो वर्षों में हर दिन औसतन लगभग 555 कर्मचारियों ने अपनी नौकरियां खो दीं - या हर घंटे 23 कर्मचारी। अकेले जनवरी में 89,554 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया।

रिटेल टेक और कंज्यूमर टेक में इस साल सबसे अधिक कर्मचारियों की छंटनी हुई है। 2023 अभी ख़त्म नहीं हुआ है। बाकी बचे महीनों में और अधिक छंटनी होना तय है। इस



महीने कई टेक और गेमिंग कंपनियों ने कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

फ्रांसीसी वीडियो गेम कंपनी यूबीसॉफ्ट, जिसने असैसिन्स क्रीड और फार क्राई जैसी लोकप्रिय फ्रेंचाइजी निकाली, ने कॉर्पोरेट पुनर्गठन के हिस्से के रूप में लगभग 124 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

गेम डेवलपमेंट सॉफ्टवेयर कंपनी यूनिटी ने घोषणा की है कि वह लागत-बचत उपायों के हिस्से के रूप में छंटनी कर सकती है। स्नैपचैट

- **पिछले साल 1,024 टेक कंपनियों ने कुल 154,336 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था**
- **पिछले दो वर्षों में हर दिन औसतन लगभग 555 कर्मचारियों ने अपनी नौकरियां खो दीं**

की मूल कंपनी स्नैप ने सोशल मैसेजिंग कंपनी को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में प्रोडक्ट मैनेजमेंट विभाग से लगभग 20 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

मल्टी-क्लाउड एप्लिकेशन सुरक्षा और डिलीवरी में वैश्विक अग्रणी यूएस-आधारित एफ5 ने कथित तौर पर इस महीने 120 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

वैश्विक संचार कंपनी वायासैट 800 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है, जो उसके कार्यबल का लगभग 10 प्रतिशत है। अमेरिका स्थित साइबर सुरक्षा कंपनी स्प्लंक ने अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की है।

## पाकिस्तान का शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर पर

**कराची,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) ने एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए 55,000 के स्तर को पार कर लिया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को बेंचमार्क के केइसई -100 इंडेक्स 55,506.32 अंक पर पहुंच गया। एक्स पर आरिफ हबीब लिमिटेड के अनुसार, केएसई-100 इंडेक्स 55,000 के स्तर को पार कर अब तक के उच्चतम स्तर पर है। आरिफ हबीब लिमिटेड (एएचएल) के शोध प्रमुख ताहिर अब्बास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पहली समीक्षा में सफलता मिलने की उम्मीदों ने बाजार को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, अपेक्षित मौद्रिक नरमी के साथ-साथ मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में बढ़ोतरी और बाजार के अब तक के उच्चतम स्तर पर होने के बावजूद आकर्षक मूल्यांकन स्थानीय शेयर बाजार में निवेशकों के सेंटीमेंट्स




को बढ़ा रहा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इंटरमार्केट सिक्योरिटीज के इक्विटी प्रमुख रजा जाफरी ने कहा कि मजबूत घरेलू संस्थागत खरीदारी और पाकिस्तान इन्वेस्टमेंट बॉन्ड (पीआईबी) की रीटर्न में कमी के कारण केएसई-100 लगातार नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, आईएमएफ की चल रही समीक्षा अगली अहम् चेकपॉइंट है। गुरुवार के 482.7 मिलियन की तुलना में कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम बढ़कर 640.8 मिलियन शेयर हो गया।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना और दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और **चावल :** 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।


## अमेरिका से छिन सकता है मूडीज एएए क्रेडिट रेटिंग

**न्यूयॉर्क,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस द्वारा देश के ऋण परिदृश्य को नकारात्मक में बदलने के बाद अमेरिका अपनी परफेक्ट क्रेडिट रेटिंग खोने के एक कदम और करीब पहुंच गया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि इस कदम यह मतलब नहीं है कि इससे देश की साख अपने-आप कम हो जाएगी, लेकिन इससे ऐसा होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रेटिंग में गिरावट की संभावना भी अमेरिकियों के निवेश पोर्टफोलियो को नुकसान पहुंचा सकती है, उनके लिए पैसा उधार लेना तथा सरकार के लिए अपने कर्ज का भुगतान करना और भी महंगा हो सकता है।

यदि मूडीज़ अंततः अमेरिकी



ऋण साख को कम करता है तो ये प्रभाव और भी अधिक दर्दनाक होंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मूडीज ने एक बयान में कहा कि वाशिंगटन में अत्यधिक पक्षपात के कारण देश की कम होती राजकोषीय ताकत इस कार्रवाई की मुख्य वजह थी।

बयान में कहा गया है, उच्च ब्याज दरों के संदर्भ में सरकारी खर्च को कम करने या राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी राजकोषीय नीतिगत उपायों के बिना, मूडीज को उम्मीद है कि अमेरिका का राजकोषीय घाटा बहुत बड़ा रहेगा, जिससे ऋण सामर्थ्य काफी कमजोर हो जाएगा।

अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अन्य कारकों के अलावा, अमेरिकी राजकोष की तरलता का हवाला देते हुए इस कदम को पीछे धकेल दिया।

अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली एडेइमो ने एक बयान में कहा, हम दृष्टिकोण में बदलाव कर नकारात्मक करने से असहमत हैं।

इसमें कहा गया है, अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, और ट्रेजरी प्रतिभूतियां दुनिया की प्रमुख सुरक्षित और तरल संपत्ति हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से सिर्फ मूडीज ही वर्तमान में अमेरिका को एएए की उत्कृष्ट रेटिंग प्रदान किये हुये है, जिसे उसने 1917 से बनाए रखा है।

स्टैंडर्ड एंड पूअर्स ने ऋण सीमा गतिरोध के बाद 2011 में पहली बार अमेरिका की रेटिंग घटाई थी।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हालिया ऋण सीमा बहस के बाद फिच रेटिंग्स ने भी इस साल अगस्त में अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटा दी थी।

## तेलुगु सिनेमा के दिग्गज चंद्र मोहन का निधन

**हैदराबाद।** तेलुगू सिनेमा के दिग्गज अभिनेता चंद्र मोहन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया है। तेलुगु सिनेमा के सितारों चिरंजीवी, एनटीआर जूनियर, साई धर्म तेज ने चंद्र मोहन 'गारू' के निधन पर शोक व्यक्त किया। ग्लोबल स्टार एनटीआर जूनियर, जो एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' की सफलता के बाद ग्लोबल सेसेंशन बन गए हैं, ने अपने एक्स पर तेलुगु में लिखा कि कई दशकों तक फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले चंद्र मोहन गारू की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुखद है। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और उनकी आत्मा को शांति मिले। मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी संवेदना व्यक्त की और एक भावनात्मक नोट लिखा, यह जानकर बहुत दुख हुआ।

# दीपोत्सव के पहले अयोध्या में बारिश की बौछार





■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले कई महीने से हो रहे निर्माण कार्यों के चलते रामनगरी धूल धूसरित थी। सुबह आसमान बादलों से ढका था तो लगा की कहानी दीपोत्सव में बारिश खलल न डाल दे। इसे दुर्लभ या ईश्वरी संयोग ही कहा जाएगा की मर्यादा पुरुषोत्तम राम के वनवास से अयोध्या लौटने पर मनाए जा रहे दिव्य दीपोत्सव की चिंता इंद्र देवता को भी थी। उन्होंने शहर में अन्य स्थानों पर तेज लेकिन राम की पैड़ी पर फुहार बरसाया।

सुबह जब बारिश शुरू हुई तो अवध विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ सभी वॉलिंटियर्स की भी धड़कनें बढ़ गई लेकिन अयोध्या कोतवाल बजरंगबली हनुमान ने भी कमान संभाल लिया। प्रभु कार्य में दखल कैसे पड़ने देते। सो बीछे दीयों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आज हनुमान जयंती भी है। बारिश के वक्त पैड़ी पर मौजूद वॉलिंटियर्स सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव, साक्षी सिंह, सोनाक्षी सिंह, अंकिता सिंह, अमित सिंह, राजेश पांडे एडवोकेट ने इसे बजरंगबली की महिमा ही बताया है। न तो दीया भीगा और ना ही बाती। रामनगरी की धूलधूसरित सड़कें स्वच्छ हो गई और मौसम खुशनुमा बन गया।

### दीपोत्सव पर पहुंची पदम भूषण से सम्मानित अभिनेत्री आशा पारिख

सातवें दीपोत्सव पर रामकथा पार्क में आयोजित भव्य राम राज्याभिषेक समारोह में राज्य अतिथि के रूप पदम भूषण से सम्मानित प्रख्यात अभिनेत्री आशा पारिख भी पहुंची है। वह राज्याभिषेक और दीपोत्सव कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। मंच के उद्घोषक ने बताया कि प्रख्यात अभिनेत्री आशा पारिख राज्य अतिथि के रूप दिव्य दीपोत्सव की साझी बन रही हैं। वह पहली बार अयोध्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष आमंत्रण पर आईं हैं और दीपोत्सव तक मौजूद रहेंगी।

### दीपोत्सव से पहले निकली भगवान राम की शोभायात्रा

दीपोत्सव से पहले भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग नजर आए। अयोध्या में भगवान राम की शोभायात्रा की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें रामायण के कई पात्रों के देखा जा सकता है।

### ब्रजेश पाठक ने दी बधाई

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दीपोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आज एक नया रिकॉर्ड बनाया जाए। 50 देशों के राजदूत भी यहां पहुंच रहे हैं। सभी प्रदेशवासियों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है. अगर पटाखे जलाते वक्त कोई घटना होती है तो सभी को सतर्क रहने को कहा गया है।

### डिप्टी सीएम ने दी देशवासियों को बधाई

अयोध्या दीपोत्सव को लेकर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या के लिए ये दीपोत्सव खास महत्व रखता है, क्योंकि अगले वर्ष की शुरूआत 22 जनवरी 2024 को साढ़े पांच सौ साल बाद भगवान रामलला अपने जन्मस्थान पर विराजमान होंगे। आज दीपोत्सव पर प्रदेशवासियों, देशवासियों की ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के राम भक्तों की नजर है। सभी रामभक्तों को दीपावली की शुभकामनाएं।

## पगड़ी और माला पहना कर किया गया संतों का सम्मान

रामकथा पार्क में आयोजित भगवान श्रीराम के राजतिलक समारोह के दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, मंत्री राकेश सचान, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश विश्राम द्वारा रामकथा पार्क में मौजूद संतों और महतों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। संतों को योगी सरकार की ओर से दक्षिणा भी प्रदान की गई। संतों का सम्मान करीब 30 मिनट चला। संत दीर्घा में पहुंच कर सभी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे प्रभु श्रीराम, माता सीता व भइया लक्ष्मण

■ मुख्यमंत्री योगी, राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने किया भव्य स्वागत, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

■ योगी ने आरती कर किया प्रभु का वंदन-अभिनंदन, किया प्रतीकात्मक राजतिलक





**लखनऊ/ अयोध्या,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। 14 वर्ष वनवास के बाद भगवान राम, माता सीता और भइया लक्ष्मण पुष्पक विमान से अपनी अयोध्या लौट आए। यहां भरत और शत्रुघ्न ने गले लगकर भाइयों का स्वागत किया। यह नयनाभिरामी दृश्य शनिवार को अयोध्या में जिसने भी देखा उसके नयन छलक उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पुष्पक विमान से उतरने के बाद भगवान राम, सीता और लक्ष्मण जी का स्वागत किया। वहीं हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। अपने राम को देख समूची अयोध्या प्रफुल्लित हो उठी।

हेलीपैड से भगवान श्रीराम, माता जानकी, तीनों भाई, बजरंगबली एवं गुरु वशिष्ठ के साथ रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क स्थित कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े। जिस रथ पर प्रभु अपनी भार्या और भइयों के साथ सवार थे, उसे स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खींच रहे थे।

रामकथा पार्क पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरती उतारकर प्रभु श्रीराम, माता सीता, वीर लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ और बजरंगबली का वंदन अभिनंदन किया। वहीं इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पधारे साधु संतों का भी स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने महंत नृत्य गोपाल दास को शॉल ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस अवसर पर अयोध्या के दीपोत्सव पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

## सूरज की पहली किरण के साथ कांठा पहुंची मां हरियाली देवी की डोली

**रुद्रप्रयाग,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां हरियाली देवी की डोली सूरज की पहली किरण के साथ कांठा मंदिर पहुंचने पर सैकड़ों भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिसके बाद पुजारी ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व हवन कर भोग लगाया। इस दौरान भक्तों ने भंडारे को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके बाद मां हरियाली की डोली वापस ससुराल जसोली मंदिर के लिए रवाना हुई।

■ यात्रा में शामिल नहीं होती हैं महिलाएं



हर साल धनतेरस पर शुरू होने वाली सिद्धपीठ हरियाली देवी की मायके जाने की पैदल यात्रा सदियों से चली आ रही है। शुक्रवार 10 नवम्बर देर शाम को जसोली स्थित हरियाली देवी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने के उपरान्त मंदिर के गर्भगृह से हरियाली देवी की भोगमूर्ति को बाहर निकालकर डोली में सजाया गया। इसके बाद शाम करीब सात बजे मां हरियाली की डोली गाजे बाजों के साथ मायके कांठा मंदिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान भक्तों के जयकारों के साथ क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। लगभग आठ किमी लंबी यात्रा के दौरान मां हरियाली देवी की डोली ने अपने पहले पड़ाव बांसों में विश्राम किया। कुछ समय यहां पर ठहरने के बाद फिर से डोली अपने मायके लिए चल पड़ी। मां हरियाली देवी ने पंचरंग्या स्थान पर स्नान किया। जैसे ही मां की डोली कांठा मंदिर के समीप पहुंची, वैसे ही मायके पक्ष के लोग डोली की अगुवाई करने पहुंचे। शनिवार सुबह सूर्य की पहली किरण के साथ ही डोली कांठा मंदिर पहुंची जिसे मां हरियाली का मायका माना जाता है। इसके उपरान्त डोली ने मंदिर की एक परिक्रमा करने के बाद मंदिर के पुजारी ने मां की भव्य पूजा-अर्चना कर गाय के दूध की खीर का भोग लगाया। पुजारी ने यहां पर जौ-तिल व घी की आहुतियों से हवन भी किया। पूड़ी व हलवा बनाकर भक्तों ने इसको प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

## शोधकर्ताओं ने की प्रोस्टेट कैंसर से जुड़े 187 नए जेनेटिक वैरिएंट की पहचान

**न्यूयॉर्क,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने प्रोस्टेट कैंसर से जुड़े 187 नए आनुवंशिक (जेनेटिक) वैरिएंट की पहचान की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के केक स्कूल ऑफ मेडिसिन के रिसर्चर के नेतृत्व वाली टीम ने पहले के शोध से 150 आनुवंशिक वैरिएंट भी पाए, जिन्हें डीएनए डबल हेलिक्स पर आस-पास के स्थानों में वेरिएंट द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था, जो बड़े अधिक विविध नमूने के लेंस के माध्यम से प्रोस्टेट कैंसर के खतरे से बेहतर ढंग से जुड़ा हुआ था। यूएससी सेंटर फॉर जेनेटिक एपिडेमियोलॉजी के निदेशक हैमन ने कहा कि ऐसे मार्करों को ढूंढना एक महत्वपूर्ण शोधन (सुधार) है जो आबादी में जोखिम को पकड़ने में बेहतर हैं। सटीक मेडिसिन और सभी के लिए ग्लोबल मेडिसिन का विचार आबादी के बीच जानकारी को शामिल करने और एकीकृत करने पर निर्भर करता है, क्योंकि सफ़ेद रंग में निर्धारित सबसे अच्छा मार्कर समग्र रूप से सर्वोत्तम मार्कर नहीं हो सकता है। करीब 9,50,000 पुरुषों की जीनोमिक जानकारी से प्राप्त वेरिएंट, आक्रामक और कम-गंभीर मामलों की संभावना के बीच अंतर करने में भी मदद कर सकता है। नेचर जेनेटिक्स जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने 1,56,319 प्रोस्टेट कैंसर रोगियों के जीनोमिक डेटा की तुलना कुल 7,88,443 नियंत्रण समूह के रोगियों से की। पिछले अध्ययन से पता चलता है कि अफ्रीकी मूल के पुरुषों में शामिल प्रोस्टेट कैंसर के मामलों की संख्या में 87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसमें लैटिन मूल के 45 प्रतिशत, यूरोपीय वंश के 43 प्रतिशत और एशियाई वंश के 26 प्रतिशत पुरुष शामिल हैं। क्योंकि आज निदान किए गए कई प्रोस्टेट कैंसर के मामले कभी भी उस बिंदु तक नहीं पहुंच सकते हैं जहां वे जीवन के लिए खतरा हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनावश्यक उपचार होता है जो जीवन की गुणवत्ता को खराब कर सकता है, आक्रामक बीमारी के जोखिम के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। अब तक, जोखिम स्कोर की गणना के लिए वैज्ञानिकों की प्रणाली प्रोस्टेट कैंसर के विकास की संभावना से संबंधित है, लेकिन कोई मामला कितना गंभीर हो सकता है, इसके बारे में पूर्वानुमानित मूल्य का अभाव था। हैमन ने कहा कि हम इस जोखिम स्कोर में सुधार करना जारी रखेंगे, और ऐसे मार्करों की तलाश करेंगे, जो आक्रामक बीमारी को कम आक्रामक बीमारी से अलग करने में मदद करें।

## फिल्म 'पिप्पा' में काम करने को लेकर बेहद खुश हैं मृणाल ठाकुर

**मुंबई,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर उपन्यास 'द बर्निंग चैफीज' पर आधारित फिल्म 'पिप्पा' में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं, जहां एक महिला किरदार को युद्ध नाटकों में देखे जाने वाले पारंपरिक लिंग मानदंडों को चुनौती देते हुए एक अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। मृणाल ने राधा नाम की एक मेडिकल छात्रा और क्रिप्टोग्राफर की भूमिका निभाई है, जो अपने भाई-बहनों के साथ युद्ध का एक अनिवार्य हिस्सा बन जाती है।अपनी भूमिका पर चर्चा करते हुए मृणाल ने साझा किया कि राधा मेरे दिल के करीब एक चरित्र है। वह न केवल भावनात्मक



रूप से, बल्कि बौद्धिक रूप से भी महिलाओं की लचीलापन और ताकत का प्रतिनिधित्व करती है। युद्ध के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल एक महिला चरित्र को देखना ताज़ा था। मैं क्रिप्टोग्राफी में अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रही हूं। उन्होंने कहा कि पिप्पा एक अलग दृष्टिकोण दिखाती है, और मैं राधा की कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं। राजा मेनन द्वारा निर्देशित पिप्पा में ईशान खट्टर भी हैं।

## दिल्ली के प्रदूषण का एकमात्र कारण पराली जलाना नहीं : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। एक विश्लेषण से पता चलता है कि साल भर हवा की गति का नाजुक संतुलन वायु प्रदूषण और मौसमी पराली सभी नवम्बर में



दिल्ली में हानिकारक गैसों के इस वार्षिक कॉकटेल को बनाने में भूमिका निभाते हैं। पिछले एक दशक में पराली जलाने से दिल्ली के वायु प्रदूषण पर विशेष प्रभाव पड़ा है, क्योंकि धान की कटाई का मौसम बदल गया और सर्दियों की शुरुआत तथा उत्सवों के साथ टकराना शुरू हो गया। ये विचार दिल्ली में शोध-आधारित क्षमता निर्माण पहल, क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला के थे। उन्होंने बताया कि 2023 में पंजाब और हरियाणा के खेतों की आग के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर 2022 के आंकड़ों के मुकाबले क्रमश 47.8 प्रतिशत और 38.04 प्रतिशत की भारी कमी आई है। लेकिन, इस क्षेत्र से हवा की मात्रा बहुत अधिक है, यह भारी प्रदूषण का अवांछनीय प्रभाव लाती है। पावर प्लांटों, उद्योगों, यातायात और निर्माण जैसे स्थानीय उत्सर्जन के अलावा, हाल के वर्षों में इसमें वृद्धि जारी है।

## चारधाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू



■ 15 नवम्बर को बंद होंगे केदारनाथ के धाम

■ 18 नवम्बर को श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे

■ कपाट बंद के बाद देवडोलियों के शीतकालीन स्थल प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित

**देहरादून,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। श्री बदरीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम को दीपावली के शुभ अवसर पर फूलों से सजाया गया है वहीं कल से दोनों धामों में बर्फवारी हुई है लेकिन तीर्थयात्रियों की आमद जारी है। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार 18 नवम्बर सायंकाल 3 बजकर 33 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। कपाट बंद की प्रक्रिया के तहत पंचपूजाये 14 नवम्बर मंगलवार प्रात: से शुरू हो जाएगी। श्री केदारनाथ धाम के कपाट 15 नवम्बर भैया दूज के दिन बंद हो रहे है। कपाट बंद के बाद देवडोलियां शीतकालीन गद्दीस्थल प्रस्थान करेगी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कपाट बंद के कार्यक्रमों पंच पूजा, देवडोली प्रस्थान कार्यक्रम के सफल समापन हेतु निर्देश जारी किए है। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि श्री बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने की प्रक्रिया में पंचपूजाओं के कार्यक्रम के तहत 14 नवंबर मंगलवार को दिनभर पूजा- अर्चना पश्चात शायंकाल को गणेश जी के कपाट बंद होंगे। बुधवार 15 नवम्बर दोपहर के समय आदि केदारेश्वर मंदिर आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। गुरुवार 16 नवम्बर तीसरे दिन खडग पुस्तक पूजन के बाद वेद ऋचाओं का पाठ बंद हो जाएगा चौथे दिन शुक्रवार 17 नवम्बर को लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना को कढाई भोग तथा पांचवे दिन शनिवार 18 नवम्बर को रावल जी स्त्री भेष धारण कर लक्ष्मी माता को भगवान बदरीनाथ जी के सानिध्य में रखेंगे।

### जलवायु परिवर्तन की तपन

## दीपावली पर्व पर गरम कपड़े अभी गायब



करीब 99 फीसदी हिस्से में अधिक तापमान

**देहरादून,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। आज दुनिया में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते, भयावह प्रभावों की बात करेंगे। हम नवम्बर में दीपावली पर्व मना रहे हैं, लेकिन हमारे गरम कपड़े अभी गायब हैं। देश के करीब 99 फीसदी हिस्से अधिक तापमान को झेल रहे हैं। राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान अब भी 32-34 डिग्री सेल्सियस है। रात के न्यूनतम तापमान में कुछ ठंडक आई है, लेकिन पंखे अब भी चल रहे हैं। औसत तापमान सामान्य से अधिक है, लिहाजा सर्दी का एहसास भी गायब है। मौसम विज्ञानियों का आकलन है कि इस बार 15 दिसम्बर तक वैसी सर्दी महसूस नहीं होगी, जिसके लिए दिल्ली और आसपास के क्षेत्र विख्यात हैं। बीती कई सदियों की सर्दी का आकलन किया गया है, तो 2023 को सबसे गरम वर्ष आंका जा रहा है। मौसम के इस बदलते रुख के मानवीय स्वास्थ्य, कृषिगत और अर्थव्यवस्था संबंधी नकारात्मक असर भी सामने आ रहे हैं, क्योंकि अनुकूलन का माहौल नहीं है और गरम कपड़ों का बाजार उदास, मूकदर्शक बना है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि संभव है कि आगामी मई-जून में जबरदस्त गर्मी के स्थान पर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के मौसम देखने और झेलने पड़ें! एक तरफ देश के करीब 91 फीसदी शहरों, कस्बों में प्रदूषण की जहरीली हवाएं चल रही हैं, वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार गंभीर श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रकृति बेहद नाराज है और सर्दियों में ठंडक ही गायब है। तमिलनाडु में भारी बारिश का प्रकोप है। राजधानी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार की सुबह कुछ बूंदाबांदी हुई है। यही तो जलवायु परिवर्तन के भयानक और नकारात्मक असर हैं-बेमौसमी सब कुछ। दुर्भाग्य और विडंबना है कि हम अब भी पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ता ही जा रहा है। यह कार्बन उत्सर्जन, विषैली गैसों और धुएं का ही असर है कि जिन यूरोपीय देशों में, घर-दफ्तरों में, पंखे ही नहीं होते थे और अधिकतर मौसम सर्द ही रहता था, वहां आजकल तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। वहां के लोग तालाबों, झरनों में नहा रहे हैं और घर-दफ्तरों में पंखे भी चलने शुरू हो गए हैं। इटली के वेनिस शहर की झीलों पर सूखने के संकट मंडरा रहे हैं। दुनिया भर से लोग इस खूबसूरत शहर में आते रहे हैं और झीलों में नौका-विहार का आनंद उठाते रहे हैं, लेकिन लगातार गर्मी इतनी बढ़ती जा रही है कि झीलों का पारदर्शी पानी भाप बनने लगा है। ये प्रत्यक्ष तौर पर जलवायु परिवर्तन के ही प्रभाव हैं। भारत में 90 फीसदी से अधिक कामगार और मजदूर खुले में ही काम करने को बाध्य हैं।

# खेल जगत

## एलिसा हीली ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी के लिए 100 प्रतिशत तैयार

**सिडनी,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। एलिसा हीली को भरोसा है कि वह भारत दौरे के लिए फिट होंगी और साथ ही उन्होंने यह भी साफ़ किया है कि वह मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद स्थाई तौर पर कप्तानी करना चाहती हैं। पिछले 12 महीनों में हीली ने भारत दौरे, एशेज और वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए लैनिंग के स्थान पर कप्तानी की है। अब लैनिंग के जाने के बाद स्थाई कप्तान पर फ़ैसला लिया जाना है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के दौरे के बाद हीली ने कहा था कि विकेटकीपिंग और बल्लेबाज़ी के साथ कप्तानी का भी भार उठाना उनके लिए काफ़ी मुश्किल काम है। हीली ने कहा, मैं कप्तानी करती रही क्योंकि उम्मीद थी कि लैनिंग वापस आएंगी। अगला कप्तान कौन होगा इसका फ़ैसला ज़िम्मेदार लोग लेंगे। मुझे नहीं पता कि वे लंबी अवधि वाला कप्तान खोजेंगे या फिर कोई छोटी अवधि के लिए। अगर मुझे बुलाया जाता है तो निश्चित रूप से मैं इस मौके को स्वीकार करूंगी।



# विराट की निगाहें सबसे पहले दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में शतकों के अर्धशतक पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- नीदरलैंड से भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी
- शमी व बुमराह की गेंद की धार से पार पाना एंजेलब्रेक्ट व एडवर्डस के लिए आसान नहीं




**नई दिल्ली,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विराट कोहली की निगाहें अब अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर को भी पीछे छोड़ दुनिया में सबसे पहले वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक जड़ अपने दूसरे घर बेंगलुरू में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को आईसीसी क्रिकेट वन डे विश्व कप 2023 के आखिरी और नौवें राउंड रॉबिन लीग मैच में भी जीत दिला उसका अजेय क्रम बरकरार रखने पर है। बेशक नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला में हरा कर बड़ा उलटफेर किया हो लेकिन उससे भारत के विजयक्रम को रोकने की आस बेमानी ही है। भारत और नीदरलैंड अब तक वन डे विश्व कप में दो भिड़े हैं और दोनों बार जीत उसके ही हिस्से आई। भारत की कोशिश नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम वन डे विश्व कप में लगातार तीसरी जीत के साथ उसके खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखने की होगी। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट और केएल राहुल का चिन्नास्वामी मैदान से खास रिश्ता है और ये दोनों अपने चीफ कोच राहुल द्रविड़ को उनके गृह मैदान पर 'जीत' का तोहफा देने में कसर नहीं छोड़ेंगे। खासतौर पर विराट और केएल राहुल की हौसलाअफजाई के लिए उनके प्रशंसक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

भारतीय टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी, धारदार गेंदबाजी और बेहद चुस्त फील्डिंग की बानगी पेश कर शुरू के आठों मैच जीत कर शीर्ष पर रह कर सबसे पहले सेमीफाइनल में स्थान बनाकर देशवासियों को दीवाली से पहले ही खुशियों के दीप जलाने का मौका दे दिया। भारत ने शुरू के पांच मैच बाद मे बल्लेबाजी करते हुए और इससे अगले तीनों मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। भारत की असली दिवाली तो तब ही मनेगी जब वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल जीत तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतेगा लेकिन इससे पहले उसे सेमीफाइनल की अंतिम पूर्व बाधा को पार करना होगा। नीदरलैंड की बल्लेबाजी उसके लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दो-दो -दो अर्द्धशतक जडने् वाले साइब्रेंड एंजेलब्रेक्ट (255 रन) और कप्तान स्कॉट एडवडर्स (242 रन) के साथ कॉलिन एकरमैन (कुल 181 रन) पर निर्भर करेगी। भारत के तेज गेंदबाज शमी(कुल 16 विकेट), जसप्रीत बुमराह(कुल 15 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल दस विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 12 विकेट) और रवींद्र जडेजा(कुल 14 विकेट) से पार पा एंजेलब्रेक्ट और एडवडर्स के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

भारत के लिए नीदरलैंड के खिलाफ मैच में कुछ प्रयोग करने का मौका है क्योंकि इसके नतीजे से उस पर कोई फर्क नहीं पडने् वाला है। भारत बावजूद इसके अपने विजयी संयोजन से छेड़छाड़ नहीं करेगा क्योंकि 15 नवंबर को सेमीफाइनल में जीत के साथ उतरना चाहेगा। भारत चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले ही मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद ही सही मायनों में नींद से ऐसी जागा कि फिर पलट कर पीछे नहीं देखा। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैड के खिलाफ लखनउ में 229 रन बनाया लेकिन तब रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के पंजे की बदौलत गेदबाजी इकाई के रूप मे धार दिखा कर उसे सौ रन से जीत दिलाई। भारत अपने शुरू के सभी आठ मैच जीत कर सबसे पहले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुका है। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित के शुरू से ही बल्ले से दे दनादन , विराट के जोश के साथ होश और मात्र चार मैच खेल कर रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी के दो %पंजो' सें कहर बरपा ताश की पत्तों की तरह प्रतिद्वंद्वी टीम के बिखेर विकेट ने भारत के विजयरथ को लगातार आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। विराट पर से कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीते रविवार को शतक जडने् के साथ दुनिया में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 49 शतकों के सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने के साथ एक बहुत बड़ा %बोझ' उतर गया। विराट कोहली का किसी भी फॉर्मेट में शतक अब उन्हें दुनिया में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल सबसे ज्यादा शतकों के %शतक' जडने् वाले इकलौते बल्लेबाज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड के औरकरीब और लाता जाएगा। विराट कोहली फिलहाल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट कुल मिलाकर 72 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के साथ सचिन के बाद दूसरे नंबर पर है। विराट (कुल 543 रन) मौजूदा संस्करण में दो शतकों और चार अर्द्धशतकों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में सबसे ज्यादा चार शतक जडने् वाले दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक(कुल 591 रन) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (कुल 565 रन) के बाद तीसरे भारत के लिए रन बनाने में पहले स्थान पर हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (कुल 442रन)अपने ही अंदाज में दे दनादन कर एक शतक और दो अर्द्धशतक के साथ रन बनाने में दूसरे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर(कुल 292 रन) तीन अर्द्धशतक , केएल राहुल (कुल 245 रन) एक अर्द्धशतक, दो अर्द्धशतक जडने् वाले शुभमन गिल (कुल 219 रन) और हार्दिक पांडया के चोट के चलते बाहर होने से पिछले चार मैचों में मिले मौके को भुनाने वाले सूर्य कुमार यादव (कुल 85रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 111 रन) जैसे ऑलराउंडर की मौजूदगी में भारत बड़ा लक्ष्य खड़ा करने और जीत के लिए बड़े लक्ष्य का पीछा करने में सक्षम हैं।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दिया 338 रन का लक्ष्य



**कोलकाता** 11 नवंबर (वार्ता) जो रूट (60) और बेन स्टोक्स (84) के बीच तीसरे विकेट के लिये 132 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 337 रन बनाये।

ईडन गार्डन मैदान पर डाविड मलान (31) और जॉनी बेयरस्टो (59) ने 82 रन की पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को मजबूत आधार दिया जबकि बाद में जो रूट और बेन स्टोक्स ने संयम का परिचय देते हुये अपनी टीम के स्कोर को बड़ा बनाने में महती योगदान दिया। शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होने से पहले स्टोक्स ने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिये बेशकीमती रन जुटाये। मध्यक्रम की जान माने जाने वाले स्टोक्स का बल्ला भी आज खूब चला। वह अफरीदी की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़े शादाब खान के हाथों लपके गये।

आखिरी के आठ ओवरों में हैरी ब्रूक (30) और कप्तान जॉस बटलर (27) ने गियर बदलते हुये रनो की रफ्तार को तेज कर दिया। ब्रूक ने 17 गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े जबकि बटलर ने 18 गेंदो में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने 64 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि अफरीदी को 72 रन खर्च कर दो विकेट हासिल हुये। इफ्तिखार अहमद ने किफायती गेंदबाजी करते हुये 38 रन देकर एक विकेट झटका। डेविड विली (15) के रूप में मोहम्मद वसीम को एकमात्र विकेट 74 रन की कीमत पर हासिल हुआ। स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा।

## भारत के लिए कुछ डर हो सकते हैं : विव रिचर्ड्स




**दुबई,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार के विश्व कप विजेता सर विवियन रिचर्ड्स ने अजेय भारत से सकारात्मक रहने और हर कीमत पर आक्रमण करने का आग्रह किया है क्योंकि वे इस साल के आयोजन में अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस साल विश्व कप के 13वें संस्करण में अगले सप्ताह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सभी आठ मैच जीते हैं।

रिचर्ड्स - जो अपने समय के सबसे तेजतर्रार और आक्रामक खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 1975 और 1979 में वेस्टइंडीज को विश्व कप में सफलता दिलाई थी - वह चाहते हैं कि भारत अपनी ताकत के साथ खेलना जारी रखे और किसी भी नकारात्मक विचार से दूर रहे। रिचर्ड्स ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में कहा, भारत की मानसिकता है कि वे इसी तरह खेलते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

यह निश्चित रूप से उनकी मानसिकता होनी चाहिए और अगर मैं उस ड्रेसिंग रूम में होता तो मेरी भी यही मानसिकता होती - आइए पूरी ताकत लगाकर बाहर निकलें। यह दृष्टिकोण अब तक काम कर चुका है और अगर यह बदलता है, तो चीजें भटक सकती हैं। मेरा मानना है कि वे हर तरह से अजेय रह सकते हैं, जिसके लिए वास्तव में प्रयास करना चाहिए। कुछ डर हो सकता है कि %हमने अब तक बहुत अच्छा खेला है, सेमीफाइनल में खराब खेल हो सकता है। उन्हें खत्म करने की कोशिश करनी होगी और किसी भी नकारात्मक विचार को खत्म करना होगा। जबकि विराट कोहली लंबे समय से रिचर्ड्स के पसंदीदा हैं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें शुभमन गिल भी पसंद है क्योंकि भारत के सलामी बल्लेबाज उन्हें याद दिलाते हैं कि वह कैसे खेलते थे।

गिल पिछले हफ्ते वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी बन गए जब उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया, जबकि रिचर्ड्स ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सर्वोच्च रेटिंग हासिल की जब उन्होंने 1985 के अंत में कुल 935 रेटिंग अंक दर्ज किए। रिचर्ड्स ने कहा, शुभमन गिल एक और खिलाड़ी हैं जो स्टाइल के साथ बल्लेबाजी करते हैं और वह उन खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास सभी बड़े शॉट हैं। मैं बस यही उम्मीद कर रहा हूं कि कोई यह न भूले कि विवियन रिचर्ड्स नाम का एक लड़का बिना हेलमेट के था जो बाहर जाता था और कभी-कभी इसी तरह खेलता था!

आज खेले गए कुछ शॉट ऐसे हैं जिनके बारे में मुझे लगता है कि मेरे पास मेरे शस्त्रागार में थे, शायद रिवर्स स्वीप के अपवाद के साथ, लेकिन हेलमेट के बिना यह मूर्खतापूर्ण होता। मुझे लगता है कि मेरी स्कोरिंग दर आज खेल रहे खिलाड़ियों के बराबर है, हालांकि खेल काफी आगे बढ़ चुका है - एक

### आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |

## हेलमेट के मुद्दे पर अंपायरों को तुरंत सचेत करने पर मैथ्यूज टाइम आउट से बच जाते : एमसीसी

**लंदन,** 11 नवंबर (एजेंसियां)। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट करार देने का अंपायर का फैसला सही था और साथ ही कहा कि अगर आलराउंडर ने अपने हेलमेट में समस्या के बारे में मैदानी अंपायरों को सचेत कर दिया होता तो आउट होने से बचा जा सकता था। 6 नवंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैथ्यूज सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। उन्हें गार्ड लेने में देरी का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया था और मैथ्यूज ने प्रतिस्थापन हेलमेट के लिए डगआउट को संकेत दिया। इसने बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को टाइम-आउट की अपील करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद ऑन-फील्ड अंपायरों ने मैथ्यूज को उस मोड़ से आउट घोषित कर




दिया, जिससे इसके आसपास कई राय पैदा हुई, खासकर घटना के बाद। एमसीसी कानून 40.1.1 कहता है, विकेट गिरने या बल्लेबाज के रिटायर होने के बाद, आने वाले दूसरे बल्लेबाज को 3 मिनट के भीतर अगली गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि यह आवश्यकता पूरी नहीं होती है, तो आने वाला बल्लेबाज टाइम आउट हो जाएगा। लेकिन विश्व कप खेलने की परिस्थितियों के कारण प्रासंगिक समय तीन मिनट से दो मिनट हो गया। इस अवसर पर, कानून का मुख्य हिस्सा यह है कि बल्लेबाज को गेंद प्राप्त करने के लिए तैयार रहना चाहिए। टाइम आउट होने से बचने के लिए मैदान पर या यहां तक कि विकेट पर होना भी पर्याप्त नहीं है। बल्लेबाज को निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी का सामना करने में सक्षम होने की स्थिति में होना चाहिए। अंपायरों ने निर्धारित किया कि मैथ्यूज दो मिनट के अंतराल के भीतर गेंद का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में उनके हेलमेट में एक समस्या आ गई, जिससे और देरी हुई।

एमसीसी ने अपने बयान में कहा, अगर अंपायरों को दो मिनट के भत्ते के भीतर एक महत्वपूर्ण, उचित, उपकरण-संबंधी देरी के बारे में सूचित किया गया होता, तो वे इसे एक नए प्रकार की देरी के रूप में मान सकते थे (जैसा कि वे तब करते हैं, उदाहरण के लिए, बल्ला टूट जाता है), संभवत: यहां तक कि टाइम को कॉल करना, बल्लेबाज को टाइम आउट होने के जोखिम के बिना उस देरी के समाधान की अनुमति देता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि दोनों अंपायरों ने निर्धारित किया कि देरी दो मिनट बीत जाने के बाद हुई, और अपील से पहले टाइम नहीं बुलाया गया था। मैच के बाद, मैथ्यूज ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साक्ष्य पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके पास क्रीज पर अपनी स्थिति लेने के लिए पांच सेकंड और थे। लेकिन एमसीसी ने फैसले पर मैदानी अंपायरों का समर्थन किया। 30-यार्ड सर्कल तक पहुंचने में 90 सेकंड से अधिक समय लगने के बाद, मैथ्यूज ने देखा कि उनके पास समय की कमी थी, और अंतिम कुछ गज की दूरी पर विकेट के लिए दौड़ पड़े। यह दिखाया गया है कि उनके हेलमेट में खराबी पिछला विकेट गिरने के 1 मिनट 54 सेकंड बाद हुई थी। इस स्तर पर, उन्होंने बचाव करना शुरू नहीं किया था और गेंद प्राप्त करने की स्थिति में भी नहीं थे। जब हेलमेट टूटा, तो ऐसा प्रतीत होता है कि मैथ्यूज ने अंपायरों से परामर्श नहीं किया, जो एक खिलाड़ी से नए उपकरण मांगते समय करने की अपेक्षा की जाती है। बल्कि, उन्होंने ड्रेसिंग रूम को रिप्लेसमेंट के लिए सिर्फ इशारा किया। अगर उसने अंपायरों को बताया होता कि क्या हुआ था और इसे सुलझाने के लिए समय मांगा होता, तो शायद वे उसे हेलमेट बदलने की इजाजत दे देते, शायद टाइम को बुलाते और इस तरह टाइम आउट होने की कोई भी संभावना खत्म हो जाती।

### सार संक्षेप

#### एक चीज जो हमने अच्छी की वह यह कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए : डुसेन

**अहमदाबाद।** 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में, दक्षिण अफ्रीका के लिए पहले बल्लेबाजी की तुलना में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना अच्छा नहीं रहा। पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत को छोड़कर, दक्षिण अफ्रीका नीदरलैंड और भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया था। लेकिन शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ 245 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया और सेमीफाइनल से पहले अपने आखिरी लीग मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। सफल लक्ष्य का नेतृत्व रैसी वान डेर डुसेन ने किया, जिन्होंने 95 गेंदों में नाबाद 76 रन बनाए। इस मैच में आकर, हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे। इसलिए अगर हम टॉस जीतते तो हम वैसे भी गेंदबाजी करते, क्योंकि हम खुद को उस स्थिति में रखना चाहते थे, यह जानते हुए कि उनके पास विशेष रूप से एक मजबूत स्पिन आक्रमण है। मुझे लगता है कि यह काफी हद तक नियंत्रित था। एक या दो घबराहट वाले क्षण थे, लेकिन पीछा करने में ऐसा हमेशा होता है। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपको बस आने वाले लोगों से अच्छी तरह से संवाद करना होगा। एक चीज जो हमने अच्छी तरह से की है वह यह है कि हमने कभी भी क्लस्टर में विकेट नहीं खोए। जो भी आया उसने थोड़ी-बहुत साझेदारी की और इसे करीब-करीब ख़त्म किया। ऐसा करने से, वे वास्तव में कभी भी मैच में नहीं थे। भले ही ऐसा लग रहा हो कि जब हमें लगभग 50-50 की जरूरत थी, हाथ में पांच विकेट होने पर, आप दस में से नौ बार वहां पहुंचने वाले हैं।

#### लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि : बावुमा

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में वृद्धि,हुई है। बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है।

## मार्श का तूफानी शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को धो डाला

**पुणे,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। मिचेल मार्श (नाबाद 177) के तूफानी शतक और डेविड वार्नर (53) तथा स्टीव स्मिथ (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को शनिवार को विश्व कप मुकाबले में आठ विकेट से धो डाला।

बांग्लादेशी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया को रोक पाने का दम उसकी गेंदबाजी में नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मार्श को प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिला। मार्श ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए 132 गेंदों पर 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 177 रन ठोके और टीम को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ट्रेविस हेड (10) को जल्दी गंवाने के बाद मार्श ने वार्नर के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। मार्श ने फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 175 रन की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को ध्वस्त कर दिया।




वार्नर ने 61 गेंदों पर 53 रन में छह चौके लगाए जबकि विजयी चौका मारने वाले स्मिथ ने 64 गेंदों पर नाबाद 63 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने नौ मैचों में लगातार सात जीत के साथ लीग चरण अभियान समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार विश्व कप में 300 या उससे अधिक रनों का स्कोर हासिल किया है। वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने एक शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने बल्लेबाज़ी में अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन गेंदबाज़ों ने उतना सहयोग नहीं दिया। ट्रैविस हेड का विकेट काफ़ी जल्दी निकालने के बाद बांग्लादेश के पास मौका था, लेकिन डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस लाने का काम किया। मार्श की पारी ने सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के आत्मविश्वास को और बढ़ाने का काम किया है।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने क्रीज पर आने के बाद विकेट पर समय बिताया और टीम के 300 से ऊपर के स्कोर में अपना योगदान दिया।

तौहीद हृदोय ने 79 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 74 रन बनाये। कप्तान नजमुल शान्तो ने 45, लिटन कुमार दास ने 36,तंज़िद हसन ने 36 और महमुदउल्लाह ने 32 रन बनाये जबकि मुशफिकुर रहीम ने 21 और मेहदी हसन मिराज़ ने 29 रन बनाये। बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। दूसरी ड्रिंक्स के समय लग रहा था कि बांग्लादेशी टीम 350 के स्कोर तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे 6 से ऊपर के रन रेट से रन बना रहे थे और उनके सात विकेट शेष थे। लेकिन मार्नस लाबुशेन के दो बेहतरीन रन आउट ने पारी के मोमेंटम को पलटा और उन्हें 300 के ऊपर के ही स्कोर से संतोष करना पड़ा।

अधिकतर बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को अच्छी शुरुआत मिली थी, लेकिन तौहीद हृदोय को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज़ अर्धशतक पूरा नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे शॉन एबट ने अंत में अपनी स्लोअर शॉर्ट गेंदों से बांग्लादेशी बल्लेबाज़ों को बांधे रखा, वहीं एडम ज़म्पा एक बार फिर से फ़ील्ड में बेहतरीन रहे।

## स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके हैं विश्व कप का मजा

**मुबंई** 11 नवंबर (एजेंसियां)। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है।
इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होने कहा, विश्व कप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह आयोजन अधिक रिकॉर्ड तोड़ेगा और एक दिवसीय क्रिकेट के बारे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा।

### सुडोकू 6374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |

# रमन चाइना माल जिसकी कोई गारंटी नहीं : भूपेश बघेल

## राजिम के सर्कस मैदान में सीएम ने कहा कका अभी जिंदा है

**राजिम,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के एक दिन पहले शनिवार दोपहर सीएम भूपेश बघेल हेलीकाप्टर से राजिम पहुंचे। यहां सर्कस मैदान में भीड़ भरे सभा को संबोधित करते हुए सबसे पहले कहा कका अभी जिंदा है। सीएम के इतना कहते ही मौजूद भीड़ ने न केवल जमकर तालियां बजाई बल्कि सीएम के हां में हां मिलाते हुए कहने लगे कका अभी जिंदा है। इस अवसर पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने किसान के खेतो के पानी के लिए अपने जीवन में काफी सफल प्रयास किए। वे कहते थे कि किसान सुखी रहेंगे तो देश खुशहाल होगा। कहा कि हमने भी सोचा कि किसानो को उनके ऊपज का उचित मूल्य मिल जाए तो लोगो के लिए ऐसा ही रोजगार पैदा हो जाएगा। सीएम ने कहा कि भाजपा के 15 साल और हमारी सरकार के 5 साल के काम को ध्यान रखना है। श्री बघेल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का नाम ले लेकर बरसते हुए कहा कि इन्होने किसानो को ठगा। बोनस नही दिया। अब रमन के गारंटी का कोई गारंटी नही है। रमन चाईना माल है जिसकी कोई गारंटी नही। उन्होने बहनो को ठगा,पहले राशन कार्ड बनाया। एक-एक घर में कईयो का कार्ड बना। 35 किलो मिलने वाला चांवल को 7 किलो कर दिया। एक तरह से रमन चरकट्टा भाई है जिन्होने बहनो से राशन कार्ड वापस ले लिया। आदिवासी भाइयो को जर्सी गाय देने की बात इन्होने कही थी, गाय तो दूर एक बछड़ा भी नही दिया। कहा कि अब रमन की गारंटी नही चल रही तो मोदी गारंटी दे रहे है। मोदी के भी गारंटी की कोई गारंटी नही है क्योंकि वे पहले भी कह चुके थे कि हर किसी के खाते में 15 लाख रूपए आएगा,देश का कालाधन वापस होगा पर किसी के खाते में ये राशि नही आई। सीएम श्रीबघेल राजिम के सर्कस मैदान में आयोजित सभा में फुल फार्म में थे। एक के बाद एक भाजपा,मोदी और रमन सिंह के ऊपर न केवल फायर कर रहे थे बल्कि मोदी जिस तरह से भाषण देते है उसी अंदाज में कहने लगे थे भाइयो और बहनो आज रात 12 बजे के बाद नोटबंदी हो जाएगी। सुबह लोग जब उठे तो पांच सौ रूपए हजार रूपए का चलन बंद हो गया था यही दीपावली का समय था



ये बात लोगो को अच्छी तरह से याद है। कोरोना काल में थाली, घण्टी बजवाया। मोमबत्ती जलवाया। अब बहनो को 1000 रूपए महिना देंगे बोल रहे है इसकी क्या गारंटी है। कहा कि हमने पिछले समय जो वादा किया था सरकार में आते ही दो घंटे के भीतर कर्जा माफी और समर्थन मूल्य में हस्ताक्षर कर दिया। मै पूछता हूं कि हमने क्या कोई फार्म भरवाया था ? अब ये लोग तरह-तरह के नाटक कर रहे है। गांव-गांव में कुछ फार्म भरवा रहे है,लगता है दाल में कुछ काला है। इनके बहकावे में न आवे। यहां अमितेश शुक्ल खड़े है इन्हे जिताओ कांग्रेस की सरकार बनाओ फिर कर्जा आपका माफहोगा। किसानो को मजबूत करना हम चाहते है। हमने कर्जा माफकिया तो रमन के पेट में दर्द होने लगा। कहा कि आदमी कमाता है और महिलाएं घर चलाती है उन्हें गैस सिलेण्डर,तेल,प्याज और खाद्य सामग्री रूला रहा है। पेट्रोल डीजल और खाद के भाव आसमान छू रहे है। घर चलाना कठिन काम हो गया है। हम गैस का 500 रूपए सब्सिडी देंगे,200 युनिट तक के बिजली का बिल ही नही पटाना पड़ेगा,भूमिहिन कृषको को 7 हजार दे रहे थे उन्हें अब 10 हजार देंगे। हम चाहते है कि हर परिवार सुख पूर्वक कैसे जिंदगी बिताए। महिलाओं को सक्षम और ताकतवर तथा मजबूत बनाने की दिशा में हम काम कर रहे है। कहा कि अबकी बार तो भीड़ से आवाज आई 75 पार। इसलिए छप्पर फाड़कर दीजिए आप लोग कांग्रेस को वोट।

कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल ने कहा कि भाजपा मीठलबरा पार्टी है। सीएम भूपेश बघेल जो कहते है वो करते है। किसानो की आंखो में आंसू नही आने देते। इस बार भी 32 सौ रूपए में धान खरीदी होगी और कर्जा माफ भी। श्री शुक्ल भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर बरसते हुए कहा कि सिकासार के पानी जिससे समूचे राजिम क्षेत्र की सिंचाई होती है इसमें से महासमुंद जिला के लिए पानी देने भाजपा ने घोषणा पत्र में कहा है यदि ऐसा हो गया तो हमारे राजिम क्षेत्र के किसानो का क्या होगा,हम किसी हालत में सिकासार के पानी का बटवारा नही होने देंगे। आप सीएम भूपेश बघेल और हमारे ऊपर विश्वास बनाए रखिए आपका आशीर्वाद प्रेम और स्नेह सदैव बना रहे।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू,मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, पूर्व जनपद अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन सोनकर, सोसायटी अध्यक्ष विकास तिवारी, भवानी शंकर शुक्ला,अनादिशंकर शुक्ला, लोकेश पाण्डे, सुनील तिवारी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू,जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू,ओंकार सिंह ठाकुर,ठाकुर राम साहू, डेकेश्वर सिंह ठाकुर,बिसौहा हरित,दान सिंग निषाद,रामकुमार साहू,महिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष पदमा दुबे,मनीषा शर्मा,धनेश्वरी वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधानसभा आम निर्वाचन 2023

# दूसरे चरण में सबेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे वोट

■ केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केंद्रों में सवेरे 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।

राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में मतदान वाले 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे चरण में राज्य के कुल एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

## शांतिपूर्ण चुनाव निपटाने बदमाशों के खिलाफ पुलिस की सख्त

**बिलासपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस सख्त है. हर गतिविधियों पर खाकी की पैनी नजर है. चेकिंग अभियान भी जोरों पर चल रहा है. इसके साथ ही शहर के आदतन अपराधी और बदमाशों पर भी पुलिस जिला बदर की कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर से दो अपराधी नूतन और कृष्णा को 6 महीने के लिए पुलिस ने जिला बदर कर दिया है.



■ दो अपराधियों को किया जिला बदर

नूतन पर 7 और कृष्णा पर 12 मामलों में अलग-अलग थानों में केस दर्ज है. एसपी संतोष कुमार के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने अब तक 6 बदमाशों को जिला बदर किया है. दो बदमाशों पर रासुका के तहत कार्रवाई की गई है.

बता दें शांतिपूर्ण चुनाव निपटाने के लिए पुलिस लगातार बदमाशों पर प्रदेश भर में कार्रवाई कर रही है. गुरुवार को ही धमतरी में कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने 4 बदमाशों को जिलाबदर किया. छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी चिंतामणी यादव, मनोज नगारची, वागीस यादव और संजय साहू को एक साल के लिए जिलाबदर किया गया है. इसके अलावा बालोद, रायपुर, कांकेर, गरियाबंद और दुर्ग जिले से भी जिला बदर का आदेश जारी किया जा चुका है.

## पुलिस व अर्ध सुरक्षा बलों ने शहर में किया फ्लैग मार्च

■ मतदाताओं से अपील- निडर होकर मतदान में लें भाग

**तिल्दा नेवरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है। विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्वक मतदान कराने के मद्देनजर प्रशासन द्वारा हर संभव कवायद शुरू कर दी गई है। अ ?र्द्धसैनिक बल के साथ तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया।

सेना के जवानों ने असलहों से लैस होकर स्थानीय पुलिस के साथ दीनदयाल चौक से फ्लैग मार्च शुरू किया। जो कि घासीदास चौक, गाँधी चौक, अग्रसेन चौक, सिंधी केम्प, बनिया पारा, स्टेशन चौक समेत पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मतदान में निडर होकर अवश्य भाग लें। सभी बूथों पर पर्याप्त सुरक्षा बल मुश्तैद रहेंगी। आचार संहिता के नियमों का सभी लोग पूर्णतया पालन करें। चुनाव के दरम्यान किसी के द्वारा दबाव या लालच दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिला प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने को कटिबद्ध है। फ्लैग मार्च में पुलिस के ए एस आई बी एल देवांगन, सुखदेव बोस ,साधे सिंग, समेत दर्जनों पुलिस जवान के साथ अर्ध सुरक्षा बलों की टुकड़ियां के सैकड़ो जवान मौजूद रहे।

**NECC**

| 12.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.50 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# धनतेरस को लेकर दूसरे दिन भी बाजार रहा गुलजार





**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस को लेकर दूसरे दिन शनिवार को भी मार्केट में जमकर धनवर्षा हुई। न केवल स्टील के बर्तन बल्कि गाड़ियां, ज्वेलरी में सोने चांदी, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान समेत अन्य के कारोबार में भी जबर्दस्त उछाल देखने को मिला। दिवाली पर लोगों के द्वारा बाजार में करोड़ों रुपये से अधि ?क की खरीदारी की गई। बढ़ती महंगाई के बावजूद बाजार में खरीदारी को लेकर सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। लोग दिवाली को लेकर मिट्टी के दिये, फुलझड़ी, पटाखे, बिजली के रंग बिरंगे बल्ब और मिठाईयों के साथ ही अन्य समानों की जमकर खरीदारी किए। ज्वेलरी एवं बर्तन के दुकान शनिवार की रात रात तक खुले रहे। आभूषणों और सिक्कों की बिक्री लाखों रुपए का आंकड़ें को पार कर गई। वहीं सोने के गहनों की खूब बिक्री भी अच्छी खासी हुई। आगामी शादी विवाह को लेकर शुभ मुहूर्त में कुछ लोग धनतेरस के शुभ समय पर खरीददारी जमकर की। बाजारों में खासी भीड़ देखने को मिला है जिसके चलते व्यापारियों ने उम्मीद की धनतेरस के दूसरे दिन बाजार में करीब पौने पांच करोड़ का कारोबार होने की बात कही जा रही है। महाआरती दीपावली पर

**अत्यधिक व्यवसाय होने से व्यापारियों में हर्ष**

शहर के महालक्ष्मी मंदिरों में दीपावली पर कई आयोजन होंगे। कहीं पर विशेष पूजा के साथ शृंगार किया जाएगा तो कहीं 108 दीपों से महाआरती की जाएगी। इसी कड़ी में प्रवीर वार्ड स्थित महालक्ष्मी मंदिर में जहां 108 दीपों से महाआरती होगी और 1008 दीप मंदिर परिसर में जलाए जाएंगे। इसके साथ ही माता महालक्ष्मी का अभिषेक और पूजन के साथ ही विशेष रूप से श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा कमल, चंपा और गुलाब के 108 फूलों से देवी की अर्चना की जाएगी। इसके साथ ही गोर्वधन पूजन के मौके पर महाभंडारा और 56 भोग का कार्यक्रम होगा।

पं. तिवारी ने बताया कि दीपावली पर इस बार कई शुभ योग रहेंगे। इस बार दिवाली पर आयुष्मान योग, बुधादित्य योग, आदित्य योग, लक्ष्मी योग का संयोग रहेगा, जो सुख समृद्धि, एश्वर्य प्रदान करता है। दिवाली के दिन इन योगों का होना अत्यंत शुभकारी है।

# जन अधिकार मोर्चा के द्वारा लोगों को मुफ्त में दिए गए दीपक



**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जन अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा शनिवार को दलपत सागर के निकट कृष्ण मंदिर के सामने 1100 मिट्टी के दीपक लोगों में बांटे गए। सचिव किरण देवांगन ने कहा कि यह लगातार तीसरा वर्ष है जब संगठन के द्वारा निःशुल्क दीपक बांटे गए हैं। जन अधिकार मोर्चा के द्वारा यह पहल वर्ष 2021 में शुरु की गई थी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है ताकि लोग स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें इससे देश के लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह भी बताना है कि दीपावली दीपों का त्यौहार है। इस त्यौहार पर इलेक्ट्रोनिक लाइट की जगह ज्यादा से ज्यादा दीप प्रज्ज्वलित किए जाएं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन, प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती तिवारी, प्रदेश संयोजक आरती सिंह, , जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी , जिला सचिव रंजीता खोरा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मड़ानार के बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव



**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के मड़ानार के बच्चों ने अपने विद्यालय को मिट्टी के दीप से रौशन कर फटाखों की आतिशबाजी कर दीपोत्सव पर्व मनाया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को सामाजिक सरोकार से अवगत कराते हुए बच्चों को सनातन संस्कृति से दीपावली त्योहार मानने के उद्देश्य से बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की स्वच्छता, रंगोली से विद्यालय को सजाकर संध्या होते ही विद्यालय में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना करके दीप जलाकर विद्यालय को रौषन किया। प्रतिवर्ष की तरह बालिकाओं ने भी अखाड़े चलाकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया, नचाते झूमते एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं और बधाई दिया।

# बोरगांव औषधालय में पूजे गए भगवान धन्वंतरि

**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। बोरगांव औषधालय में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना करने के साथ ही विविध आयुर्वेद गतिविधियां आयोजित किए गए।

**आयोजित किए गए विविध आयुर्वेद गतिविधियां**

शुक्रवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर सर्वे संतु निरामया की कामना से आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंगल कामना की गई। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर था।



आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया है और आयुर्वेद को अपनाकर हम आजीवन स्वस्थ रह सकते हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पावन अवसर पर आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन कर जीवन में आयुर्वेद को अपनाने का संदेश दिया गया।

प्रात:कालीन सत्र में चल रहे नियमित योगाभ्यास सत्र में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराए जाने के साथ ही सभी को मौसमी रोगों से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आयुष काढ़ा पिलाया गया। योग अभ्यास उपरांत जन जागरण रैली निकालकर जन साधारण को योग आयुर्वेद अपनाने प्रेरित किया गया। औषधालय के हर्बल गार्डन में लवंग, दालचीनी, तेज पत्र आदि औषधीय महत्व के पौधों का सभी चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा रोपण किया गया। इस दौरान विनय भूषण दास, कमल पाल, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.योगेश विश्वकर्मा, डॉ.पी.एल.बनपेला, डॉ.चंचल नाग, डॉ.राजेश नाग, डॉ.भूपेंद्र मरापी, योग प्रशिक्षक डिसेंद यादव, फार्मासिस्ट सुनील गायकवाड, ज्योति शर्मा, रूपेंद्र, देवनाथ, खगेश्वर सहित अन्य ग्रामीण और विद्यार्थी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने सपरिवार बालगृह के बच्चों के साथ मनाया दीप उत्सव, बांटी मिठाइयां एवं पटाखे




**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर द्वारा सपरिवार बालगृह के बच्चों के साथ दीप उत्सव मनाया गया एवं मिठाइयां एवं पटाखे बांटा गया और बच्चों के साथ बातें कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया, वहीं बच्चों ने भजन सुनाया।

शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिले के महात्मा गांधी वार्ड स्थित बालक गृह एवं सरगीपालपारा में स्थित बालिका गृह का सपरिवार भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों के साथ स्वल्पाहार करते हुए सभी से बातचीत की। बच्चे अपने मध्य जिले के प्रमुख अधिकारी को पाकर बहुत प्रसन्न दिखे। बच्चों को कलेक्टर ने परिवार के साथ बच्चों को मिठाइयां बांटी साथ ही पटाखे देते हुए केंद्र के अधीक्षकों को पटाखे जलाते वक्त बच्चों के साथ रहने और सावधानीपूर्वक पटाखे जलाने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों से कलेक्टर ने मुलाकात कर सभी को अच्छे कार्य हेतु प्रोत्साहन किया। बच्चों ने उन्हें भजन सुनाया और सभी ने विश्व मंगलकामना से भगवान की आराधना की। बच्चों से कलेक्टर ने उनके भविष्य को लेकर प्रश्न किये जिसमें किसी ने डॉक्टर, किसी ने पुलिस तो किसी ने आर्मी ऑफिसर बनने की इच्छा जताई। कलेक्टर द्वारा सभी को उनके भविष्य को लेकर प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। पढ़ने की इच्छा रखने वाले बच्चों को नीट जीईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी एवं उच्च शिक्षा में मदद की भी बात कही गयी।

**बच्चों के साथ बातें कर किया उत्साहवर्धन, बच्चों ने सुनाया भजन**

बालिका गृह पहुंचकर उन्होंने बालिकाओं से मुलाकात कर सभी को मिठाइयां बांटी और सभी को पटाखे भी बांटे। यहां की बालिकाओं द्वारा खेलों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक पाने पर उन्होंने सभी का प्रोत्साहन किया और सभी को पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। बालिकाओं ने खुल कर उनसे बातें की। कलेक्टर ने भी सभी से पोषण तालिका अनुसार आहार एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और सभी को दीपावली के पर्व की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर डीपीओ महिला बाल विकास विभाग एके बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया दीपोत्सव



**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश अर्थात अन्य पर न्याय बुराई परआई अच्छाई का प्रतीक है। यह त्यौहार रोशनी व सजावट का मुख्य त्यौहार है जो केवल भारतवर्ष ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन धनसंपदा और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी एवं भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। घरों दुकानों एवं शहर ग्राम को फूल माला दिया लाइट से सजाया जाता है। इसी क्रम में डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल ग्राम उलनार तहसील बकावंड में दीपावली उत्सव का आयोजन प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में धूमधाम से किया गया जिसके अंतर्गत इंटर हाउस वह खुली विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जैसे इंटर हाउस दिया सज्जा तोरण सज्जा, पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता वह खुली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सांस्कृतिक विभाग प्रभारी कुमारी सुकृती ठाकुर, श्रीमती मोनिका साहू कुमारी दीपिका यादव एवं समस्त शिक्षकों के उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें बोर्ड सज्जा में प्रथम हंसराज हाउस, द्वितीय दयानंद हाउस, तृतीय विरजानंद हाउस, चतुर्थ श्रद्धानंद हाउस दिया। सज्जा में प्रथम दयानंद, द्वितीय श्रद्धानंद, तृतीय विरजानंद, चतुर्थ हंसराज। पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम विरजानंद, द्वितीय दयानंद, तृतीय श्रद्धानंद, चतुर्थ हंसराज, द्वार तोरण सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम विरजानंद, द्वितीय श्रद्धानंद हाउस, तृतीय हंसराज हाउस, चतुर्थ दयानंद हाउस रहे। कार्यक्रम का समापन देव गण राष्ट्रगान व अतिथि एवं प्राचार्य के आशीर्वचन के साथ हुआ और सभी को दीपावली की बधाई दी गई।

# जिले के शिक्षक मेहुल ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण पदक, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को गोवा में 26 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेलों में मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाने वाले जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला देवडोंगर में शिक्षक के रूप में कार्यरत मेहुल साहू का कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मेहुल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि से जिले के युवाओं और बच्चों को नयी प्रेरणा मिलेगी। इस प्रेरणा से वे भी खेल के क्षेत्र में उन्नति कर सकेंगे।



इस संबंध में मेहुल ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के बाद शुरुआती वर्षों में क्रिकेट में कैरियर बनाने का सफर शुरू किया था, पर कश्मीर के अनन्तनाग में एक बार छुट्टी मनाने जाने पर वहां आयोजित प्रतियोगिता में पहली बार मिनी गोल्फ से रूबरू होते ही उन्होंने उसमें कैरियर बनाने के संबंध में पहली बार विचार किया। इसके पश्चात् लगातार रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ मिनी गोल्फ फेडरेशन, ओलंपिक संघ के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया साथ ही पढ़ाई भी चलती रही। वे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुके हैं। पहली बार गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मिनी गोल्फ प्रतियोगिता के शामिल होने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 27 सदस्यीय दल में शामिल होकर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने डबल्स पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। जो कि राज्य को प्रतियोगिता में प्राप्त 03 स्वर्ण पदकों में शामिल है। मेहुल ने बताया कि वे अब उत्तराखंड में होने वाली 38 वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए आशान्वित हैं।

**उत्साहवर्धन करते हुए कलेक्टर ने जिले के बच्चों का भी मार्गदर्शन करने को कहा**

कलेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिलाने और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी को निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी मेहुल को सम्मानित किया। मेहुल साहू वर्तमान में माकड़ी विकास खण्ड के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला देवडोंगर में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

# सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक ने मनाया दीवाली मिलन



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के दिनेश कुमार पाठक एचआर हेड द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते श्री पाठक ने कहा कि दीपावली पर्व आपसी भाईचारा का संदेश देती है तथा हमें प्रेरणा देती है कि हम मिलकर रहें। हिंददेश चंदेल ने भी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं दी।

यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष राजूलाल श्रेष्ठ ने दीपावली के पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा दीपावली आपस में भाईचारा, सद्भावना, संप्रदायिक एकता तथा खुशी को इजहार करने का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान राम 14 वर्ष वनवास काटने के पश्चात अयोध्या लौटे थे तब अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर खुशी का इजहार किया था तब से ये परम्परा जारी है। कार्यक्रम को अंबुजा सीमेंट के उप महाप्रबंधक एचआर की अंतरयामी सामल ने भी संबोधित कर सभी कर्मचारियों को दीपावली की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सेहा सिंह ने की तथा कार्यक्रम का समापन तथा आभार व्यक्त यूनियन के सचिव दिनेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में अंबुजा सीमेंट के विभागीय, प्रमुख राजू जोशी, आर. एस. कुर्मी, प्रमुख डाक्टर आशीष शुक्ला, मनोज गिरी, अमित मुखर्जी, ईश्वर सभापति, जितेंन्द्र वर्मा तथा यूनियन की ओर से यूनियन के अध्यक्ष हिन्देश चन्देल, सुरेश वैक्लब, मनोज वर्मा, राकेश मिश्रा, वेदप्रकाश वर्मा, टापलाल वर्मा, महेन्द्र टिकरिल, एस. विश्वास, सुनील लहरी, प्रदीप ठाकुर, कामदेव धृतलहरे, नाथूराम साहू, नंदकिशोर बैष्णव, तुकाराम लहरी, टेकराम यदु, टेकराम देवांगन, राजीव वर्मा के साथ सैकड़ो कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# सैकड़ों बौद्ध भिक्छुओं की उपस्थिति में हुआ तपोभूमि में राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन



**राजनांदगांव,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, 7 नवम्बर को तपोभूमि, शिवनाथ नदी तट (ऑक्सीजोन मोहारा) भंवरमरा राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित नैसर्गिक वातावरण के बीच पूज्य भदन्त आनंद महास्थविर, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय भिक्खु महासंघ भारत नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में एवं *भिक्खु धम्मतप* आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भिक्खु धम्मतप जी अध्यक्ष मेत्ता संघ व आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपने उपदेश में कहा प्रतिवर्ष शिवनाथ नदी तट स्थित तपोभूमि में राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन विश्व में शांति एवं मानवता का पैगाम देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भगवान गौतम बुद्ध ने 2500 वर्ष पूर्व अज्ञानता को दूर करने के लिए धम्मचक्र गतिमान किया आज विश्व में धम्मचक्र गतिमान है जिसके कारण विश्व में मैत्री, करूणा और बंधुत्व का संदेश फैल रहा है। संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी ने आप सभी को बुद्ध का धम्म देकर विश्व में भाईचारा का संदेश दिया है और तो और लाखों - करोड़ों लोगों का रक्त का संचय किये है। क्योंकि बुद्ध कहते है जिस प्रकार आपको मृत्यु का भय उत्पन्न होता है उसी प्रकार अन्य प्राणी को भी मृत्यु का भय होता है इसलिए आपने अन्य प्राणी की हत्या नहीं करना चाहिए, इस तरह बुद्ध के प्रासंगिक उपदेश ने जन - मानस में करूणा, दया व मैत्री का संदेश दिया है। इसलिए बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने हमें बुद्ध धम्म देकर सभी प्राणी के प्रति दया, करूणा व मैत्री करने की भावना देकर हमारे रक्त को और अन्य लोगों के रक्त को संचय किया है, ऐसे महापुरूष को हम संविधान निर्माता कहते है, भारतरत्न कहते है, विश्वरत्न कहते है, अस्पृश्यों के महिसा कहते, दीन - दुखियों के उधारक कहते है, बोधिसत्व कहते है। जब हम विश्व की ओर देखते है तो डॉ. भीमराव आम्बेडकर हमें इस तरह दिखाई देते है समता का नाम है आम्बेडकर, बंधुता का नाम है आम्बेडकर, भाईचारा का नाम है आम्बेडकर, समानता का नाम है आम्बेडकर, स्वतंत्रता का नाम है आम्बेडकर, करूणा का नाम है आम्बेडकर, दया का नाम है आम्बेडकर और तो और मैत्री का नाम है आम्बेडकर वो हस्ती है *डॉ. भीमराव आम्बेडकर जिन्होंने भारत को विश्व में पहचान दिलाई, वो है आम्बेडकर। पूज्य भदन्त आनंद महास्थविर जी* नई दिल्ली ने अपने उपदेश में कहा भारत में बुद्ध का जन्म हुआ, विश्व में भारत की पहचान है, जब भी भारत का प्रधानमंत्री हो या कोई भी मंत्री व उद्योगपति विदेश जाता है तो कहता है मै बुद्ध के धरती से आया हूँ क्योंकि भारत का नाम विश्व पटल में बुद्ध की वजह से शांति, करूणा व मैत्री के रूप में दर्ज है। मै तुझमें नहीं हूँ, तू मुझमें नहीं है फिर तुम कौन है, आदमी - आदमी एक दूसरे को मिटाना चाहता है। जब तक यह व्यमनस्ता नष्ट नहीं करेंगे तब तक भाईचारा निर्माण नहीं होगी इसलिए मै, मै, के अहंकार को जब तक दूर नहीं करेंगे तब तक आपस में भाईचारा निर्माण नहीं होगा, भाईचारा निर्माण करने के लिए मै, मै, तू, तू, की भावना को दूर करना होगा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बेमेतरा , प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस प्रतियोगिता को लेकर वे बहुत उत्साहित थे। इस प्रतियोगिता में दिया सजाओ, ग्रीटिंग बनाओ व सुआ नृत्य शामिल था जिसमें बच्चों ने अपने रचनात्मक कौशल का उपयोग करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया साथ ही सुवा नृत्य में स्वयं सुआ गीत गाकर नृत्य का प्रदर्शन किया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं से हसीना ने प्रथम स्थान ,कक्षा 9वी से आंचल ने प्रथम स्थान ,कक्षा आठवीं से दुर्गेश्वरी ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं से यामिनी ने प्रथम स्थान ,कक्षा छठवीं से त्रिलोचना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं से जागेश्वरी ने प्रथम स्थान, कक्षा 9वी से रेशमा ने प्रथम स्थान, कक्षा आठवीं से उषा ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं से सानिया ने प्रथम स्थान, कक्षा छठवीं से क्रुतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुआ नृत्य जो कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं के बीच हुआ में कक्षा छठवी की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में सीएससी नीलकंठ सियारे , अधीक्षिका सुषमा शुक्ला शर्मा, राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे ,सावित्री यादव ,दीप्ति नौरंगे ,सोनाली सोनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और दीपावली की शुभकामनाएं दी।



# धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर एवं जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था एवं अपराधो पर नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा संध्या पैदल पेट्रोलिंग एवं शहर के चौक चोराहों में लगा पुलिस का फिक्स पॉइन्ट दुकानदारों को दुकान से बाहर सड़क पर सामान ना रखने की दी गई हिदायत।*त्यौहारों के मद्देनजर राजनांदगांव शहर के अंदर बाजार में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा न करे।धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के मद्देनजर राजनांदगांव शहर एवं जिला के समस्त थानों में यातायात व्यवस्था एवं अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी अमित पटेल एवं डीएसपी यातायात प्रभारी हेमप्रकाश नायक के नेतृत्व में शहर एवं समस्त थानों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने दल बल के साथ शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजार-हाट एवं मुख्य शहर मार्ग पर खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में संध्या पैदल पेट्रोलिंग की गई एवं पुलिस की फिक्स पॉइन्ट भी लगाया गया। धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार को देखते हुए बाजार में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाने हेतु दुकानदारों को अपने दुकान का सामान सड़क पर ना रखने की हिदायत दी गई। शहर के मुख्य मार्ग व बाजार में त्यौहारो की खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में लोगों को जाम की परेशानियों से बचाने के लिए राजनांदगांव शहर के अंदर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा ना करें अन्यथा चलानी कार्यवाही की जायेगी। यातायात नियमों का पालन करें।



# मतदान टीम ने घर पर जाकर कराया बुजुर्गो और दिव्यांगों का मतदान

**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत एक ऐसा लोकतंत्र हैं जहां 18 वर्ष से लेकर अधिक उम्र के मतदाता अपने मनपसंद उम्मीदवार को किसी भी निर्वाचन में वोट देने, चुनने का स्वतंत्र अधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक कदम आगे बढ़कर 80 उम्र से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत को देखते हुए घर से मतदान करने की सुविधा दी है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को लेकर ज़िले की तीनों विधानसभा के लिए तक़रीबन तैयारियाँ पूरी हो गयी है ।

आज शुक्रवार को 80 उम्र से अधिक 16 बुजुर्ग और 2 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया। जिला मुख्यालय मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी संबंधित मतदाताओं के घर मतदान करने के लिए रवाना हुए। मतदान दल के साथ माइक्रो आब्जर्वर भी शामिल थे।80 से अधिक उम्र के दिव्यांग मतदाताओं में विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से 4, बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान किया । विधानसभा क्षेत्र क्र. 69 बेमेतरा से 7 और विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 5, बुजुर्ग मतदाताओं ने इस खूबसूरत लोकतंत्र के लिए पुरें उत्साह के साथ मतदान किया वही बेमेतरा विधानसभा से 2 दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का घर से ही प्रयोग किया मतदान दलों ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ मतदान की कार्रवाई को पूर्ण किया बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं सहित उनके परिजनो ने मतदान दल और निर्वाचन आयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडवीया का भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने किया अभुतपूर्व स्वागत



**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारीके नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर बेमेतरा के प्रमुख चौक पुराना बस स्टैंड पर आतिशबाजी और फूल माला के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया गया ।

अति व्यस्ततम कार्यक्रम के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी का बेमेतरा जिले के मुख्यालय से गुजरते वक्त भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी एवं उनके सैकड़ो समर्थकों के द्वारा हृदय स्थल बेमेतरा पुराना बस स्टैंड में स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा हर्ष वर्धन तिवारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीना देवी साहू शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू नंदू राठी राजा शर्मा विजय सुखवानी अजय मिश्रा सिद्धांत तिवारी गोलू कोसले पीयूष शर्मा मनोज पटेल शिवम दीवान नीलकंठ पटेल मनोज सिन्हा गन्नू साहू नरेश राय बलराम राय यशवंत टंडन सिद्धार्थ तिवारी तुषार साहू ओंकार साहू मनोज बंजारे एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# आई एम ए की शत प्रतिशत मतदान हेतु पहल

**बालोद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी 17 नवम्बर के विधानसभा चुनाव हेतु इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन बालोद ने सभी लोगो से अपील की है की वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे। संस्था के अध्यक्ष डा प्रदीप जैन एव सचिव डॉ एव्ही महेश्वर के आम लोगो से अपील की है कि वे लोकतंत्र को मज़बूत करने हेतु वोट अवश्य देवे। पाँच साल में एक बार मिलने वाले इस अवसर को न गवाये। 17 नवंबर की अपने सारे कार्यक्रमों को दरकिनार कर प्राथमिकता के साथ सपरिवार मतदान करने जाये एव प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बने। इस चुनाव में हमे अवसर मिला है कि हम साथ मिलकर लोकतंत्र की दीपावली का उत्सव मनाये।

# शंकराचार्य का गुरुकृपा प्रसादम् में आगमन आज



**सहसपुर लोहारा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती का सहसपुर लोहारा में पण्डित देव दत्त दुबे के निज निवास श्री गुरुकृपा प्रसादम् में दिव्य आगमन हो रहा है जहाँ समस्त राजपुरोहीत दुबे परिवार पादुका पूजन करेंगे । इस अवसर पर समस्त नगर एवं क्षेत्र वासियों को शंकराचार्य जी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा ।

# कुम्हारी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**कुम्हारी,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। कुम्हारी पालिका क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में रैली के माध्यम से चुनाव प्रचार किया। रैली में मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल सुपुत्री स्मिता बघेल कुम्हारी प्रभारी राजेन्द्र साहू पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर शामिल होकर विभिन्न वार्डों के मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सीएम भूपेश बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने समर्थन मांगा। रैली स्टेशन चौक से प्रारंभ होकर वार्ड क्रमांक 5 प्रभात चौक में बड़ी सभा के रूप में समाप्त हुई। इस जनसभा में आम नागरिकों को संबोधित करते हुए स्मिता बघेल ने कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित विभिन्न घोषणाओं के बारे में बताया उन्होंने महिलाओं की समृद्धि व किसानों को मजबूती प्रदान करने के लिए सीएम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा मे उपस्थित लोगों को चैतन्य बघेल ने कांग्रेस पर भरोसा कर एक बार फिर जीत दिलाने की बात कही। उनके द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हुए विकासकार्यों की क्रमवार जानकारी भी दी गई। कुम्हारी चुनाव प्रभारी राजेन्द्र साहू ने मंच पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए घोषणाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के विजयी होने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा किसानों का धान उचित 3200 सौ रुपये मूल्य पर 20 चिंटल प्रति एकड़ ख़रीदी की जायेगी 200 यूनिट बिजली बिल माफ किया जायेगा यहीं नही केजी 1 से लेकर कॉलेज तक कि पढ़ाई भी मुफ्त में करने का वादा भी दोहराया। गैस सिलेंडर 500 सौ रुपये से कम कीमत पर मिलने की भी जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में 17 नवंबर को बड़ी संख्या में मतदान कर भारी बहुमत से विजय दिलाने का आग्रह भी किया । सभा में भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 साल भाजपा के शासन में प्रदेश को सिर्फ नुकसान हुआ बीजेपी कार्यकाल में भाजपा नेताओं का विकास हुआ किसानों को धोखा दिया गया लोगों से झूठ बोला गया चंद उद्योगपतियों के हजारों करोड़ माफ किया गया धर्मांतरण के मामले बढ़े चिटफंड कंपनियों ने छत्तीसगढ़ के मजदूर किसानों व आम नागरिकों को लूटा पशुधन का अपमान किया धर्म के नाम पर राजनीति की। जिसके फलस्वरूप पिछले चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंका। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अपने पिछले कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाने की दिशा में काम करते हुए किसानों का कर्ज माफ किया 2500 सौ रुपये चिंटल धान की खरीदी की। महिलाओं को समृद्ध करने का काम किया युवाओं को बेरोजगारी भत्ता व मजदूरों को सम्मान निधि देकर मजबूती प्रदान की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित कर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रहनी प्रदर्शन किया। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन्ही सभी योजनाओं के दम पर कांग्रेस प्रदेश में 75 पर की सरकार बनायेगी। और प्रदेश में फिर से भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही।



# पटाखों का शोर कर ना दे कानों को कमजोर

## दीपावली पर्व में कानों की सुरक्षा हेतु ज़रूरी टिप्स



**राजनांदगांव,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली प्रकाश का पर्व में ज़्यादा तेज आवाज़ वाले पटाखों से रहे सावधान कहीं आपकी सुनने की क्षमता में कर सकते हैं परेशानी , हमेशा के लिए जा सकती सुनने की क्षमता।

श्रवण एवम् वाणी विशेषज्ञ ने बताया की दीपावली की खुशी में वे युवा और बच्चे यह भूल जाते हैं कि इससे उन्हें दो पल की खुशियां तो मिल जाती हैं, लेकिन यह कई तरह की बीमारियों के भी जनक होते हैं।पटाखे की तेज आवाज से हो सकता है कि आपके आसपास किसी व्यक्ति को सुनने की समस्या उत्पन्न हो जाए ।खासतौर पर वृद्ध लोग इससे अक्सर प्रभावित होते रहते हैं । तेज आवाज के पटाखों से बच्चों के साथ साथ गर्भवस्थ शिशुओं व दिल के मरीजों के लिए समस्या खड़ा हो जाती है। लोगों को तेज आवाज वाले पटाखों से परहेज करना चाहिए ,परंतु इसके शौकीन सारे नियम कानूनों को ताक पर रख देते हैं। इतनी तेज आवाज के पटाखे चलाते हैं कि उनकी आवाज से बच्चे ही नहीं बड़े भी डर जाते हैं। आतिशबाजी के शोर से कई लोग अपने सुनने की क्षमता खो चुके हैं। इस बार दीपावली मनाते समय ध्यान रखें, कहीं ऐसा न हो कि पटाखों की तेज शोर, आपके कानों के सुनने की क्षमता को कमजोर न कर दें।

जब दो लोग आपस में बात करते हैं तो उस समय आवाज का स्तर 40 से 60 डेसिबल के बीच होता है। जब ध्वनि का स्तर 90 डेसिबल तक पहुंच जाता है, तो वह आवाज लोगों को कष्ट देने लगती है और कान के सुनने की क्षमता को प्रभावित करती है। कुछ पटाखों में 160 डेसिबल आवाज का स्तर होता है, जो लोगों के कानों के लिए असहनीय होता है ।लोग हो सकते हैं बहरे

160 डेसिबल स्तर की आवाज अगर 0.003 सेकेंड तक कोई भी व्यक्ति सुन ले, तो उसके सुनने की क्षमता कम हो सकती है। कई मामलों में व्यक्ति पूरी तरह बहरा भी हो सकता है। छोटे बच्चों के तो सुनने की क्षमता प्रभावित होने के साथ-साथ कानों के पर्दे भी फट सकते हैं।

इन तेज आवाज़ वाले पटाखे से बहुत से समस्या होती हैं जैसे ध्वनि प्रदूषण कई पटाखों में से बहुत तेज ध्वनि निकलती है, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैलता है। कई पटाखा बम ऐसे भी होते हैं, जिनमें विशेष तौर पर तेज आवाज करने के लिए अत्याधिक मात्रा में बारूद भरा जाता है, जिससे पटाखा फूटने पर असहनीय आवाज होती है। इससे दिल व दिमाग पर भी असर पड़ता हैं सिर दर्द-चक्कर आना कान में गूंजने की आवाज सुनाई देते रहना। कान का पर्दा फटना। कान सुन्न पड़ जाना। पूरी तरह बहरा हो जाना। तेज आवाज वाले पटाखों से छोटे बच्चों के अंदर डर बैठ जाता है। गर्भ में पल रहे बच्चों को भी तेज आवाज बहुत परेशान करती है। अगर कोई अचानक से कहीं पर तेज आवाज वाला पटाखा छोड़ दे और वहां कोई दिल का मरीज हो तो उसे हार्टअटैक आने का भी खतरा रहता है। धमाकों की तेज आवाज से कान में दर्द, सुन्न होना, अस्थायी बहरापन की शिकायत आ सकती है।90 डेसीबल तक सुनने की आदर्श स्थित है।

**बचाव**- दीपावली के दिन घर से बाहर निकलते समय कान में हल्की रुई डालकर निकलें। पटाखे जलाते समय तुरंत दूर हो जाएं। पटाखों वाले हाथों से कान को न छुएं। कानों में दिक्कत होने पर उन्हें कुछ देर की लिए बंद कर लें। दीपावली पर कम से कम पटाखे चलाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि चलाना ही हो तो बहुत कम आवाज करने वाले पटाखे चलाने चाहिए। इससे ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ वायु प्रदूषण भी होता है। प्रशासन को ज्यादा आवाज करने वाले पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा देनी चाहिए। कान पर तेज ध्वनि का काफी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे कई लोगों के सुनने की क्षमता कम हो जाती है या फिर व्यक्ति बहरा भी हो सकता है।

अगर पटाखे जलाते समय कोई अप्रिय घटना हो जाती है, तो तुरंत ई एन टी डॉक्टर के पास जाना चाहिए। कोई भी व्यक्ति जिसे पहले से ही कम सुनाई देता हो, उसे पटाखों से दूर रहना चाहिए। तेज ध्वनि से कई लोगों की सुनने की क्षमता प्रभावित होती है इसलिए पटाखों की आवाज द्वारा कान में कोई भी परेशानी हो तो तुरंत शासकीय ज़िला अस्तपताल बसंतपुर , मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव में ई एन टी डॉक्टर और सीआरसी में श्रवण विशेषज्ञ के पास जाकर सुनाई जांच करवानी चाहिए।

**गजेन्द्र कुमार साहू**
**श्रवण एवम् वाणी विशेषज्ञ राजनंदगाँव**

# मतदान कार्य में संलग्न 1801 अधिकारी कर्मचारी ने किया डाक मतपत्र के माध्यम मतदान

**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों ने डाक मत पत्र का इस्तेमाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसमें 16 बुजुर्ग मतदाता और दो दिव्यांग मतदाता शामिल है 7 पहले दिन 9 नवंबर को जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में और प्रशिक्षण सुविधा केंद्र में 1034 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया 7 आज 767 कर्मियों ने अपने मताधिकार का डाक मत पत्र के माध्यम से प्रयोग किया 7 11 नवंबर को सुबह 9ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मतदान होगा 7 विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3395 अधिकारी कर्मचारी ने निर्धारित प्रारूप में डाक मत पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, इनमें से 1801 मतदान अब तक मतदान किया है शेष कल 11 नवंबर को मतदान करेंगे 7 अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रो में बने सुविधा केंद्रों पर अपना वोट डालना शुरू कर दिए है । विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान कर सकेंगे। इसके लिए ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया हैं 7 डाकमत पत्र की कार्यवाई आज 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी । अब वे पहले की तरह डाकमत पत्र को अपने घर नहीं ले जा सकेंगे। दरअसल पूर्व में चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी कई बार सुविधा केंद्र पर वोट नहीं करते थे, बल्कि वे डाक मत पत्र अपने घर ले जाते थे। कर्मचारियों के पास वोटों की गिनती से शुरू होने से पहले डाक मत पत्र जमा करने का समय होता था। निर्वाचन में लगे कर्मियों को मतदान सुविधा केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की दी है । निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अब सुविधा केंद्रों पर मतदान करेंगे।



# असनींद स्कूल आहाता निर्माण पूर्ण होने के बाद भी भुगतान लंबित



## सरपंच परेशान

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत असनींद में जिला खनिज न्यास मद से हायर सेकंडरी स्कूल में 5 लाख रुपये की लागत से आहाता निर्माण कार्य कराया गया है जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत है। साथ ही आहाता निर्माण के लिए जिला पंचायत से 5 लाख रुपये स्वीकृत भी किया था। लेकिन आहाता निर्माण कार्य पूरा होने के 1 माह बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत ने राशि का भुगतान नहीं किया है जिससे निर्माण कराने वाले ग्राम पंचायत असनींद के सरपंच परेशानियों से जूझ रहे हैं क्योंकि निर्माण एजेंसी ने हायर सेकंडरी स्कूल में आहाता निर्माण के लिए मटेरियल विक्रेताओं से उधारी में ईट, सीमेंट, छड़ सहित राजमिस्त्री और मजदूर लगाकर काम कराया गया है लेकिन राशि अभी तक निर्माण एजेंसी को मिला नही है।

इधर सरपंच रामचंद ध्रुव ने बताया कि वर्ष 2022-2023 में ग्राम पंचायत को जिला पंचायत के द्वारा जिला खनिज न्याय निधि से हायर सेकेंडरी स्कूल में आहाता निर्माण का कार्य आया था 1 माह से काम पूरा हो चुका है मगर अब तक पंचायत को राशि भुगतान नही किया गया है जबकि सत्यापन हुए 1 माह हो चुका है कलेक्टर सर से हस्ताक्षर भी हो चुका है, लेकिन अभी तक राशि नही मिला सका है, सरपंच ने कहा कि डीएमएफके बाबू विजय बघेल को फोन करते है जिला पंचायत सीईओ को भी फोन करते है मगर अधिकारी फोन नही उठाते आज एक माह बीत चुका है साहूकार रोज घर मे तगादा मार रहे हैं, दीपावली सर पर है लेकिन जिम्मेदार भुगतान नही कर रहें है, अगर विभाग जल्द भुगतान नही किया गया तो खेत बेचकर लगता है, कर्ज चुकाना पड़ेगा।

*इनका कहना है-मुझे इस संबंध में जानकारी नही है, आप डीएमएफके बाबू विजय बंजारे से बात कर लीजिए।*

-**नम्रता जैन** सीईओ
जिला पंचायत, बलौदाबाजार

## गंभीर पीड़ित महिला की पेरा अम्लाइकल हार्निया का सफल ऑपरेशन

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। एडी वैष्णव चिकित्सालय सलोनी कला रोड भटगांव में एक अत्यंत दुर्लभ प्रकार की ऑपरेशन का सफ्लतापूर्वक इलाज हुआ है। उक्त मरीज की एक सप्ताह पूर्व अन्य चिकित्सालय में बड़ी ऑपरेशन द्वारा बच्चें का जन्म हुआ था, इसके पश्चात उसकी डिस्चार्ज हो गई थी तथा वह घर आ गई थी. घर आने के 2 दिन पश्चात उसकी नाभि के निचले हिस्से तथा ऑपरेशन के ऊपर हिस्से से अंदर की अतडियां एवं ओमेंटम पेट को फाढ़ते हुए बाहर आ गई थी। मरीज जब चिकित्सालय में आई तो अत्यंत गंभीर स्थिति में थी तथा तत्काल ऑपरेशन द्वारा ईलाज कि जरूरी थी। चिकित्सालय की डायरेक्टर डॉक्टर निधि वैष्णव तुरंत मरीज के परिजनों को मरीज की स्थिति के बारे में बृहद जानकारी दी तथा ऑपरेशन करने की सलाह दी.मरीज की चिकित्सालय में भर्ती होने के पश्चात तुरंत उसकी ऑपरेशन करके उक्त पेरा अम्लाइकल हार्निया को पुन: रिपेयर की गई। डॉक्टर निधि वैष्णव द्वारा बतलाया गया कि समय पर इलाज न होने से मरीज की मृत्यु की संभावना बनी हुई थी। वर्तमान मे मरीज अभी खतरे से बाहर है तथा स्वस्थ है।

# भटगांव में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**भटगावं/बलौदाबाजार,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शा. उ. मा.विद्यालय भटगांव के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली पूरे भटगांव नगर में निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में सत प्रतिशत मतदान हो साथ ही साथ देश में लोकतंत्र की भावना मजबूत हो इसका भी लक्ष्य रखा गया था। इसी कड़ी में स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी रखी गई थी।

रैली में मुख्य रूप से सेजेस भटगांव के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, प्रथम पाली के प्रभारी कु. चिन्मयी तृप्ति मिश्रा, कु.कौशल्या पटेल, मयंक मोहन, एस के पटेल, अवधेश सोनवानी, अजय नारंग, रचना तंबोली, हंसा पटेल, निशा राठौर, सेवंती पटनायक, ज्योति नारंग, जयसवाल, सोनू कोशले, मयंक मोहन, करियारी, श्याम लाल जयसवाल,सैलेंड्री जयसवाल ,ललिता जयसवाल, लक्ष्मी कांत बारेठ, प्रगति पटेल, पृथु तिवारी, लक्ष्मी टेथवार, प्यारेलाल सुमन, अजय दिनकर एवं पत्रकार गणों का भी प्रमुख सहयोग प्राप्त रहा। साथ ही साथ नगर वासियों में चुनाव के प्रति उत्साह देखने को मिली।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कांग्रेसियों की बैठक लेंगे

**सरायपाली,** 11 नवंबर। 12 नवंबर दिन रविवार को 11बजेछत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैजका आगमन हो रहा है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व सरायपाली विधान क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद की उपस्थिति में बैठक संपन्न होगा। सरायपाली विधानसभा चुनाव पर्वेक्षक लक्ष्मण पटेल सरायपाली विधानसभा प्रभारी नरेंद्र सेन सरायपाली विधानसभा चुनाव प्रभारी श्याम तांडी उपस्थित रहेंगे। सभी जोन प्रभारी सैक्टर के प्रभारी बूथ अध्यक्ष बूथ प्रभारी एवं कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठ के पदा अधिकारी महिला कांग्रेस के समस्त पदा अधिकारी एवं कांग्रेस के समस्त जन अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का कस्ट करेंगे आप सभी से निवेदन है कि इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की कृपा करेंगे।

## यादव समाज द्वारा गिरि गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन

**सरायपाली,** 11 नवंबर (देशबंधु )। यादव समाज सरायपाली द्वारा 14 नवंबर दिन मंगलवार को वार्ड क्रमांक 12 उड़ियापरा सरायपाली में गिरी गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें पूजा-हवन,भंडारा एवं अन्य कार्यक्रम किया जाएगा। यादव समाज सरायपाली के नरेंद्र कुमार यादव संयोजक, संरक्षक मनोरथ लाल यादव, रथराम यादव, दासरथी यदु, हितेश यादव पार्षद, पवन यादव अध्यक्ष, महेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव उपाध्यक्ष , प्रदीप यादव, टिंकू यादव, संजय यादव आदि द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु,भक्तगण एवं सामाजिक बंधु पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## रासेयो इकाई ने मनाया दीवाली मिलन समारोह

**बलौदाबाजार,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय में दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों को स्वनिर्मित मिट्टी तथा गोबर के दिये भेंट स्वरूप प्रदान कियें। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा अपने-अपने घरों में मिट्टी के दिये जलाकर पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए प्रदूषण रहित दीपोत्सव मनाने का संदेश दिया गया। प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा सभी छात्राओं को उक्त कार्य की प्रशंसा की तथा ग्रीन दिवाली की पहल के साथ स्वच्छ व शुभ दिवाली की बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती रोशनी लता, डॉ. विद्या पाण्डेय, डॉ. सुलेखा राउत, श्री संजय बघेल, सुश्री सुष्मा दिवान व समस्त अतिथि व्याख्याता तथा महाविद्यालय की छात्राएं रमा, सरिता, वर्षाश्री, सोनिया फेकर, सहित बड़ी सुख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# दुर्गा उमावि लम्बर के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**सरायपाली** 11 नवम्बर (देशबंधु) राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन में व जीपी पटेल प्राचार्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयं सेवको द्वारा रैली में नारों के माध्यम से जन जागरुक करने का प्रयास किया गया। लम्बर के चौक चौराहो पर गीत व नारों से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस लोकतंत्र के महाअभियान में, हम सभी मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत बनायें, 17 नवम्बर को मतदान करने अवश्य जायें। बनों देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। उस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जी. पी. पटेल, जे के जायसवाल, बी एल साहू, एम.डी. मानिकपुरी टी. आर. जायसवाल, सी.आर. जायसवाल, एन. के. साहू, ए. के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री , दल नायक सुमित चौरसिया दल नायिका प्रीति साहू शाला नायक किरण चौधरी चुम्मन पटेल व अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

# रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष मे खरोरा के रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन स्कूल के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल वैशाली गुप्ता शिक्षिका ममता भारद्वाज, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, निधि वर्मा और शिक्षिका शामिल हुए। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के अधिक विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किया। इसमें कक्षा पहली की विद्यार्थी भव्या जांगड़े सड़क सुरक्षा,कक्षा एल के जी की विद्यार्थी जयलक्ष्मी पुरेना सौर मंडल,कक्षा दुसरी की विद्यार्थी श्रेया वंशे पर्यावरण सुरक्षा,कक्षा एल के जी का विद्यार्थी योगराज पाल स्मार्ट सिटी व कक्षा पहली की विद्यार्थी टीया पटेल सौर ऊर्जा कक्षा सातवी का विद्यार्थी काव्या देवांगन ने होलोग्राम सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। हैंड एंड क्राफ्ट का अलग से प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल संस्थापक ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संस्थापक ने विद्यार्थियों के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की। संस्थापक ने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। कहा विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाएं। बच्चों को प्रेरित करते हुए संस्थापक ने कहा आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। संस्थापक ने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।



# सामान्य प्रेक्षक तापस राय व राजनीतिक दलों के समक्ष किया गया स्ट्रांग रूम सील



**बिलाईगढ़,** 11 नवम्बर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 08 नवंबर को हुए प्रथम रेण्डमाईजेशन (पूरक) के वोटिंग मशीनों की सीरीज को विधिवत रिजर्व में सारंगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय और राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और प्रतिनिधियों के समक्ष रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया। सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय ने स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ जवान को कहा अब सुरक्षा का जिम्मा आपका। जवान ने पूरे विश्वास से कहा, सभी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी ने भी रिजर्व मशीनों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया। इस अवसर पर एनआईसी के तकनीकी सहायक और भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत इंजीनियर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार राशन, बिजली, ईलाज व शिक्षा मुफ्त

## भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

**सिमगा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सिमगा में कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए भाटपारा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील किया। उन्होंने ने विशाल जनसमूह के सामने हुंकार भरते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए पुन: सरकार बनने पर लागू करने की बात कही।

मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख योजनाएं जिसमें राशन, 200 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, ईलाज एवं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा सहित 3200 सौ में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, एवं कर्जा माफ करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने गरीब परिवार के लिए अतिंम संस्कार के लिए 2000 रूपये देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई गारेंटी नहीं है क्योंकि उनकी सरकार में उन्होंने अपने घोषणाओं को पुरा नहीं किया तो अब क्या करेंगे। मुख्यमंत्री ने आमसभा के पूर्व जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। वहीं सिमगा सोनकर समाज से भाजपा के पूर्व एल्डरमैन शांतनु सोनकर सहित 19 कार्यकर्ताओं एवं भाटपारा के पांच बार के पार्षद प्रदीप शर्मा एवं भाजपा के शहर मंत्री राजा शर्मा को मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव धरसींवा विधायक अनीता शर्मा पूर्व विधायक चैतराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सुशील शर्मा सुनील महेश्वरी सतीश अग्रवाल अरूण ताम्रकार हितेंद्र ठाकुर रामबिलास साहू शैली भाटिया कुबेर यदु अय्यूब खान रिंकू भाटिया दीनबंधु शर्मा हिरेद्र कोसले रवि साहू धरमचंद जैन दशरथ चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे । सिमगा में आयोजित इस विशाल आमसभा का सफल आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने किया।



# धनतेरस में बाजार हुआ गुलजार

## सराफा, मिठाई, बर्तन, रेडीमेड गारमेंट्स, पूजा सामग्री लेने लगी ग्राहकों की भीड़



**खरोरा**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस के साथ ही आज से बाजार में नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा की रौनक दिखाई देने लगी है। आज धनतेरस पर्व होने के कारण बाजार में रौनक दिखाई दी। लोगो द्वारा खरीददारी शुरू कर दी है। सराफा, कपड़ा, मिठाई, बर्तन, मोबाइल, बाईक,पूजा सामग्री, की खरीदने की भीड़ दिखाई दी। लोगों द्वारा घर और दुकानों पर रंग बिरंगी झालर से सजावट की गई। धनतेरस के पावन पर्व पर पूरे देश में लोगों के द्वारा जमकर खरीददारी कि जाती है। बाजार में लोकल फार वोकल का असर दिखाई दिया। लोग भारतीय सामानों की खरीदी में विशेष रूची दिखा रहे हैं ।

# 13 दिए जलाकर मांगा आरोग्य का आशीर्वाद



**खरोरा**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। खरोरा सहित अंचल के अनेक गांवों में शनिवार शाम धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर उनसे आरोग्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर 13 दीए प्रज्वलित किए और पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक घरों में जल रहे दीए की रोशनी से पूरा घर जगमगा उठा। आरती वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर्व सभी के जीवन में उल्लास लेकर आता है आरोग्य देने वाले आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने 13 दीए पीढ़ा पर रख नारियल, अगरबत्ती, झाड़ तथा प्रसाद खरीदारी होगी। हालांकि त्यौहार रखकर पूजा-अर्चना की। परिवार के सभी सदस्यों ने आरती उतारी तथा भगवान धन्वंतरि की जय जय कार की। घरों की इस बार लोगों में काफी उत्साह है। घर की दीवार तथा दरवाजे पेंट से चमका रहे हैं।

# दीवाली पर पटाखे जलाते समय आंखों का रखें खास खयाल

**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। रोशनी के त्योहार दीवाली पर पटाखों की रौनक न दिखे तो त्योहार अधूरा सा लगता है। बच्चों के साथ बड़ों को भी दीपावली में फूलझड़ी और पटाखें जलाने में बेहद आनंद आता है। पटाखें जलाते समय बच्चों का खास ध्यान रखना जरूरी है। असावधानीवश कई बार पटाखों और फूलझड़ी से बच्चों के हाथ जल जाते हैं। अगर जली हुई जगह का तुरंत उपचार नहीं किया जाए तो परेशानी बढ़ सकती है। दीवाली के दिन अगर आप भी पटाखें और फुलझड़ी जला रहे हैं तो सावधानी के साथ जलाएं। लापरवाही या दुर्घटनावश अगर किसी का हाथ जल जाए तो तुरंत घर में ही प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर के पास जाएं।



शरीर के किसी अंग के जलने पर इसका दो तरह का प्रभाव होता है। सुपरफिशल बर्न में जलने के बाद छाला हो जाता है, जबकि डीप बर्न में शरीर का जला हिस्सा सुन्न हो जाता है। अगर जले हुए हिस्से पर दर्द या जलन हो रही है तो इसका मतलब हालत गंभीर नहीं है। ऐसे में जले हुए हिस्से को पानी की धार के नीचे तब तक रखें जब तक जलन कम न हो जाए। इससे न सिर्फ दर्द कम होगा, बल्कि छाले भी नहीं होंगे। अगर लगातार जलन या दर्द हो रहा हो तो तुरंत बिना देरी के डॉक्टर के पास जाएं।

**लापरवाही से हो सकती है दुर्घटना**

अक्सर देखा जाता है कि लोग जल जाने के बाद बरनॉल, टूथपेस्ट, नीली दवा आदि लगा लेते हैं। इससे उस वक्त तो जलन खत्म हो जाती है, लेकिन ये सब लगाने से जला हुआ हिस्सा रंगीन हो जाता है जिससे डॉक्टर को पता नहीं चल पाता कि जला हुआ हिस्सा कैसा है? जले हुए हिस्से को कम से कम 15 मिनट तक या जब तक कि जलन बंद न हो जाए, ठंडे पानी में रखना चाहिए। यदि घायल हिस्से को पानी के नीचे लाना कठिन हो, तो साफ, मुलायम कपड़े को ठंडे पानी में भिगोएं और जले हिस्से पर इसे रखें, लेकिन रगड़ें नहीं। इससे शरीर के ऊतकों की गर्मी को बाहर करने में मदद मिलेगी। ऐसा करने से आगे और नुकसान नहीं होगा और यह दर्द भी कम करेगा। उमंग उल्लास के इस त्यौहार में हमें अपने स्वास्थ्य का और विशेष रूप से आंखों का ध्यान रखना आवश्यक है ।खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं ।और सड़क पर पटाखे ना फोड़े।आतिशबाजी करते समय आंखों को सुरक्षित रखे सादा चश्मा पहनें।

आंखों में खुजली होने पर तो रगड़े नहीं, तुरंत साफ पानी से धोऐं। सावधानी के साथ पटाखे जलाएं ।

आंखों में किसी प्रकार की आपात चिकित्सा के लिए डॉ.भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय एवं एम्स रायपुर में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

# किसान नेता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



**सिमगा,** 11 नवंबर। सिमगा क्षेत्र के किसान नेता अय्यूब मेमन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूष कांग्रेस का झंडा लेकर आजाद चौक से मेन रोड होते हुए बिलासपुर रोड स्थित भव्य रैली के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। आम सभा से पूर्व किसान नेता ने मंच से संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीछले पांच वर्षों किए गए वादों को पूरा नहीं किया वे मात्र जुमलेबाज प्रधानमंत्री है । लोग उनकी घोषणाओं पर विश्वास ना करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भरोसे की सरकार है वह जो कहते हैं उसे पूरा कर के दिखाते हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया । तथा भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

उल्टा पुल्टा

**पिता (पुत्री से)**- मिनी तुम मुझे पहले पापा कहती थी और अब मुझे डैड कहना शुरु कर दिया। क्या वजह है?

**मिनी**- कम ऑन डैड, पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है।

# धनतेरस पर छत्तीसगढ़ में 1300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

## 26 हजार से ज्यादा दोपहिया और 4 हजार से ज्यादा कारों की बिक्री



**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। खरीदारी के महामुहूर्त धनतेरस के दिन रायपुर सहित प्रदेशभर के बाजार गुलजार रहे और उम्मीद से ज्यादा कारोबार हुआ। जबर्दस्त कारोबार का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि दोपहर दो बजे के समय भी सदर बाजारए पंडरीए मालवीय रोड सहित कई क्षेत्रों में जाम की स्थिति बनी रही। इस वर्ष विशेषकर आटोमोबाइल की रफ्तार ज्यादा रही और एक ही दिन में प्रदेशभर में 26 हजार से ज्यादा दोपहिया और चार हजार से ज्यादा कारों की बिक्री हुई। कार.बाइक के बाद सराफा की चमक भी जबर्दस्त रही और दोपहर बाद से ही सदर बाजार के सराफा संस्थानों के साथ ही पंडरी स्थित सराफा संस्थानों में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। प्रदेशभर में धनतेरस के दिन सभी सेक्टरों को मिलाकर लगभग 1,318 करोड़ का कारोबार हुआ।

**सराफा में सिक्कों से ज्यादा आभूषणों की बिक्री**- सराफा बाजार भी धनतेरस में चमक उठा और लोगों ने जमकर खरीदारी की। इस वर्ष सराफा संस्थानों में सोने के सिक्कों की तुलना में मंगलसूत्र, चैन, नेकलेस, कंगन, टाप्स सहित अन्य आभूषणों की बिक्री ज्यादा हुई। संस्थानों में उपभोक्ताओं को बनवाई में छूट का आफर दिया गया। विशेषकर डायमंड के गहनों में ज्यादा छूट दी गई। त्योहारी व शादी सीजन के हिसाब से पारंपरिक गहनों के साथ ही नए फैशनेबल गहनों की रेंज सराफा संस्थानों में उपलब्ध हैं।

**कपड़ों की हुई जमकर बिक्री**

इस वर्ष त्योहारी सीजन के साथ ही चुनावी सीजन भी चल रहा है। लोग त्योहारी व शादी सीजन के हिसाब ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤

### ईडी की कार्रवाई पर सीएम भूपेश बघेल का बीजेपी पर तंज

# भाजपा बौखला गई है, कांग्रेस को डिस्टर्ब करना, चिटफंड, पनामा, महादेव एप की क्यों नहीं होती जांच ? : भूपेश

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को रायगढ़ दौरे के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने राजस्थान में ईडी की कार्रवाई पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। राजस्थान में बुरी तरीके से हारने वाले हैं, बीजेपी कांग्रेस को डिस्टर्ब करना चाहती है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के बयान पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि शिष्टाचार का पालन बीजेपी को करना चाहिए। सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री की बहू हैं उनके बारे में क्या-क्या बोला है। भारतीय जनता पार्टी वाले किन-किन शब्दों का प्रयोग करते हैं ?

भूपेश बघेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जैसे बनी, बोनस देने पर मोदी ने प्रतिबंध लगाया था। रमन सिंह ने बोनस नहीं दिया, मैं देना चाहता हूं चिट्ठी भी लिखा हूं, केंद्र सरकार अनुमति देगी तो दो साल का बोनस भी किसानों को देंगे। बीजेपी के विकास का रॉकेट वाले



वीडियो पर सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि 15 लाख रुपये सबके खाते में पहुंच गए, सबके अच्छे दिन भी आ गए, 2 करोड़ लोगों को नौकरियां भी मिल गई। घोषणा तो कोई भी कर सकता है। घोषणा और गारंटी पर भरोसा किस पर है ? 5 साल हम लोगों ने काम किया है। कांग्रेस पर भरोसा है। बीजेपी पर भरोसा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने ईडी आईटी की कार्रवाई पर केंद्रीय मंत्रियों के बयान को लेकर कहा कि सीबीआई जांच करने के लिए हाई कोर्ट गए हैं। चिटफंड घोटाले की जांच क्यों नहीं होना चाहिए ? पनामा पेपर और नान घोटाले की जांच क्यों नहीं होना चाहिए ? छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव ऐप के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। केंद्र सरकार पकड़ क्यों नहीं रही है। क्या सांठ-गांठ है उनके साथ ? महादेव ऐप को बंद नहीं कर रहे हैं। फैक्ट्री मालिक के साथ क्या समझौता हुआ है यह तो बताएं ?


## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं




### 14 को प्रियंका का रोड शो, 15 को आएंगे राहुल



**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतिम पड़ाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 70 सीटों के लिए तूफानी प्रचार करेंगे। चुनाव से पहले यह राष्ट्रीय नेताओं की आखिरी और प्रभावी प्रचार होगा। मतदान से पहले मतदाताओं का समर्थन हासिल करने वाली महत्वपूर्ण चुनावी सभा साबित होगी। कांग्रेस आखिरी समय में 70 सीटों के लिए आक्रामक प्रचार करने जा रही है। 14 नवंबर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका ➤➤ *शेष पृष्ठ 4 पर* ➤




### अमलीडीह सहित विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है।









# ये वो लोग हैं जो चुनाव के समय बोनस और बाद में तैं कोन हस बोल देते हैं




## भाजपा के महतारी वंदन योजना वाले फॉर्म पर सीएम भूपेश बघेल का तंज

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। बिंद्रानवागढ़ प्रत्याशी जनक ध्रुव के प्रचार में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देवभोग के झाखरपारा हेलीकॉप्टर पहुंचे थे. उनके साथ हाउसिंग बोर्ड के डायरेक्टर विनोद तिवारी भी मौजूद थे. आम जनता की भिड़ को संबोधित करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने क्या-क्या वायदा किया और उसे कैसे निभाया. मुख्यमंत्री ने अपने चालू कार्यकाल के सभी योजनाओं को गिनाते हुए कहा की हमने सभी वर्गों के हित का ध्यान रखा.

सीएम बघेल ने भाजपा द्वारा महिलाओं के लिए बनाई गई महतारी वंदन योजना पर चुटकी लेते हुए कहा कि वो लोग अभी फार्म भरवा रहे हैं. हमने भी कई योजनाएं लागू किया. जनता से पूछा कि क्या कभी हमने फार्म भरवाया. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि ये वो लोग है जो चुनाव के समय बोनस और बाद में तैं कोन हस बोल देते हैं.

**लाभ का धंधा हुआ खेती, सिंचाई की सुविधा बढ़ाएंगे**

सीएम बघेल ने कहा की केंद्र के भाजपा सरकार के आडंगा के बावजूद हमारी सरकार अब किसानों को धान की कीमत 3200 रुपये देने जा रही है. खेती अब लाभ का धंधा हो गया है. क्षेत्र में किसानों के लिए सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए भी सरकार काम करेगी. आगे उन्होंने कहा की सूखे से जिनके फसल प्रभावित हुआ है वो किसान भी चिंता न करें. राजीव न्याय योजना के तहत उन्हें 9 हजार प्रति एकड़ राशि मिलेगा ही. साथ-साथ किसान भाईयों को बीमा की राशि भी देंगे.

# जन अधिकार मोर्चा ने लोगों को मुफ्त में दिए दीपक



**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जन अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा शनिवार को दलपत सागर के निकट कृष्ण मंदिर के सामने 1100 मिट्टी के दीपक लोगों में बांटे गए। सचिव किरण देवांगन ने कहा कि यह लगातार तीसरा वर्ष है जब संगठन के द्वारा निःशुल्क दीपक बांटे गए हैं। जन अधिकार मोर्चा के द्वारा यह पहल वर्ष 2021 में शुरु की गई थी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है ताकि लोग स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें इससे देश के लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह भी बताना है कि दीपावली दीपों का त्यौहार है। इस त्यौहार पर इलेक्ट्रोनिक लाइट की जगह ज्यादा से ज्यादा दीप प्रज्ज्वलित किए जाएं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन,प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती तिवारी, प्रदेश संयोजक आरती सिंह, , जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी , जिला सचिव रंजीता खोरा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निगरानी दलों ने 66.88 करोड़ की नगदी व वस्तुएं की जब्त

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 9 नवम्बर तक की स्थिति में 66 करोड़ 88 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 18 करोड़ 13 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 9 नवम्बर तक 47 हजार 846 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ 37 लाख रुपए है। साथ ही 4 करोड़ 7 लाख रुपए कीमत की अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 20 करोड़ 57 लाख रुपए कीमत के 493 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 22 करोड़ 74 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# महिलाओं के साथ वादा खिलाफी कांग्रेस का चरित्र : डॉ. रमन सिंह

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा की सुनिश्चित जीत को देखते हुए कांग्रेस के दिमाग ने काम करना बंद कर दिया है। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी जी की गारंटियों ने कांग्रेस का मानसिक संतुलन बिगाड़ दिया है। इनके राष्ट्रीय नेता राहुल और प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ की जनता को जो गारंटियां दे गए थे, उन गारंटियों को कांग्रेस ने बार-बार बदलकर यह साबित कर दिया है कि उसे अपने राष्ट्रीय नेताओं पर भरोसा नहीं है और छत्तीसगढ़ की जनता को छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मुख्यमंत्री, उनकी सरकार और कांग्रेस पर भरोसा नहीं है। इसलिए अब कांग्रेस अपनी घोषणाओं पर चर्चा करने के बजाय भाजपा के घोषणा पत्र की समीक्षा करने पर ज्यादा जोर दे रही है।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महिला विरोधी कांग्रेस अपनी सरकार का दुरुपयोग करते हुए पुलिस और प्रशासन तंत्र के साथ अपने कार्यकर्ताओं के जरिये हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करा रही है ताकि हमने महिलाओं के हित में जो गारंटी देश के प्रधानमंत्री की ओर से दी है वह महिलाओं तक न पहुंच पाए। महतारी वंदन के फार्म भरवाने हमारे कार्यकर्ता प्रदेश की माताओं, बहनों तक जा रहे है तो कांग्रेस के कार्यकर्ता पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उन्हें रोक रहे है। कांग्रेस ने तो महिलाओं को तो कुछ नहीं दिया सिर्फ धोखा दिया। भाजपा महतारी वंदन करने निकली है तो वह भी कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं है। हमे हमारे संकल्प पत्र का प्रचार करने से कोई नहीं रोक सकता लेकिन सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग सरेआम हो रहा है। भिलाई, वैशाली नगर, दुर्ग, सीतापुर दल्लीराजहरा इलाकों में ज्यादा मिल रहे हैं भाजपा इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग में करेगी।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस की वादाखिलाफियों से छत्तीसगढ़ की जनता अच्छी तरह वाकिफ है। ये वादा तो कर लेते है लेकिन जब निभाने की बारी आती है तो साफ मुकर जाते है। इसी तरह महिलाओं को प्रियंका गांधी गारंटी दे गई कि 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे लेकिन कांग्रेस ने इसे बदल कर घोषणा की है कि गैस सिलेंडर में 500 रुपए की सब्सिडी देंगे।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महिलाओं से शराबबंदी का वादा करने वाली कांग्रेस ने 2000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया। महिलाओं से वादा किया गया था कि साल में 4 गैस सिलेंडर मुफ्त में देंगे, महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करेंगे, विधवा पेंशन देंगे, बुजुर्ग महिलाओं को पेंशन देंगे, हर थाने में महिलाओं की सहायता के लिए डेस्क का वादा किया गया था महिलाओं पर होने वाले अपराधों की संख्या पांच साल में इस तरह बढ़ी है कि कोई भी महिला स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही है। कांग्रेस ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। एक भी वादा कांग्रेस की सरकार ने नहीं निभाया। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अब तक कांग्रेस 19 बार घोषणाएं कर चुकी है और इन्हें बदलती जा रही है। हर बार उनकी घोषणाओं में अंदर आ जाता है। राहुल गांधी ने घोषणा की कि 2800 रुपये प्रति च्विंटल की दर से धान खरीदेंगे। दिल्ली से इनके एक और नेता जयराम रमेश आए और घोषणा कर गए कि 3000 रुपए प्रति च्विंटल की दर पर धान खरीदेंगे। जब भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 3100 रुपए प्रति च्विंटल की दर से 21 च्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी दे दी तो उसके बाद कांग्रेस ने अपने नेताओं की घोषणाओं को ठुकराकर 3200 रुपए का रेट शो कर दिया। यह दिखावेबाजी किसी काम नहीं आने वाली। बार-बार अपने घोषणा पत्र बदलने वालों पर कौन भरोसा करेगा और जो पहले भी ढेरों वादे करके सत्ता में आकर अपने वादों से मुकरते रहे हो उनके खोखले वादों पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा उदारण युवाओं के साथ वादाखिलाफी का है 10 लाख युवाओं को नौकरी देने और नौकरी न देने की स्थिति में हर माह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया और साढ़े चार साल तक कांग्रेस ने यह भत्ता नहीं दिया और स्पष्ट तौर पर कांग्रेस की ओर से कहा कि बेरोजगारी भत्ता देने का वादा घोषणा पत्र में शामिल नहीं है।

## चेम्बर का दीपावली मिलन समारोह कल

**रायपुर,** 11 नवंबर। छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्षानुसार दीपावली मिलन समारोह सोमवार, 13 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियो, व्यवसायिक संगठनों के पदाधिकारियो,सदस्यों एवं आम जनता को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।उन्होंने चेम्बर के सभी सदस्यों को चेम्बर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## निधन

### राघव जी भाई गजरा

**रायपुर,** 11 नवंबर। प्रतिष्ठित बारदाना व्यवसायी राघव जी भाई गजरा (बबल भैया) आत्मज स्व. जीवराज भाई गजरा उम्र 72 साल का 11 नवंबर को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए बबल भैया अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए।



### इंद्रावती देवी

**भिलाईनगर,** 11 नवंबर। स्टेशन मरोदा निवासी श्रीमती इंद्रावती देवी पति स्व. लालता प्रसाद उम्र 66 वर्ष का आज निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे धर्मेंद्र कुमार एवं हेमंत कुमार की माता थी।



# सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तेजी से हो रहा निराकरण

**रायपुर**, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) पर प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सी विजिल के माध्यम से अब तक राज्य में प्राप्त कुल 3891 शिकायतों में से 3218 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है और शेष शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी-विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सी-विजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक गैर कानूनी प्रचार-प्रसार क्रियाकलापों का पता लगते ही मिनटों के अंदर तथा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई (उड़न दस्ते/स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

# डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया दीपोत्सव



**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश अर्थात अन्य पर न्याय बुराई परआई अच्छाई का प्रतीक है। यह त्यौहार रोशनी व सजावट का मुख्य त्यौहार है जो केवल भारतवर्ष ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन धनसंपदा और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी एवं भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। घरों दुकानों एवं शहर ग्राम को फूल माला दिया लाइट से सजाया जाता है। इसी क्रम में डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल ग्राम उलनार तहसील बकावंड में दीपावली उत्सव का आयोजन प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में धूमधाम से किया गया जिसके अंतर्गत इंटर हाउस वह खुली विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जैसे इंटर हाउस दिया सज्जा तोरण सज्जा, पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता वह खुली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सांस्कृतिक विभाग प्रभारी कुमारी सुकृती ठाकुर , श्रीमती मोनिका साहू कुमारी दीपिका यादव एवं समस्त शिक्षकों के उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें बोर्ड सज्जा में प्रथम हंसराज हाउस, द्वितीय दयानंद हाउस, तृतीय विरजानंद हाउस, चतुर्थ श्रद्धानंद हाउस दिया। सज्जा में प्रथम दयानंद, द्वितीय श्रद्धानंद ,तृतीय विरजानंद ,चतुर्थ हंसराज। पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम विरजानंद, द्वितीय दयानंद, तृतीय श्रद्धानंद, चतुर्थ हंसराज, द्वार तोरण सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम विरजानंद, द्वितीय श्रद्धानंद हाउस, तृतीय हंसराज हाउस, चतुर्थ दयानंद हाउस रहे। कार्यक्रम का समापन देव गण राष्ट्रगान व अतिथि एवं प्राचार्य के आशीर्वचन के साथ हुआ और सभी को दीपावली की बधाई दी गई।

## कैपिटल जोन का शेष...

### धनतेरस पर छत्तीसगढ़ में...

से उपहार देने के उद्देश्य से भी कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। कारोबारियों की मानें तो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 30 फीसद ज्यादा कारोबार हुआ है।

**टीवीए फ्रीज, वाशिंग मशीन के नए माडलों में मिला आफर**

इलेक्ट्रानिक्स कंपनियों द्वारा भी उपभोक्ताओं को आकर्षक आफर दिए गए। इसके अंतर्गत टीवीए फ्रीजए वाशिंग मशीन सहित अन्य उत्पादों पर आकर्षक छूट व उपहार भी दे रहे। साथ ही फाइनेंस कंपनियों द्वारा भी कैशबैक आफर दिया गया।

### 14 को प्रियंका का ...

गांधी छत्तीसगढ़ आएंगी। रायपुर में प्रियंका गांधी का रोड शो भी प्रस्तावित है। 15 नवंबर को एआईसीसी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी छत्तीसगढ़ आएंगे। इसके बाद एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दौरा भी संभावित है। विधानसभा चुनाव को अब एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है। इससे पहले प्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए तमाम सारी पार्टियों के दिग्गज नेता लगातार जनता के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहें है। जहां एक तरफ बीजेपी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी दूसरे चरण से पहले छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहीं है।

## मतदान दलों को सामग्री का वितरण मानस भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज व साईंस कालेज में

**दुर्ग**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के 1485 मतदान केन्द्रों के लिए 16 नवम्बर को मानस भवन दुर्गए पॉलीटेक्निक कालेज दुर्ग एवं साईंस कालेज दुर्ग में मतदान दलों को प्रातः 6 बजे से सामग्री का वितरण किया जाएगा। मानस भवन दुर्ग में विधानसभा पाटन, दुर्ग शहर, साजा, बेमेतरा ;आंशिकके लिए, पॉलीटेक्निक कालेज दुर्ग में दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा तथा साईंस कालेज में भिलाई नगर एवं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। 17 नवम्बर को शाम 5 बजे से जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र एवं दो आंशिक विधानसभा क्षेत्र की मतदान सामग्री वापसी शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज जुनवानी में होगी। इसी प्रकार मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा एवं सहायक अधिकारी मो.जावेद अली नगर निगम दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण, मतदान वापसी केन्द्र में साफसफाई व्यवस्था का कार्यभार सौपा गया है। इसी तरह नोडल अधिकारी सी.पी. दीपांकर खाद्य नियंत्रक दुर्ग को मतदान वितरण एवं मतदान वापसी केन्द्र में प्रातः चाय/नाश्ता, दोपहर का भोजन की व्यवस्था का कार्यभार सौपा गया है।

# दीवाली पर पटाखे जलाते समय आंखों का रखें खास खयाल

**रायपुर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। रोशनी के त्योहार दीवाली पर पटाखों की रौनक न दिखे तो त्योहार अधूरा सा लगता है। बच्चों के साथ बड़ों को भी दीपावली में फूलझड़ी और पटाखें जलाने में बेहद आनंद आता है। पटाखें जलाते समय बच्चों का खास ध्यान रखना जरूरी है। असावधानीवश कई बार पटाखों और फूलझड़ी से बच्चों के हाथ जल जाते हैं। अगर जली हुई जगह का तुरंत उपचार नहीं किया जाए तो परेशानी बढ़ सकती है। दीवाली के दिन अगर आप भी पटाखें और फुलझड़ी जला रहे हैं तो सावधानी के साथ जलाएं। लापरवाही या दुर्घटनावश अगर किसी का हाथ जल जाए तो तुरंत घर में ही प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर के पास जाएं।

शरीर के किसी अंग के जलने पर इसका दो तरह का प्रभाव होता है। सुपरफिशल बर्न में जलने के बाद छाला हो जाता है, जबकि डीप बर्न में शरीर का जला हिस्सा सुन्न हो जाता है। अगर जले हुए हिस्से पर दर्द या जलन हो रही है तो इसका मतलब हालत गंभीर नहीं है। ऐसे में जले हुए हिस्से को पानी की धार के नीचे तब तक रखें जब तक जलन कम न हो जाए। इससे न सिर्फ दर्द कम होगा, बल्कि छाले भी नहीं होंगे। अगर लगातार जलन या दर्द हो रहा हो तो तुरंत बिना देरी के डॉक्टर के पास जाएं।

अक्सर देखा जाता है कि लोग जल जाने के बाद बरनॉल, टूथपेस्ट, नीली दवा आदि लगा लेते हैं। इससे उस वक्त तो जलन खत्म हो जाती है, लेकिन ये सब लगाने से जला हुआ हिस्सा रंगीन हो जाता है जिससे डॉक्टर को पता नहीं चल पाता कि जला हुआ हिस्सा कैसा है? जले हुए हिस्से को कम से कम 15 मिनट तक या जब तक कि जलन बंद न हो जाए, ठंडे पानी में रखना चाहिए। यदि घायल हिस्से को पानी के नीचे लाना कठिन हो, तो साफ, मुलायम कपड़े को ठंडे पानी में भिगोएं और जले



**लापरवाही से हो सकती है दुर्घटना**

हिस्से पर इसे रखें, लेकिन रगड़ें नहीं। इससे शरीर के ऊतकों की गर्मी को बाहर करने में मदद मिलेगी। ऐसा करने से आगे और नुकसान नहीं होगा और यह दर्द को भी कम करेगा। दीवाली हर्षोल्लास का त्योहार है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही से आपकी खुशियों पर ग्रहण लग सकता है। इसलिए सुरक्षित ढंग से यह त्योहार मनाएं।

**दीवाली पर पटाखे जलाते समय नेत्र सुरक्षा भी है जरूरी**

उमंग, उल्लास और खुशी के साथ हमें अपने स्वास्थ्य का और विशेष रूप से आंखों ध्यान रखना भी आवश्यक है। दीवाली के हर्षोल्लास में ज़रा सी लापरवाही से आंखों की रोशनी भी जा सकती है। इसलिए आंखों की सुरक्षा के लिए पूरी सावधानी बरतें।हमेशा खुले मैदान या खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं। पटाखे जलाने वाले स्थान में साफ पानी उपलब्ध रखें तथा इसे ढंककर रखें। लोगों के आते-जाते समय सड़क पर पटाखे न फोड़े। आंखों को सुरक्षित रखने के लिए आतिशबाजी करते समय सादा चश्मा पहनें। पटाखे जलाने के लिए लंबी डंडी का उपयोग करें जिससे होने वाले धमाके से हाथों या आंखों पर कोई असर न हो।

अनार जैसे पटाखों से आंखों और चेहरे पर चोट के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं, इसे हमेशा दूर से ही जलाएं। पटाखों को छूने के बाद उसी हाथ से आंखों को न छुएं, इससे रसायनों के आंखें में जाने का खतरा रहता है। आंखों में जलन या खुजली हो रही हो तो रगड़े नहीं, तुरंत हाथों को साफ करके साफ पानी से आंखों को धोएं। रॉकेट जैसे पटाखे जलाते वक्त यह देख लें कि उसकी नोक खिड़की, दरवाजे या किसी खुली बिल्डिंग की तरफ न हो। यह दुर्घटना का कारण बन सकता है। पटाखे जलाते वक्त पैरों में जूते-चप्पल जरूर पहनें। अकेले पटाखे जलाने के बजाय सबके साथ मिलकर पटाखे जलाएं जिससे आपात स्थिति में लोग आपकी मदद कर सकें।

आंखों में किसी भी प्रकार की आपात चिकित्सा के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय एवं एम्स रायपुर में 24 घण्टा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

CMYK

# दीवाली पर चमका फूलों का बाजार



**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। इस वर्ष दीवाली पर्व इसी रविवार को मनाया जाएगा। रोशनी और रंगों के इस पर्व में फूलों का भी विशेष महत्व होता है क्योंकि पर्व पर जब धन.धान्य की देवी मां लक्ष्मी भ्रमण पर निकलती हैं तो उनका स्वागत फूलों से किया जाता है। मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए तैयारियां जोरों से चल रही हैं। घरों को फूलों से सजाया जा रहा है। ऐसे में फूलों का बाजार भी चहक रहा है। फूल चौक स्थित दुकान के फूल विक्रेता सौरभ देवांगन ने बताया कि त्योहार नजदीक आते ही कोलकाता और मुंबई से फूलों की बड़ी खेप शहर पहुंच रही है। वहीं आर्टिफिशियल मालाओं का बाजार भी गर्म है।

### कोलकाता पुणे और बैंगलोर से पहुंच रहे फूलों के खेप

सिविल लाइन स्थित दुकान के फूल विक्रेता सूरज मांझी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना इस बार फूलों की कीमत में गिरावट आई है। गेंदा की एक लड़ी 30 रुपये में मिल रही है। पिछले वर्ष 35 रुपये रही थी। गेंदा गुलाब और चमेली के बनी माला 50 से 200 रुपये तक उपलब्ध है।

### आर्टिफिशियल फूल और मालाओं का भी बढ़ा चलन

शादी से लेकर विशेष पर्व में आर्टिफिशियल फूलों की मांग बढ़ी है। घर को सजाने के साथ बूके के रूप में दूसरों को देने और माला के रूप में आर्टिफिशियल फूलों का उपयोग किया जा रहा है। सजावटी सामग्री विक्रेता अभिजीत गांगुली ने बताया कि दीवाली में घर को सजाने के लिए सबसे ज्यादा आर्टिफिशियल फूलों का उपयोग किया जाता है क्योंकि यह जल्दी खराब नहीं होते और लंबे समय तक चलते तरोताजा दिखते हैं। आजकल ऐसे फूल और पत्तियां मिलने लगे हैंए जो दिखने में बिल्कुल असली दिखाई देते हैं। इसके लिए गुलाब, कार्निशन, एन्थोरियम, जरबेरा,आर्केट, लिलियम और लिली के आर्टिफिशियल फूलों का उपयोग किया जा रहा है। सुगंध के लिए इसमें सुगंधित स्प्रे भी किया जाता है।

### पर्व के नजदीक आते ही फूलों के बढ़े भाव

टाटीबंध से लगे नंदनवन के नजदीक फूलों की खेती कर रहे किसान प्रवीण चावड़ा ने बताया कि पूजा में सबसे ज्यादा गेंदा फूल का उपयोग किया जाता है। इसलिए मैं 10 एकड़ में गेंदा फूल की खेती कर रहा हूं। सस्ता होने के कारण शहर में इस वर्ष कोलकाता से ज्यादा फूल मंगाया जा रहा है। त्योहार नजदीक आते ही भाव ने तेजी पकड़ी और 30 रुपये प्रति किग्रा गेंदा फूल बेचे जा रहे हैं। इससे पहले 10 से 15 रुपये में बेचा जा रहा था। दूसरे शहरों से आने वाले फूलों में गुणवत्ता के आधार पर 15 से 25 रूपये प्रति किग्रा में फूल मिल रहे हैं। हालांकि चुनाव और चुनाव के परिणाम को देखते हुए बाजार में फूलों की मांग बढ़ सकती है और अच्छी कीमत मिल सकती है।

# चुनाव को लेकर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक



**कानून व्यवस्था और आचार संहिता के पालन कराने दिये आवश्यक निर्देश**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के दूसरे चरण के लिए 17 नवम्बर को चुनाव होने वाला है चुनाव को लेकर रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी और जिले में चुनाव के लिए आये अर्धसैनिक बल के अधिकारियों की बैठक ली एसएसपी ने शराब या अन्य वस्तु बांटकर चुनाव को कोई प्रभावित ना करे इसके लिए सतर्क और सजग रहकर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया प्रत्याशियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और प्रचार के दौरान कोई अप्रिय स्थिति ना हो इसके लिए सजग रहने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी को निर्देशित किया साथ ही चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और चुनाव संबंधित अन्य शिकायतों पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए विधिसम्मत निराकरण किये जाने के लिए सभी को आदेशित किया इसमें किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिले में लगे सभी एसएसटी पॉइंट और एफएसटी पॉइंट को प्रभावी रूप से चेकिंग सुनिश्चित कराने के लिए बताया गया सभी एसएसटी पॉइंट्स पर अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे एसएसपी ने एरिया डोमिनेशन एवम् फ्लैग मार्च और पैदल पेट्रोलिंग के लिए जिला बल एवं अर्धसैनिक बल को मिलकर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया इसके साथ ही केंद्रीय बलों के अधिकारियों को रायपुर जिले के संबंध में ब्रीफकिया गया अगले 6 दिनों में की जाने वाली ड्यूटी के बारे में भी चर्चा की गई।

# टिकट चेकिंग अभियान में पकड़ाए 209 मामले



**रायपुर मंडल को 107320 का राजस्व मिला**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय.समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से आज 10 नवम्बर को स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के ट्रेनों मे रेलवे मजिस्ट्रेट ग्रिजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सहायक वाणिज्य मंडल प्रबंधक दुलार साय चौहान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक श्री टाटा बाबु राव एवं मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक एण्जेना सहित 11 टिकट चेकिंग स्टाफ 07 आरपीएफस्टाफ एवं 07 जीआरपी स्टाफ भी शामिल थे। इसमें साउथ बिहार एक्सप्रेस एवं आजाद हिन्द एक्सप्रेस में चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 209 मामलों से 107320 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया।

# दीवाली पर इस बार 50 ट्रक से अधिक की रंगोली की खपत



**मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने घर–घर रंगोली से संवरे**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर प्रत्येक घर के मुख्य द्वारए आंगन को सजाने के लिए आकर्षक रंगोली बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। वैसे तो सात रंग प्रमुख होते हैं लेकिन 50 से अधिक रंगों से युक्त रंगोली का बाजार सज चुका है। धनतेरस से लेकर कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली तक लगभग 15 दिन रंगोली सजाई जाएगी। मुख्य बाजारों के अलावा गली.मोहल्लों की दुकानों में भी रंगोली को युवतियां पसंद कर रहीं हैं। केवल राजधानी में ही 50 ट्रक से अधिक रंगोली का बाजार है। लगभग दो करोड़ रुपये की रंगोली सजाई जाती हैं।

गोलबाजार के प्रसिद्ध दरोगाजी रंगोली वाले के संचालक हाजी मोण् जाहिद भाई बताते हैं कि रंगोली कई प्रकार से बनाई जाती है। इनमें आटा रंगोलीए रेत रंगोलीए साबूदाना रंगोली भूसा रंगोली फूल पत्तियों की रंगोलीए धान की रंगोली विविध अनाजों की रंगोली पत्थर को पीसकर बनाई गई रंगोली प्रमुख हैं। बाजार में रंगोली की कीमत 40 रुपये से लेकर 200 रुपये किलो है। सबसे ज्यादा कीमत पत्थर के पाउडर से बनी रंगोली की रहती है। इसके अलावा आटाए रेतए धान से बनाई गई रंगोली भी खूब बिकती है।

**राजस्थान के मकराना पत्थर की रंगोली:** राजस्थान के मकराना पत्थर को पीसकर बनाई जाने वाली रंगोली में विविध तरह के रंगों का मिश्रण किया जाता है। थ्रीडी रंगोली रंगोली आर्टिस्ट सिद्धार्थ सोनी बताते हैं कि शादी समारोह अथवा बड़े पर्वों पर रंगोली सजाने का काम मिलता है। एक आकर्षक रंगोली सजाने के लिए 200 से 300 रुपये का खर्च आता है। आजकल थ्रीडी रंगोली बनाने का चलन है। बड़े बंगलों के द्वार पर रंगोली सजाने के लिए लोग बुलवाते हैं।

**प्रत्येक घर में तीन–चार किलो रंगोली:** आमापारा में रंगोली खरीदने आई मुनमुन तिवारी ने बताया कि वे अपने घर के द्वार पर धनतेरस से लेकर भैया दूज तक और इसके पश्चात तुलसी विवाहए कार्तिक पूर्णिमा पर रंगोली सजाती हैं। लगभग 12 रंगों की रंगोली एक.एक पाव खरीदतीं हैं। 15 दिनों की त्योहार में तीन से चार किलो रंगोली की खपत हो जाती है। यदि बड़े आकार की रंगोली सजाएं तो रंगोली की खपत पांच से छह किलो तक हो सकती है।

**अगहन गुरुवार को सजता है रंगोली से आंगन:** रंगोली खरीद रही महिला शोभा देवी ने बताया कि दीपावली पर्व के अलावा अगहन मास के प्रत्येक गुरुवार को महिलाएं अपने घर के द्वार पर रंगोली सजाकर माता लक्ष्मी को घर पधारने का आमंत्रण देतीं हैं। दीपावलीए छठ पूजाए नवरात्रए ओणमए अक्षय तृतीयाए बसंत पंचमी जैसे पर्वों और परिवार में मांगलिक कार्यों के दौरान भी रंगोली सजाने की परंपरा है। वे अपने घर पर रंगोली हमेशा अवश्य रखतीं हैं। रंगोली सजाना शुभ कार्यों का प्रतीक है।

# रिटायर पोस्टल कर्मचारी से अधिकारी ने की मारपीट

**संघ ने की गिरफ्तार करने की मांग**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जयस्तंभ चौक स्थित मुख्य डाकघर में रिटायर पोस्टल कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले अधिकारी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने की है। कार्यवाही में विलंब होने पर दीपावली के बाद संघ मुख्य डाक घर के सामने प्रदर्शन करेगा। पेंशनर्स महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा महामंत्री अनिल गोल्हानी बी एस दसमेर आर जी बोहरे ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि राजातालाब रायपुर निवासी गंज उप डाक घर से सेवानिवृत पेंशनर वी एन यादव अपने पेंशन कार्ड को अपडेट कराने तथा मासिक पेंशन राशि के विलम्ब से भुगतान होने को लेकर जयस्तंभ मुख्य डाक घर गए थे। वहां एकाउंट अफसर के पद पर प्रभारी अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे एडिशनल डायरेक्टर ए के सिंह से बातचीत कर रहे थे। बातचीत में बहस के दौरान अधिकारी अचानक भड़क गए और जूता लेकर बुजुर्ग पेंशनर के साथ मारपीट किया है। इस कृत्य की पेंशनर्स महासंघ घोर निन्दा करता है। इस घटना पर बुजुर्ग पेंशनर ने गोल बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। परंतु पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त अधिकारी के विरुद्ध अभी तक जांच के बहाने कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिस कार्यवाही में जानबूझकर विलम्ब कर रहा है। जिसके कारण अधिकारी के हौसले बुलंद हैं। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने बुजुर्ग पेंशनर के साथ मारपीट करने वाले अधिकारी को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है और कार्यवाही में विलम्ब होने पर दीवाली के तुरन्त बाद मुख्य डाक घर के सामने प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया है।

# ज्वेलरी दुकान में लाखों की चोरी

**विंडो एसी का ग्रिल काटकर नकदी व सोने–चांदी के जेवर किए पार**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मौदहापारा थाना क्षेत्र के जय राम कांप्लेक्स स्थित पद्मावती ज्वेलरी दुकान में डिंवो एसी का ग्रिल काटकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी रकम पार कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद चोर उसी रास्ते से निकल गए। सात लाख 55 हजार की चोरी हुई है। इसके पांच लाख रुपये नकदी रकम और मोबाइल चोरी कर ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घटना स्थल की छानबीन कीए परंतु चोरों का सुराग हाथ नहीं लग सका। चोरी की वारदात थाने से महज 500 मीटर दूरी पर हुई है। पीड़ित पद्मावती ज्वेलरी के संचालक मोहन नगर जिला दुर्ग भावेश जैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार का कहना है कि अन्य दिनों की भांति गुरुवार की रात करीब नौ बजे उसने व्यवसाय करने के बाद दुकान बंद किया था। दुकान के शटर में ताला जड़ने के बाद वह वापस अपने घर चला गया। सुबह दुकान का ताला खोला तो अंदर सामान बिखरा पकड़ा था। विंडो एसी का ग्रिल काटकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। माना जा रहा है कि चोरों ने ग्रिल को काटने के लिए गैस कटर का प्रयोग किया होगाए शायद यही वजह है कि आस.पास के लोगों को घटना की भनक तक नहीं लगी। सीवीटीवी कैमरे की निगाह से बचने के लिए सभी ने चेहरा भी ढंक रखा था।

**पुराने कर्मचारियों से पूछताछ:** पुलिस कुछ दिनों पर दुकान से काम छोड़ने वालों की पतासाजी कर रही है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई है। पुलिस को यह भी शक है कि ठंड के साथ बाहरी गिरोह के एंगल पर भी जांच कर रही है।

**चुनाव प्रचार के दौरान हमला पर बवाल**

# मेरी खुली चुनौती है, सीट भूपेश तय कर लें, हरा कर दिखाऊंगा : बृजमोहन



**दीपावली को अशांत करने की पूरी योजना थी**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विस चुनाव में प्रचार के दौरान हमला होने के बाद भाजपा–कांग्रेस आमने–सामनेआ गए हैं। मामला अब बवाल में तब्दील हो गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आज पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जोरदार हमला बोलते हुए उनको आरोपों के कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को लूटने वाले आर्थिक अपराधियों के वे हिस्सेदार हैं। ईडी की टिप्पणी भी यही इशारा करती है।

बृजमोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि बृजमोहन ने हार से बचने के लिए यह नाटक किया है तो मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती देता हूं कि स्थान वे तय कर ले, जहां से वे चुनाव लड़ना चाहते हैं, मैं उनसे मुकाबला करने के लिए तैयार हूं । उन्होंने कहा बृजमोहन सत्ता के अहंकार में नहीं, लोगों के दिलों में जीता है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुझ पर जनसंपर्क के दौरान महापौर के निर्वाचन क्षेत्र अब्दुल रऊफ वार्ड में पठान ड्रेस पहने लोगों ने हमला किया। मेरे सुरक्षा कर्मियों ने मुझे पीछे खींच लिया तो बड़ी दुर्घटना नहीं हो पाई। बृजमोहन ने कहा मैं सात बार का विधायक हूं। एक जनप्रतिनिधि हूं। परंतु इस हमले के बाद मुख्यमंत्री की जो प्रतिक्रिया आई वह बेहद हैरान करने वाली गैर जिम्मेदाराना थी। अपराधियों के लिए दो शब्द बोलने की बजाय उन्होंने मुझ पर ही अपशब्दों का प्रयोग कर दिया और अपराधियों को संरक्षण देने खड़े हो गए। भूपेश बघेल का काम ही यही है। वे हर अपराधी की पैरोकारी करने खड़े हो जाते हैं। यह मेरा ही अपमान नहीं, रायपुर की उस जनता का अपमान है जिसने पिछले 35 सालों से मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है। मुख्यमंत्री को अपने शब्दों के लिए रायपुर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। वरना मैं मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करूंगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ को केरल और पश्चिम बंगाल की तरह बनाना चाहते है।

बृजमोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री पैसाखोर हो गए हैं। जो उन्हें अपनी काली कमाई का हिस्सा देता है, उसके साथ में हमेशा खड़े नजर आते हैं, उनका बचाव करते नजर आते हैं। इतने आरोप लगने के बाद भी अपने उन टट्टुओं जिन पर जग्गी हत्याकांड के आरोप लगे हैं, उन्हें भरपूर संरक्षण मुख्यमंत्री दे रहे हैं। लगता है अपनी पूरी सत्ता ही उन्हें सौंप दी है।

बृजमोहन ने कहा कि आपने कई प्रकार के ठेके का जिक्र सुना होगा परंतु अब कांग्रेस पार्टी चुनाव भी ठेके पर दे रही है। ऐसा ही ठेका रायपुर दक्षिण विधानसभा में दिया गया है। जहां पर जोर जबरदस्ती का खेल खेला जा रहा है। लोगों को 17 तारीख चुनाव के बाद देख लेने की धमकी दी जा रही है। पुलिस में शिकायत करने के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में अब यह समझ लेना चाहिए कि अब अगर हमारे किसी कार्यकर्ता को धमकाया गया तो पुलिस अगर कार्रवाई नहीं करेगी तो हम अपनी कार्रवाई करने बाध्य हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस प्रकार की भाषा का मेरे विरुद्ध उपयोग कर रहे हैं उससे मैं बहुत आहत हूं और इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करूंगा। मानहानि का मुकदमा भी दर्ज कराऊंगा। साथ ही चुनाव आयोग से यह अपील भी करूंगा कि अगले 5 दिनों तक मुख्यमंत्री के ऐसे भाषण पर रोक लगाये।

# मुख्यमंत्री की छवि खराब करने रचा गया था षड़यंत्र



- **ईडी अधिकारियों पर निर्वाचन आयोग करे कार्रवाई**
- **असीम दत्ता के कोर्ट में आए बयान से हुआ साफ : सुशील**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी ने जिस ड्रायव्हर को पकड़ा उसके व्दारा कोर्ट में दिए गए बयान से बड़ा खुलासा हुआ है। ड्रायव्हर को पकड़ने के बाद ईडी की ओर से जारी प्रेस नोट झूठ का पुलिंदा साबित हुआ। सच्चाई यह है कि कांग्रेस के चुनावी अभियान को प्रभावित करने तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने षड़यंत्र रचा गया था। कांग्रेस की मांग है कि निर्वाचन आयोग षड़यंत्र रचने वाले ईडी के अफसरों पर कार्रवाई करे। इनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाये।

राजीव भवन में आज पत्रकार वार्ता में सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी ने सिर्फ एक आरोपी के फौरी बयान के आधार पर मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी जांच के, पैसे लेने का प्रेस नोट हड़बड़ी में जारी कर दिया। असीम दत्ता ने अदालत को दिये अपने आवेदन में कहा है कि मैंने जो कुछ किया वह शुभम सोनी के कहने पर किया। शुभम सोनी मेरा बचपन का मित्र था। उसने मुझको धोखे में रखकर फंसाया है। असीम दत्ता ने अदालत में दिये बयान में कहा कि मैंने किसी राजनैतिक दल के लिये कोई काम नहीं किया है। शुभम सोनी ने मुझे दुबई बुलाया था। उसी ने मुझे मोहरा बनाकर अंधेरे में रखकर फंसाया। दुबई बुलाना, फिर वापस भेजना, फिर एयरपोर्ट पर गाड़ी भेजना, उसके बाद गाड़ी में पैसों का बैग बिना मेरी जानकारी के रखवाना, फिर गाड़ी को होटल से जप्त करवाना, उसके बाद ईडी के द्वारा खुद अंग्रेजी में बयान लिखना तथा मुझसे बिना मेरी सहमति के बयान पर दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवाना, यह सब एक के बाद एक होता चला गया। मैं ज्यादा पढ़ा नहीं हूं। मुझे अंग्रेजी नहीं आती। बयान में क्या लिखा है मुझे नहीं पता। मैं किसी राजनैतिक पार्टी के लिये कभी भी पैसा छोड़ने नहीं गया।

शुक्ला ने कहा कि जिस शुभम सोनी ने असीम दत्ता को मोहरा बनाया भाजपा ने उसी का वीडियो प्रेस कांफ्रेंस कर जारी किया। इससे साफ हो गया है कि ईडी, भाजपा, शुभम सोनी ने मिलकर यह सारा षड़यंत्र रचा। ईडी के आरोप के आधार पर प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री की छवि खराब करने का काम किया। जिस व्यक्ति के तथाकथित बयान को लेकर मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं की छवि खराब करने की कोशिश की गई उसके अदालत में लिखित बयान सामने आने के बाद भाजपा–ईडी का षड़यंत्र खुलकर सामने आ गया है।

# राजधानी में 12 और 13 नवंबर को होगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**पटाखों से झुलसे लोगों को मिलेगी मुफ्त इलाज की सुविधा**

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के वरिष्ठ नेत्र एवं कॉन्टेक्ट लेंस विशेषज्ञ डॉ दिनेश मिश्र हर साल की तरह इस साल भी दीवाली में पटाखों से आंखों में लगी चोटों के निरूशुल्क परीक्षण एवं उपचार के लिए दो दिवसीय नि: शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर रहे हैण् यह शिविर डॉ दिनेश मिश्र के फूल चौक स्थित रायपुर नेत्र चिकित्सालय में 12 नवंबर की शाम से 13 नवंबर की रात्रि तक संचालित होगा बता दें कि दीपावली में चिकित्सकों की अनुपलब्धता और मरीजों को होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए यह शिविर बीते 33 सालों से लगातार आयोजित किया जा रहा है पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर सन 1991 में इस शिविर की शुरूआत की गई थीए ताकि पटाखों के कारण जलने और आंख को होने वाली चोटों के त्वरित एवं निरूशुल्क उपचार की सुविधा मरीजों को प्राप्त हो सकेण् पिछले 32 वर्षो में करीब 2900 से अधिक ऐसे मरीजों का उपचार और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी गई है जिसके चलते इस शिविर की राज्य में एक विशिष्ट पहचान बन चुकी है

# वादों को चुनाव के बाद जुमला बताने वाली भाजपा का क्या भरोसा : विकास उपाध्याय



**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जनवंदन यात्रा में लोगों से जनसंपर्क कर रहे विकास उपाध्याय को जनता ने भरपूर आशीर्वाद के साथ हरसंभव मदद करने आश्वासन दिया है। शनिवार को श्री उपाध्याय आम जनता से मिलने रामनगर, सरोना, पार्थिव नगर, इन्द्रप्रस्थ फेस–2, मीरा नगर व देवनगरी पहुँचे, जहाँ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा उन्होंने साहू समाज, ब्राह्मण समाज व बोहरा समाज की बैठक लेकर अपनी बात रखी और सहयोग मांगा। वे टाटीबंध में व्यापारियों से भी मिले, साथ ही ड्राईवर यूनियन के लोगों से भी भेंट की।

श्री उपाध्याय ने कहा कि भाजपा को जनता अच्छी तरह समझती है कि वह झूठे वादे करती है और चुनाव के बाद अपनी ही बातों को जूमला बताती है, छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए वादे कर दिये हैं और गारंटी फार्म भरा रही है लेकिन आखिर में होगा क्या ? कुछ नहीं, फिर जनता छली जाएगी। कालाधन, 15–15 लाख, प्रति वर्ष 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात आज तक पूरी नहीं हो पायी, ऐसे ही उनके अभी विधानसभा चुनाव में किये गए वादे भी पूरे नहीं होंगे। श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 में जो वादे किये थे उसे पूरा किया, 2023 में फिर जनता के बीच अपने किये काम और नये वादों के साथ हैं, जिसे फिर पूरा करेगी, क्योंकि हमारी गारंटी भी है और वारंटी भी है, भाजपा की तरह हम छल–कपट नहीं करते।

उल्टा पुल्टा

**पिता (पुत्री से)**- मिनी तुम मुझे पहले पापा कहती थी और अब मुझे डैड कहना शुरु कर दिया। क्या वजह है?

**मिनी**- कम ऑन डैड, पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है।

# भाजपा-कांग्रेस के घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ चुनाव का रूख किसानों की ओर मोड़ा

## भाजपा ने कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा

**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)।विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के घोषणा पत्र में किसान व कृषि को केन्द्रीय बिंदु मानकर प्रधानता दी गई है। अब इस विषय पर चर्चा छिड़ गई है कि किसके घोषणा पत्र से किसानों व जनता को ज्यादा लाभ है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि कांग्रेस सरकार बनाये या भाजपा लड्डू किसानों के हाथ है। दोनों ही दल के लोग अपने अपने घोषणा पत्र को ज्यादा लाभदायक बताते हुए एक दूसरे के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताने लगे है।

भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को 31 सौ रूपये धान का समर्थन मूल्य देने, प्रत्येक एकड़ पर 31 सौ रूपये क्विंटल धान का समर्थन मूल्य एक मुश्त भुगतान करने के साथ ही महतारी जतन योदना पर फोकस किया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की पूरी हिन्दू जनता को मुफ्त में अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर दर्शन कराने का वादा भी कर रहे है। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के दर्शन कराने का वादा भी कर रहे है।




भाजपा द्वारा किसानों के हित में लाई योजना से ज्यादा स्वीकार्यता महतारी जतन योजना की देखी जा रही है। भाजपा कार्यालय में रोज ही सौ-दो सौ महिलाएं पहुंचकर इस योजना का लाभ पाने फार्म भर रही है।इस योजना में बगैर किसी वर्ग, पिछड़ा अगड़ा एससी एसटी का भेदभाव किये 1हजार रूपये प्रतिमाह प्रति महिला को देने का वादा किया जा रहा है। महिलाओं से फार्म भराये जा रहे है। भाजपा कार्यालय में मंडल स्तर पर भी पदाधिकारी लोगों से फार्म भराते घूम रहे है।जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि महतारी वंदन योजना से एक महिला को सालभर में 12 हजार रूपये मिलेगें। परिवार यदि दो महिलाएं है तो 24 हजार रूपये मिलेगें।एक महिला को पूरे 5 वर्षो में 60 हजार रूपये मिलेगें। यह योजना किसानों की कर्ज मुक्ति से ज्यादा प्रभावशाली व लोकलुभावन है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का दावा है कि इस योजना से पूरे छत्तीसगढ़ का चुनावी परिदृश्य ही भाजपामय हो गया है।इसके अलावा मात्र 5 सौ रूपये में बीपीएल कार्डधारी महिला को रसोई गैस सिलेण्डर दिया जायेगा। भाजपा के इस घोषणा पत्र को फर्जी बताते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष (ग्रामीण) विशाल देशमुख ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र से ज्यादा लाभ कांग्रेस द्वारा जारी घोषणापत्र से किसानों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 35 वर्षो तक वे किसान राईस मिल, मार्कफेड के अधिकारी रहे है और इस अनुमान के आधार पर वे अपनी बात रख रहे है। भाजपा ने प्रति क्विंटल 31 रूपये धान का समर्थन मूल्य व प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा तो कर दिया है मगर 21 क्विंटल धान पूरे प्रदेश में सिर्फ धमतरी, गुरूर या कुरूद के कुछ हिस्सों में ही होता है।उन्होंने कहा कि वे स्वयं कृषक है उन्होंने पता है कि 18 से 19 क्विंटल धान ही प्रतिएकड़ उत्पादन दर है। उन्होंने गणना करके बताया कि कांग्रेस द्वारा की गई घोषणा के अनुसार एक किसान को एक एकड़ जमीन में 20 हजार 340 रूपये प्रति क्विंटल मिलेगा। भाजपा की गणना से 19 हजार 257 रूपये ही मिलेगा। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## कांग्रेस ने कहा कि भाजपा पर जनता को विश्वास नहीं

### महतारी वंदन योजना के तहत फार्म भराने का मामला

# दो भाजपा प्रत्याशियों को कारण बताओ नोटिस

**दुर्ग**, 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में उल्लेखित महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं से फार्म भराये जाने संबंधी अलग अलग शिकायतें पाये जाने पर संबंधित रिटर्निंग आफिसरों द्वारा दो भाजपा प्रत्याशियों को अलग अलग कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

दोनों भाजपा प्रत्याशियों ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण एवं डोमन लाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा को जारी कारण बताओं नोटिस में संबंधित रिटर्निंग आफिसरों ने कहा है कि वे दो दिनों के भीतर उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिमाह एक हजार रूपये देने का वादा किया है।इसके लिये गांव गांव में कतिपय भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय होकर महिला मतदाताओं से फार्म भरवा रहे है। इस तरह फार्म भरने को आपत्तिजनक व चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपली एवं थनौद के कतिपय ग्रामीणों ने संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर को लिखित शिकायत की थी।

इसी प्रकार के फार्म अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में भी भराये जाने को लेकर अहिवारा विधानसभा क्षेत्र की भी कतिपय ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने संबंधित निर्वाचन अधिकारी से लिखित शिकायतें की थीं।

इन सभी शिकायतों की संबंधित क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसरों द्वारा एफएसटी दल से जांच कराई गई। दोनों जगहों जांच में ये शिकायतें सही पाई गई। सभी शिकायतें सही पाये जाने के बाद संबंधित रिटर्निंग आफिसरों ने अपने अपने क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण व डोमनलाल कोर्सेवाड़ा अहिवारा को अलग अलग नोटिस जारी कहा है कि इस तरह फार्म भराना निर्वाचन आचार संहिता का उल्लंघन है। अत: दोनों भाजपा प्रत्याशियों को संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने निर्देशित किया है कि वे दो दिनों के भीतर संबंधित निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कार्यालय में अपने अपने स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने पर निर्वाचन नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी।




# मुस्लिम समाज से मिलकर कांग्रेसियों ने की अरुण वोरा के पक्ष में अपील



**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)।जुमे की नमाज के बाद आज कांग्रेस नेताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात कर उनसे कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा को समर्थन देकर विजयी बनाने की अपील की। समाज के लोगों ने भी श्री वोरा को भारी बहुमत से विजयी बनाने का भरोसा ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# पारम्परिक के साथ आधुनिक सोहई की भी बाजारों में है खूब मांग



**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)।इस दीपावली पर बाजारों में पारम्परिक व आधुनिक सोहई की भी काफी मांग रही। सौ से डेढ़ सौ रूपये तक प्रति सोहाई की बिक्री हुई। विशेषकर शनिचरी बाजार में पुराने लोक कर्म विभाग के मैदान में ये दूकानें लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि सोहई गोवर्धन पूजा के दिन राऊत समाज के लोग गौ पूजन कर गाय के ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# उत्कृष्ट चिकित्सा क्षेत्र एवं उपलब्धियों के लिये जिला अस्पताल के 10 चिकित्सक सम्मानित




**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग के दस चिकित्सकों को उनकी उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं एवं अनुकरणीय उपलब्धियों के लिये कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र मीणा ने मेमोन्टो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले चिकित्सक इस प्रकार है।


अस्पताल के कुशल प्रबंधन के लिये सिविल सर्जन डॉ.ए.के.साहू सर्जन डॉ. सरिता मिंज, डॉ. कामेन्द्र ठाकुर, बसंत चौरसिया द्वारा एनथेटिक द्वारा आंत के छेद के सफल रिपेयर, डॉ. बी.आर.साहू एनस्थिटिक, डॉ. संजय बलवेन्द्र सहायक, डॉ. रमजी एक दिन में 24 डिलवरी कराने का रिकार्ड बनाये जाने ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢
















# ओए के सहयोग से 900 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया गया

भिलाईनगर, 12 नवम्बर (देशबन्धु)। लीज डीड पंजीयन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के पदाधिकारी बीएसपी प्रबंधन एवं रजिस्ट्रार आफिस दुर्ग से निरंतर संपर्क कर निरंतर समन्वय किया जा रहा है। लीज डीड पंजीयन से संबंधित कार्य हेतु दो हेल्प डेस्क का संचालन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग में प्रतिदिन प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है। यह हेल्प डेस्क 12 नवम्बर से 17 नवम्बर तक बंद रहेगा। पूर्व में लीज डीड के पंजीयन में सर्वप्रथम ऐसे लीज धारकों को प्राथमिकता दी जा रही थी, जो प्रथम आबंटी लीज धारक हैं तथा जिनके सभी दस्तावेज उपलब्ध एवं सही हैं। ओए अध्यक्ष एवं सफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भिलाई के लीजधारकों की आवश्यकताओं को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन से लीज ट्रांसफर केस तथा लीज के शेष राशि भुगतान केस की लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रयास किया। फलस्वरूप बीएसपी के नगर सेवायें विभाग ने लीज ट्रांसफर केस पर लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया है। इस प्रकार लीज डीड पंजीयन के द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ओए अध्यक्ष श्री बंछोर के नेतृत्व में संयंत्र के 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें ओए.बीएसपी तथा हाऊसलीज समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओए.बीएसपी के प्रयास से भिलाई के लीजधारकों हेतु प्रगति भवन में दो हेल्प डेस्क भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। विदित हो कि लीज डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जुलाई 2023 से प्रारंभ किया गया है लीज सेक्शन के द्वारा 1200 से अधिक लीज डीड की स्क्रुटनी संपन्न की जा चुकी है तथा 900 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

# चुनाव-पुलिस की पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बैठक

## चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 12 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वतंत्र एवम निष्पक्ष चुनाव करने एवम आम जनता में सुरक्षा की भावना के लिए फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग, संवेदनशील मतदान केंद्र की सुरक्षा आदि पर की गई चर्चा। आज शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा आगमी विधानसभा चुनाव के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई के सभागार में बैठक ली गई। बैठक में सीआरपीएफ कमांडेंट टी एम पेटे, सुनील रही, सीआरपीएफ डीसी सौरव कुमार, बीएसएफसे कमांडेंट पी. जादु, देवेन्द्र, हिमादा, राजेश सिंह, तेजपाल, एम एस सैनी एवम एसएसबी, आरपीएफ एसीजी एसएपी के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार एवम समस्त राजपत्रित अधिकारी सम्मीलित हुए। बैठक में आगामी चुनाव एवम त्योहारी सीजन के को देखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में चर्चा कर स्वतंत्र एवम निष्पक्ष चुनाव करने एवम आम नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास दिलाने के साथ-साथ आसामजिक तत्वों में कानून का भय करने हेतु फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग, संवेदनशील मतदान केंद्र की सुरक्षा आदि पर चर्चा की गई। उपरोक्त बैठक में बीएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ, आरपीएफ के अधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणि शंकर चंद्रा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा संजय पुंढीर, प्रभारी कंट्रोल रूम आदि उपस्थित रहे।

**सीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने निकला मार्च**

भिलाईनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा आगमी विधानसभा चुनाव एवम त्योहारी सीजन के मद्देनजर छावनी एवम खुर्सीपार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया गया। पैदल भ्रमण में सर्वप्रथम छावनी क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसके बाद सराफा लाइन छावनी होते हुए लिंक रोड स जलेबी चौक तक पैदल पेट्रोलिंग की गई। तत्पश्चात खुर्सीपार क्षेत्र में भी पैदल भ्रमण किया गया। भ्रमण में सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान हेतु तथा आमजनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने पैदल करीबन 8 कि.मी. भ्रमण किया गया। भ्रमण में नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर एवम थाना प्रभारी खुर्सीपार व छावनी एवम केंद्रीय सुरक्षा बलों के 30 से अधिक जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा छावनी एवम खुर्सीपार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया किया गया। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव एवम त्योहारी सीजन के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र बल एवम पुलिस के द्वारा की गई पैदल मार्च।

आम जनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने किया गया पैदल भ्रमण। वही पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध नशे के कारोवार में लिप्त लोगों को खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इस तरह अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ भी पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। जिसमें कई को हथियार सहित गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई।

# सेंट थॉमस में मनाया गया कैंसर जागरूकता दिवस



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पी.जी.माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष में महिला कर्मचारी और छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीईसी, एनआईटी रायपुर एलुमिनि एसोसिएशन भिलाई चैप्टर के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. निवेदिता मंडल स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति विशेषज्ञ सलाहकार भिलाई एव विशेष अतिथि के रूप में सुश्री नूतन दत्त महासचिव. जीईसी. एनआईटी रायपुर एलुमिनि एसोसिएशन, भिलाई चैप्टर उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्यय डा. एम.जी. रॉयमोन ने अपने संबोधन में कैंसर से प्रभावित होने से बचने के लिए जीवन शैली बदलने की बात पर जोर दिया और साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने का आह्वान किया। डॉ. मंडल ने अपने व्याख्यान में छात्रों को सर्वाइकल कैंसर के कारणों से अवगत कराते हुए उन्हें टीकाकरण, परीक्षण जैसे विभिन्न निवारक उपायों पर संक्षिप्त परिचय दिया और साथ ही महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की स्थिति का शीघ्र निदान करने या उसे रोकने में मदद करने एवं स्तन कैंसर का जल्द से जल्द पता कैसे लगाएं यह भी समझाया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शुभा दीवान द्वारा किया गया और इसमें सभी महिला स्टाफ एव विभिन्न जीव विज्ञान विभागों के सदस्य और छात्रो ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय की छात्रा निशिता गौतम द्वारा किया गया।

# रंगोली डीएवी के विद्यार्थियों ने दिखाए कला के रंग

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर डीएवी विद्यालय के प्रांगण में छात्र.छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ एक से बढ़कर एक कलाकृति को दिखाते हुए रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसी अवसर पर कक्षा नर्सरी के अभिभावकों के लिए दीपावली के इस पावन अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की। रंगोली प्रतियोगिता के विजेता अभिभावकों में प्रथम स्थान पर श्रीमती पल्लवी उजाला, द्वितीय स्थान पर तथा तृतीय स्थान श्रीमती आरती साहू रहीं। इस रंगोली प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए डीएवी विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने विद्यालय में आयोजित इस रंगोली प्रतियोगिता में अभिभावकों की हिस्सेदारी कला के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए उनकी उपस्थिति को बच्चों को प्रोत्साहित करने का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए भविष्य में भी इस तरह की कार्यक्रम को आयोजित करते रहने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह बच्चे और अभिभावक रंगोली प्रतियोगिता भाग ले रहे आशा करता हूं कि उनके जीवन में भी खुशियों का रंग ऐसे ही बिखरता रहे। साथी उन्होंने विजेता अभिभावकों को ससम्मान पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्कूल स्टाफ की महती भूमिका रही।

# पहली छमाही में लंबी छलांग

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही और दूसरी तिमाही का वित्तीय परिणाम घोषित कर दिया है। सेल ने प्रोडक्शन में लंबी छलांग लगाई है 30 सितंबर 2023 को समाप्त हुए मौजूदा वित्त वर्ष 2023 24 की पहली छमाही और दूसरी तिमाही के लिए आज अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही और दूसरी तिमाही में उत्पादन और बिक्रय में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुक़ाबले, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान क्रूड स्टील उत्पादन और विक्रय की मात्रा में क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

# देवेन्द्र ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार जनसंपर्क कर रहे है। हर वार्ड और सेक्टर में विश्वास यात्रा निकाल रहे हैं। इसके अलावा वार्डों में सभा भी ले रहे है। उनके विश्वास यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे है। विधायक श्री यादव की सभाओं में में सिर्फ देवेंद्र यादव को सूनने, उनसे मिलने के लिए हजारों की संख्या में लोग का हुजुम जमा हो रहा है। भिलाई विधायक श्री यादव सेक्टर 6, सेक्टर 1, सेक्टर 10, सेक्टर 4 में विश्वास यात्रा निकाले। इस विश्वास यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिला। लोग अपने घरों से निकल कर विधायक को आशीर्वाद दिए। लोगों ने विधायक श्री यादव का पूरा समर्थन किया और विश्वास दिलाया कि वे पहले भी उनके साथ थे और अभी भी उनके साथ है। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बताया कि टाउनशिप और खुर्सीपार व छावनी में कई समस्याएं थी। कुछ लोग झूठी बातें कह कर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह भिलाई की जनता शिक्षित है, अपने और पराए की परख करना जानती है। देवेंद्र यादव का 5 साल और उनका 34 साल दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। 5 साल में हमने लोगों को वो सुविधाएं और विकास दिया हैए जो सालों में नहीं हो सकता। अब यह चुनाव सिर्फ विधायक चुनाव नहीं रह गया हैए बल्की सत्य और असत्य, व्यवहार और अहंकार के हारजीत का चुनाव है। अब जतना खुद ही तय करें कि उनके अपने बेटे, भाई जैसे विधायक चाहिए, जो उनके घरों में आकर उनका हालचाल ले और उनकी सभी समस्याओं को दूर करें। भिलाई की जनता को ये नेता जी 500 रुपए की समझ लिए है। इसलिए 500 का नोट और मिठाई मतदाताओं को देखकर खरीदता चाहते है। ऐसे इनकी सोंच है। भिलाई नगर से कांग्रेस के प्रत्याशी व विधायक देवेंद्र यादव को जनता का समर्थन मिल रहा है। साथ ही उनके समर्थन में राष्ट्रीय इंटक के महासचिव व प्रदेश इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंग भी मैदान में उतने। संजय सिंग ने देवेंद्र यादव को अपना और अपने पूरी संगठन की ओर से समर्थन दिया। साथ ही उनके साथ बैठक कर कार्याकर्ताओं के साथ मिलकर बैठक की और कहा कि राष्ट्रीय इंटक और प्रदेश इंटक का उन्हें पूरे समर्थन है। वे सब उनके साथ है और आगे भी रहेंगे। देवेंद्र यादव शनिवार को विभिन्न सेक्टर एरिया और खुर्सीपार व छावनी क्षेत्र में विश्वास यात्रा निकाली और रात में सभाएं भी ली। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में दोबारा कांग्रेस के सरकार बनाओगे तो केजी से लेकर पीजी तक एजुकेशन फ्री होगा। मतलब बच्चे डॉक्टरी करें या इंजीनियरिंग की पढ़ाई सब फ्री में होगी। इसके अलावा खुर्सीपार क्षेत्र का हर सरकारी स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल बना दिया जाएगा। इससे जो बच्चे अभी आत्मानंद स्कूल में पढ़ने से चुक गए है। वे भी आने वाले दिनों में आत्मानंद स्कूल में पढ़ सकेंगे। विधायक के विश्वास यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जब देवेंद्र यादव सेक्टर में पहुंचे तो लोगों का भीड़ अपने आप ही उमड़ आई। जनता ने देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जताया। इस दौरान? विधायक श्री यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा था कर के दिखाया। हमने कहा था हर परिवार का राशन कार्ड बनाएंगेए हर घर में शुद्धा पानी देंगे।

# प्रेमप्रकाश ही भिलाई के विकास का विकल्प : मनोज



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सांसद और फिल्म स्टार मनोज तिवारी आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पक्ष में प्रचार करने खुर्सीपार पहुंचे। इस दौरान रोड शो के माध्यम से उन्होंने खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा करते हुए जनता से भिलाई में विकास का कमल खिलाने और प्रेमप्रकाश पाण्डेय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भिलाई में अगर अपराध को खत्म करना है तो प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जिताकर लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को स्व. अटल जी ने छत्तीसगढ़ को बनाया है। पूर्व में भाजपा सरकार ने इसका विकास किया लेकिन पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की दुर्दशा कर दी। लेकिन अब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गारंटी दी है और अब भाजपा ही फिर से राज्य को संवारेगी। सांसद मनोज तिवारी ने अपने रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पक्ष में प्रचार करते हुए प्रेमप्रकाश ही भिलाई का विकास करेंग। गीत उनको समर्पित किया। रोड शो के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि प्रेमप्रकाश पाण्डेय ही भिलाई के विकास के लिए एकमात्र विकल्प हैं। कांग्रेस राज में हमारा यह प्यारा भिलाई 5 साल पीछे चला गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा को जिताएं और भ्रष्टाचारी लोगों को हटाएं। रोड शो के समापन के अवसर पर शास्त्री मार्केट में उन्होंने सभी लोगों को अपने अंदाज में लोकतंत्र के त्योहार और दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि लोगों का स्नेह और उत्साह इस बात का सबूत है कि भाजपा आ रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भिलाई को नशामुक्त, अपराधमुक्त बनाना है। श्री पाण्डेय ने खुर्सीपार में आयोजित बैठक में कहा कि भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को 500 रूपए गैस सिलेंडर प्रदान किये जाएंगे और मातृ वंदना योजना के तहत सलाना 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अन्य लोगों को भी इस योजना की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने मत का सही उपयोग करना है ताकि भिलाई में शान्ति व्यवस्था कायम रहे। भिलाई का आने वाला कल भयमुक्त बनाना है।

खुर्सीपार में बड़ी महिलाओं की जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा भिलाई के अधिकृत प्रत्याशी व पूर्व मंत्री प्रेम प्रकास पाण्डेय ने लोगों से कमल पर वोट देने की अपील की। आज खुर्सीपार जोन 3 इलाके में आयोजित सभा में हजारों महिलाएं शामिल हुईं। निमग में उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह की ओर से यह चुनावी सभा आयोजित कराई गई थीं। जिसमें प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय शामिल हुए। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने पहले सभा को संबोधित किया। इस सभा में उन्होंने भाजपा के लिए वोट मांगा और प्रेमप्रकाश पांडेय को फिर से विधानसभा सदन भेजने का संकल्प लिया। महिलाओं ने संकल्प लिया है कि आने वाले 17 नवंबर को मतदान करेंगे। दया सिंह ने कहा कि, कांग्रेस के राज में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। श्री पाण्डेय ने अब नहीं सहिबो, बदल के रहिबो नारे के साथ प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि, प्रदेश में मोदी की गारंटी है। विश्वास के साथ साथ सर्वांगीण विकास होगा। महिलाओं को साल में 12000 रुपए मिलेगा। इससे महिलाओं को बल मिलेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार जो करती है वे ही कहती है।

# अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई,** 11 नवंबर। टाटा इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 06 से 08 दिसम्बर 2023 तक जमशेदपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये इंडोर स्टेडियमए सिविक सेंटरए भिलाई में दिनांक 19 नवम्बर 2023 को सुबह 8ण्00 बजे से बीएसपी टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अत: भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक तथा खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैंए वे दिनांक 17 नवम्बर 2023 को दोपहर 2ण्00 बजे तक इंडोर स्टेडियमए सिविक सेंटर में चयनकर्ताओं के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस स्पर्धा के लिए श्री प्रवीण उपाध्याय एवं मोण् सलीम कुरैषी खिलाड़ियों का चयन करेंगे। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी सहायक प्रबंधक ;क्रीड़ाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएंद्ध श्री अभिजीत भौमिक होंगे।

# बीएमएस की नई कार्यकारिणी गठित



भिलाईनगर, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनियन बीएमएस का चुनाव तीन वर्ष के लिए हुआ है। उसमें राधेश्याम जयसवाल को अध्यक्ष, रविशंकर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष एवं चन्ना केशवलू को महामंत्री सहित 51 लोगो की बॉडी पंजीयक व्यवसायिक संघ द्वारा रजिस्टर्ड कर दी गई है और इन्हें फार्म ई की मान्यता इन्हें दी गई है। बीएमएस संयंत्र के श्रमिकों व ठेका श्रमिकों के हित में काम करेंगी। 55 साल बाद हम सत्ता में आये है। गत 6 तारीख को ई फार्म हमारा पंजीबद्ध हो गया है। घोषणा पत्र में हमने जो वादे किये है, उसे हम पूरा करेंगे। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करके हमने 32 नये डॉक्टर की पदास्थापना कराई है। जिसमें कार्डियोलाजिस्ट एवं न्यूजरो सर्जन के डॉ अपनी सेवाये देना शुरू कर दिये है, दो अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों को बुलाने हम प्रयास कर रहे है, साथ ही जो 250 स्क्यायर फीट के मकान जो बीएसपी प्रबंधन लायसेंस मे देने के लिए 5 लाख रूपये ले रही थी उसे हमने ढाई लाख रूपये करवा दिया है। इसके अलावा जो नये लोग संयंत्र में भर्ती हो रहे है, उनको वन जेड स्तर के मकान को दिलवाया जा रहा हैं। चन्ना केशवलू ने कहा कि सेक्टर 4 की घटना के बाद जो पानी टंकिया जर्जर हो गई है, या तो मरम्मत कराये या कंडम घोषित करे। ये मांग हमारे यूनियन द्वारा सीजीएम टाउनशिप से की गई है। सभी पानी टंकियों का सर्वे भी कराया गया है। डीपीएस रिसाली मरोद में कोटा के आधार पर एडमिशन भी बीएसपी के अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों का कराया जा रहा है। केशवलू ने कहा कि जिस तरह नगर निगम बीएसपी से प्रापर्टी टेक्स वसूलता है और टेक्स नही देने पर तालाबंदी की बात करता है तो निगम व शहर सरकार के जनप्रतिनिधियों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। आने वाले समय में टाउनशिप के लोगों को साफ पानी व दो वक्त पानी की उपलब्धता कराने में हमारा पूरा प्रयास होगा नई बॉडी में अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष इन्द्रमणि प्रसाद मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, सन्नी इप्पन, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, कैलाश सिंह, सुरेन्द्र चौहान, डिल्ली राव, मृगेन्द्र कुमार, महामंत्री चन्ना केशवलू, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार पाल, उमेश मिश्रा, संजय प्रताप सिंह, जोगेन्द्र कुमार, अनिल गजभिये, राजनारायण सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल सचिव गंगाराम चौबे, दीनानाथ जयसवार, संतोष सिंह, जॉन आर्थर, अमित कुमार सिंह, सुदीप सेन गुप्ता, पूरन लाल साहू, मिलाप साहू, नवनीत हरदेल, नागराजू, अरविंद सिंह, राजेन्द्र सिह ठाकुर, संजय कुमार साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, चंद्रकांत पटेल, राकेश उपाध्याय, अशोक कुमार, प्रकाश सोनी, वेंकट रमैय्या, दीपक मिश्रा, काकुली दत्ता, ग्रीटर बी पाल, होत्री प्रभाकर वर्मा, सुबोदीप सरकार, प्रशांत कुमार, आर के

# इजराइली हमले की यूनियन नेताओं ने की निंदा



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। फिलिस्तीन पर एक महीने से जारी इजराइली हमले व फिलिस्तीनियों के जनसंहार के खिलाफ वामदलों के देशव्यापी आह्वान पर भाकपा माल, भाकपा व माकपा ने एटक कार्यालय सेक्टर-1, भिलाई मे बैठक किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फिलिस्तीन पर लगातार जारी इजराइली हमले को एक महीने से अधिक हो गए। अब तक 10 हजार से अधिक निर्दोष जानें जा चुकी हैं जिनमें लगभग 6 हजार बच्चे व महिलाएं शामिल हैं। रिहायशी इलाकों, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, मस्जिदों, राहत कैंप व एम्बुलेंसों पर बमबारी जारी है। बिजली पानी, रसद व जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति काट दी गई है। अमरीका के प्रत्यक्ष सैनिक कूट नीतिक समर्थन समेत अन्य साम्राज्यवादी देशों की मदद से आत्मरक्षा के नाम पर किया जा रहा यह एक खुला जनसंहार है। एक समूचे देश के वजूद को मिटा देने की कोशिश है। युद्ध व मानवाधिकार से जुड़े तमाम अंतरराष्ट्रीय नियम व मान्यताएं स्थगित कर दी गई हैं। कुल मिलाकर जुल्म और अन्याय के एक भयानक दौर के हम गवाह हैं। दुनिया भर में लाखों लोग सड़कों पर आकर न सिर्फ़इसका विरोध करते हुए तत्काल शांति की मांग कर रहे हैं बल्कि अपनी सरकारों पर फिलिस्तीनी आवाम के पक्ष में खड़े होने का दबाव बना रहे हैं। भारत फिलिस्तीनी आवाम के मुक्ति आंदोलन का पुराना समर्थक रहा है। पर देश की मौजूदा मोदी सरकार न्याय और शांति के हमारे इस परंपरागत रुख को पलटकर बेगुनाहों के नरसंहार और खुले अन्याय के समर्थन में खड़े होते हुए अमेरिका इजराइल परस्त विदेश नीति पर चल रही है। हम मोदी सरकार की अमेरिका इजराइल परस्ती की तीखी निंदा करते है और फिलिस्तीनी जनता की तकलीफों और संघर्ष के साथ अपनी एक जुटता जाहिर करते हुए अमेरिका इजराइल का सैन्य समर्थन नहींए शांति के लिए पहल करने की मांग करते हैं बैठक में डीवीएस रेड्डी, विनोद कुमार सोनी, बृजेन्द्र तिवारी, वकील भारती, शिव कुमार प्रसाद ने संबोधित किया। मुमताज ने गजल तथा वासुकी प्रसाद ने कविता पढ़ी। यह जानकारी बृजेन्द्र तिवारी सचिव भाकपा मालेद्ध लिबरेशन ने दी है।

# तीजन बाई की महान विभूतियां पुस्तक का विमोचन

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.परदेशीराम वर्मा लिखित छत्तीसगढ़ की महान विभूतियां पुस्तक का विमोचन गनियारी गांव में पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई ने किया। उन्होंने विमोचन के अवसर पर कहा कि साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के साधकों पर विगत पचास वर्षों से लिख रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ लोककला महोत्सव के संयोजक थे। इसी मंच पर मैंने प्रदर्शन कर यश प्राप्त किया। इस ग्रंथ में मेरे बारे में महत्वपूर्ण लेख है। साथ ही छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बारे में भी इस किताब में बहुत जानकारी है। छत्तीसगढ़ में श्रीराम के गमन मार्ग के लिए काम कर देश में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। इस ग्रंथ में माता कौशल्या, महाप्रभू वल्लभाचार्य, गुरू बाबा घासीदास, हीरा लाल काव्योपाध्याय, पद्मश्री राजमोहनी देवी, स्वामी आत्मानंद, संत पवन दीवान, पं. सुन्दरलाल शर्मा, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, इन्दरू केंवट, डॉ. खूबचंद बघेल, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, हबीब तनवीर, दाऊ रामचंद्र देशमुख, दुलार सिंह, साव मंदराजी, डॉ. नरेन्द्र वर्मा, लाला जगदलपुरी, गहिरा गुरू, हीरा सिंह, देव कंगला मांझी, बिसाहू दास महंत, खुमान साव, पद्मविभूषण तीजनबाई, देवदास बंजारे, पद्मश्री पूनाराम निषाद एवं भूपेश बघेल पर लेख हैं। विमोचन के अवसर पर शहीद दुर्वाशालाल निषाद के पिता मुन्नीलाल निषाद नीतीश एवं मेनका उपस्थित थे। डा.परदेशीराम वर्मा ने आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि पद्मविभूषण तीजन बाई राष्ट्र गौरव हैं। उन्होने सदा संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना सिखाया। वे छत्तीसगढ़ की यशस्वी बेटी है। मैं आभारी हूँ कि उन्होंने पुस्तक का विमोचन किया।यह जानकारी नारायण चंदाकर ने दी है।

# सर्तकता के बताए उपाय

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा विगत दिनों सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक टीपीएल शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीपीएल वर्कशॉप मार्ग फारेस्ट एवेन्यु अग्नि शमन मुख्यालय के निकट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार फूले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कशॉप के प्रवीण कुमार व्यवहार एवं समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैश हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गति सीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्शित कर रहे थे।

# कुडो मिक्स मार्शल आर्टस एसो. ने किया सर्टिफिकेट एवं बेल्ट वितरण



**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कुडो मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन जिला दुर्ग द्वारा एक दिवसीय सर्टिफिक्रेट और बेल्ट वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें कुडो खेल के विभिन्न क्लब दुर्ग रिविशंकर स्टेडियम. तालपुरी ए - ब्लॉक. सेजस रिसाली. गणपति विहार बोरसी. प्राथमिक शाला कसारिडीह स्कूल. धनोरा मिडिल स्कूल के खिलाड़ियों को सर्टिफिक्रेट एवं बेल्ट वितरण किया गया। इसमें विजेता खिलाड़ी इस प्रकार रहे :

गोल्डन ब्रॉउन बेल्ट - बेल्ट जूबिया खान. युवराज साहू.

सिल्वर ब्रॉउन बेल्ट - यस चंद्रा. यथार्थ भलाधरे. रीतवीक साहू.

परपल बेल्ट - खिलेश्वरी साहू. दामिनी साहू. मंजू साहू. चश्वरी साहू एवं तुकेश सप्रे.

क्रिसानन्द - ब्लू बेल्ट. अनन्या साहू - ग्रीन बेल्ट

ऑरेंज बेल्ट में - मांशी जांगड़े. भूमिका मिथलेश. प्रज्ञा ठाकुर. जानवी देशमुख. माधवी ठाकुर. दिव्यांका सेन.मीमांशा साहू. कुसाग्र चौधरी. हर्षित सिन्हा. अक्षत चंद्राकर. देवराज बघेल. प्रेयस पटेल. अभिजय बघेल. थानेश्वर कौशिक. ईशान सेन. मानव सेन और प्रवीण सोनबेर रहें।

यल्लो बेल्ट में - राहुल चंद्राकर. आशीष राजपूत. कुणाल चंद्राकर. जिनतेंद्र राजपूत. प्रियांशु खोबरागड़े. अंकित साहू. जोशुआ हेली गनी. प्रयांश कुमार साओ. अभिजीत यादव. हिमांशु सिन्हा. अथर्व ठाकुर. जयकिशन सोनी. जोशेफएली गनी. राज ठाकुर. पंकज टांदेकर. अक्षत आर्यन. अनस कुरैशी. ओजस धीमर. अंशुमन रजक. यशवीर भारद्वाज. योगेश बघेल. नरेश राव मेश्राम. लक्की निर्मलकर. विवान निर्मकलर. अक्षत चंदेल. एकांशी साहू.उत्पलाक्षी वैष्णव.दृष्टि शर्मा. ख्याति ठाकुर. भेनुश्री साहू और इयाना देशमुख रहें।

इस अवसर पर कुडो मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन जिला दुर्ग की सचिव एवं प्रशिक्षिका लीलिमा सोनी कौशल ने जानकारी दी कि 2 अगस्त को हुए बेल्ट एग्जाम में इन सभी खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया है। जिलाध्यक्ष अनुराधा सिंह ने सभी बालक बलिकाओं को शुभकामनायें दी।

# जन अधिकार मोर्चा ने लोगों को मुफ्त में दिए दीपक



**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। जन अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा शनिवार को दलपत सागर के निकट कृष्ण मंदिर के सामने 1100 मिट्टी के दीपक लोगों में बांटे गए। सचिव किरण देवांगन ने कहा कि यह लगातार तीसरा वर्ष है जब संगठन के द्वारा निःशुल्क दीपक बांटे गए हैं। जन अधिकार मोर्चा के द्वारा यह पहल वर्ष 2021 में शुरु की गई थी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना है ताकि लोग स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें इससे देश के लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह भी बताना है कि दीपावली दीपों का त्यौहार है। इस त्यौहार पर इलेक्ट्रोनिक लाइट की जगह ज्यादा से ज्यादा दीप प्रज्ज्वलित किए जाएं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी कर्मवीर सिंह जादौन,प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती तिवारी, प्रदेश संयोजक आरती सिंह, , जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी , जिला सचिव रंजीता खोरा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान दलों को सामग्री का वितरण मानस भवन पॉलिटेक्निक कॉलेज व साईंस कालेज में

**दुर्ग,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के 1485 मतदान केन्द्रों के लिए 16 नवम्बर को मानस भवन दुर्गए पॉलीटेक्निक कालेज दुर्ग एवं साईंस कालेज दुर्ग में मतदान दलों को प्रात: 6 बजे से सामग्री का वितरण किया जाएगा। मानस भवन दुर्ग में विधानसभा पाटन, दुर्ग शहर, साजा, बेमेतरा ;आंशिक के लिए, पॉलीटेक्निक कालेज दुर्ग में दुर्ग ग्रामीण एवं अहिवारा तथा साईंस कालेज में भिलाई नगर एवं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया जाएगा। 17 नवम्बर को शाम 5 बजे से जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र एवं दो आंशिक विधानसभा क्षेत्र की मतदान सामग्री वापसी शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज जुनवानी में होगी।

इसी प्रकार मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा एवं सहायक अधिकारी मो.जावेद अली नगर निगम दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण, मतदान वापसी केन्द्र में साफसफाई व्यवस्था का कार्यभार सौपा गया है। इसी तरह नोडल अधिकारी सी.पी. दीपांकर खाद्य नियंत्रक दुर्ग को मतदान वितरण एवं मतदान वापसी केन्द्र में प्रात: चाय/नाश्ता, दोपहर का भोजन की व्यवस्था का कार्यभार सौपा गया है। नोडल अधिकारी ए.सी.बोरकर कार्यापालन अभियंता लो.स्वा.यां. दुर्ग को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में पानी बॉटल नोडल अधिकारी गिरीश माथुरे जिला समन्वयक एवं सहायक अधिकारी बीरेन्द्र परिहार स्वा. अधिकारी एवं बीनू वर्मा स्वास्थ्य अधिकारी को मतदान वितरण केन्द्र में दो शौचालय एवं मतदान वापसी केन्द्र में महिला एवं पुरूष के लिए अस्थायी 6 नग शौचालय व्यवस्था का दायित्व सौंपा है।

# बोरगांव औषधालय में पूजे गए भगवान धन्वंतरि

**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। बोरगांव औषधालय में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना करने के साथ ही विविध आयुर्वेद गतिविधियां आयोजित किए

**आयोजित किए गए विविध आयुर्वेद गतिविधियां**

गए। शुक्रवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर सर्वे संतु निरामया की कामना से आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंगल कामना की गई। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर था।

आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि पहला सुख निरोगी काया है और आयुर्वेद को अपनाकर हम आजीवन स्वस्थ रह सकते हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पावन



अवसर पर आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन कर जीवन में आयुर्वेद को अपनाने का संदेश दिया गया।

प्रात:कालीन सत्र में चल रहे नियमित योगाभ्यास सत्र में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराए जाने के साथ ही सभी को मौसमी रोगों से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आयुष काढ़ा पिलाया गया। योग अभ्यास उपरांत जन जागरण रैली निकालकर जन साधारण को योग आयुर्वेद अपनाने प्रेरित किया गया। औषधालय के हर्बल गार्डन में लवंग, दालचीनी, तेज पत्र आदि औषधीय महत्व के पौधों का सभी चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा रोपण किया गया। इस दौरान विनय भूषण दास, कमल पाल, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.योगेश विश्वकर्मा, डॉ.पी.एल.बनपेला, डॉ.चंचल नाग, डॉ.राजेश नाग, डॉ.भूपेंद्र मरापी, योग प्रशिक्षक डिसेंद यादव, फार्मासिस्ट सुनील गायकवाड, ज्योति शर्मा, रूपेंद्र, देवनाथ, खगेश्वर सहित अन्य ग्रामीण और विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कांग्रेसियों की बैठक लेंगे आज

**सरायपाली,** 11 नवंबर। 12 नवंबर दिन रविवार को 11बजेछत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैजका आगमन हो रहा है प्रदेश अध्यक्षा दीपक बैज व सरायपाली विधान क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद की उपस्थिति में बैठक संपन्न होगा। सरायपाली विधानसभा चुनाव पर्वेक्षक लक्ष्मण पटेल सरायपाली विधानसभा प्रभारी नरेंद्र सेन सरायपाली विधानसभा चुनाव प्रभारी श्याम तांडी उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### राघव जी भाई गजरा

**रायपुर,** 11 नवंबर। प्रतिष्ठित



बारदाना व्यवसायी राघव जी भाई गजरा (बबल भैया) आत्मज स्व. जीवराज भाई गजरा उम्र 72 साल का 11 नवंबर को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए बबल भैया अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए।

### इंद्रावती देवी

**भिलाईनगर,** 11 नवंबर। स्टेशन



मरोदा निवासी श्रीमती इंद्रावती देवी पति स्व. लालता प्रसाद उम्र 66 वर्ष का आज निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे धर्मेंद्र कुमार एवं हेमंत कुमार की माता थी।

# कलेक्टर ने सपरिवार बालगृह के बच्चों के साथ मनाया दीप उत्सव




**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर द्वारा सपरिवार बालगृह के बच्चों के साथ दीप उत्सव मनाया गया एवं मिठाइयां एवं पटाखे बांटा गया और बच्चों के साथ बातें कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया, वहीं बच्चों ने भजन सुनाया।

शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिले के महात्मा गांधी वार्ड स्थित बालक गृह एवं सरगीपालपारा में स्थित बालिका गृह का सपरिवार भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों के साथ स्वल्पाहार करते हुए सभी से बातचीत की। बच्चे अपने मध्य जिले के प्रमुख अधिकारी को पाकर बहुत प्रसन्न दिखे। बच्चों को कलेक्टर ने परिवार के साथ बच्चों को मिठाइयां बांटी साथ ही पटाखे देते हुए केंद्र के अधीक्षकों को पटाखे जलाते वक्त बच्चों के साथ रहने और सावधानीपूर्वक पटाखे जलाने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों से कलेक्टर ने मुलाकात कर सभी को अच्छे कार्य हेतु प्रोत्साहन किया। बच्चों ने उन्हें भजन सुनाया और सभी ने विश्व मंगलकामना से भगवान की आराधना की। बच्चों से कलेक्टर ने उनके भविष्य को लेकर प्रश्न किये जिसमें किसी ने डॉक्टर, किसी ने पुलिस तो किसी ने आर्मी ऑफिसर बनने की इच्छा जताई। कलेक्टर द्वारा सभी को उनके भविष्य को लेकर प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। पढ़ने की इच्छा रखने वाले बच्चों को नीट जीईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी एवं उच्च शिक्षा में मदद की भी बात कही गयी। बालिका गृह पहुंचकर उन्होंने बालिकाओं से मुलाकात कर सभी को मिठाइयां बांटी और सभी को पटाखे भी बांटे। यहां की बालिकाओं द्वारा खेलों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक पाने पर उन्होंने सभी का प्रोत्साहन किया और सभी को पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। बालिकाओं ने खुल कर उनसे बातें की। कलेक्टर ने भी सभी से पोषण तालिका अनुसार आहार एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और सभी को दीपावली के पर्व की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर डीपीओ महिला बाल विकास विभाग एके बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बच्चों के साथ बातें कर किया उत्साहवर्धन, बच्चों ने सुनाया भजन**

## मड़ानार के बच्चों ने हर्ष और उल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव



**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के मड़ानार के बच्चों ने अपने विद्यालय को मिट्टी के दीप से रौशन कर फटाखों की आतिशबाजी कर दीपोत्सव पर्व मनाया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को सामाजिक सरोकार से अवगत कराते हुए बच्चों को सनातन संस्कृति से दीपावली त्योहार मानने के उद्देश्य से बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की स्वच्छता, रंगोली से विद्यालय को सजाकर संध्या होते ही विद्यालय में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना करके दीप जलाकर विद्यालय को रौषन किया। प्रतिवर्ष की तरह बालिकाओं ने भी अखाड़े चलाकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया, नचाते झूमते एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं और बधाई दिया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा-कांग्रेस के ...

उन्होंने कहा कि महतारी जतन योजना में भाजपा 12 हजार रूपये सालाना गैस सिलेण्डर पर सब्सीडी दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा यदि 5 सौ रूपयों में सभी को सिलेण्डर देना ही चाहती है तो पूरे देश में आज ही से गैस सिलेण्डर 5 सौ रूपये घोषित कर दें। उसे प्रदेश की सरकार से क्या लाभ देना, देश में उसकी सरकार है। इसके अलावा कांग्रेस ने 2 सौ यूनिट बिजली फ्री में देने का वादा किया है। प्रदेश में 42 लाख उपभोक्ता ऐसे है जो 2 सौ यूनिट तक की बिजली का उपयोग करते है। भाजपा व अन्य लोगों का कहना है कि ऋण मुक्ति योजना से बड़े किसानों को लाभ होता है छोटों को नहीं । श्री देशमुख ने कहा कि यह कुतर्क है जिसने कर्ज लिया है उसका उतना ही कर्ज माफ होगा। पहले भी यही हुआ है। श्री देशमुख ने अंत में कहा कि कांग्रेस ने वादा किया था उसे निभाया भी है। कांग्रेस भूपेश बघेल की योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

### मुस्लिम समाज से मिलकर ...

कांग्रेस नेताओं को दिया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि श्री वोरा के लिये आज महापौर धीरज बाकलीवाल, मदरसा बोर्ड के चेयरमेन अलताफ अहमद, इस्माइल चौहान, जिला कांग्रेस के महामंत्री अनीश रजा, वाहिद चौहान, हुसैन खोखर, आलिद अली, आकिब अली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पारम्परिक के साथ...

गले में सोहई पहनाते है। पारम्परिक सोहाई में किसान व राऊत समाज के लोग घर में रस्सी बटकर उसे मोर पंख कौड़ी इत्यादि से सजाकर गौ माता को पहनाते है। आधुनिक सोहई प्लास्टिक से बनाई जाती है। इसे भी गौ माता के गले में ही पहनाया जाता है।

### उत्कृष्ट चिकित्सा क्षेत्र ...

पर सम्मानित की गई। न्यूरो सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह और बसंत एनस्थेटिक द्वारा ब्रेन सर्जरी के लिये और राज्य के बेल्ट ब्लड बैंक के लिये नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल और जिला अस्पताल में संचालित आईसीयू के मरीजों में मृत्युदर में आई कमी के लिये डॉ. अमित विवेक सिन्हा सम्मानित किये गये। इस सम्मान कार्यक्रम में जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन, और प्रशांद डोनगांवकर का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# जिले के शिक्षक मेहुल ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण पदक, कलेक्टर ने दी

**कोण्डागांव,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को गोवा में 26 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेलों में मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पाने वाले जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला देवडोंगर में शिक्षक के रूप में कार्यरत मेहुल साहू का कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मेहुल को बधाई देते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि से जिले के युवाओं और बच्चों को नयी प्रेरणा मिलेगी। इस प्रेरणा से वे भी खेल के क्षेत्र में उन्नति कर सकेंगे।



**उत्साहवर्धन करते हुए कलेक्टर ने जिले के बच्चों का भी मार्गदर्शन करने को**

इस संबंध में मेहुल ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के बाद शुरुआती वर्षो में क्रिकेट में कैरियर बनाने का सफर शुरू किया था, पर कश्मीर के अनन्तनाग में एक बार छुट्टी मनाने जाने पर वहां आयोजित प्रतियोगिता में पहली बार मिनी गोल्फ से रूबरू होते ही उन्होंने उसमें कैरियर बनाने के संबंध में पहली बार विचार किया। इसके पश्चात् लगातार रायपुर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ मिनी गोल्फ फेडरेशन, ओलंपिक संघ के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया साथ ही पढ़ाई भी चलती रही। वे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर चुके हैं। पहली बार गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मिनी गोल्फ प्रतियोगिता के शामिल होने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्होंने छत्तीसगढ़ के 27 सदस्यीय दल में शामिल होकर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने डबल्स पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। जो कि राज्य को प्रतियोगिता में प्राप्त 03 स्वर्ण पदकों में शामिल है। मेहुल ने बताया कि वे अब उत्तराखंड में होने वाली 38 वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए आशान्वित हैं।

कलेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिलाने और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी को निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी मेहुल को सम्मानित किया। मेहुल साहू वर्तमान में माकड़ी विकास खण्ड के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला देवडोंगर में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

## डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में मनाया गया दीपोत्सव

**जगदलपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश अर्थात अन्य पर न्याय बुराई परआई अच्छाई का प्रतीक है। यह त्यौहार रोशनी व सजावट का मुख्य त्यौहार है जो केवल भारतवर्ष ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन धनसंपदा और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी एवं भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। घरों दुकानों एवं शहर ग्राम को फूल माला दिया लाइट से सजाया जाता है। इसी क्रम में डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल ग्राम उलनार तहसील बकावंड में दीपावली उत्सव का आयोजन प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में धूमधाम से किया गया जिसके अंतर्गत इंटर हाउस वह खुली विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जैसे इंटर हाउस दिया सज्जा तोरण सज्जा, पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता वह खुली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सांस्कृतिक विभाग प्रभारी कुमारी सुकृती ठाकुर , श्रीमती मोनिका साहू कुमारी दीपिका यादव एवं समस्त शिक्षकों के उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें बोर्ड सज्जा में प्रथम हंसराज हाउस, द्वितीय दयानंद हाउस, तृतीय विरजानंद हाउस, चतुर्थ श्रद्धानंद हाउस दिया। सज्जा में प्रथम दयानंद, द्वितीय श्रद्धानंद ,तृतीय विरजानंद ,चतुर्थ हंसराज।

# ग्राम बिरनपुर व कोंगिया कला में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स, निरीक्षक हिमांशु शेखर, उप निरीक्षक ओंकार राम, उप निरीक्षक सुनिल के. आर. दास, उप निरीक्षक रवि के. आर. रैना एवं रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने थाना साजा एवं परपोडी क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर व कोंगिया कला में फ्लैग मार्च किया। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संम्पन्न कराने हेतु ग्राम बिरनपुर व कोंगिया कला के गली मोहल्लो एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को



आश्वस्त किया कि चप्पे ङ्क चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। साथ ही फ्लैग मार्च के दौरान एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता ने ग्राम बिरनपुर व कोंगिया कला में ग्रामीणों, महिलाओं, बडे बुजुर्गो से चर्चा किया एवं सभी आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। आने वाला समय अभी चुनाव का है हमें अपनी भागीदारी देनी है आप लोग जितने भी 18 वर्ष से उपर आयु के है वें सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें और जिस दिन मतदान होना है उस दिन अपना सब काम छोड कर मतदान करें। किसी के प्रलोभन में न आये। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधी होने पर तत्काल समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। फ्लैग मार्च कर आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने जागरूक किया गया। साथ ही केन्द्रीय सुरक्षा बल की रुकने की व्यवस्था हेतु नगर भवन, अंबेडकर भवन, सामुदायिक भवन एवं राजपूत भवन साजा, चारो भवनो का निरीक्षण कर आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। फ्लैग मार्च के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के अधिकारी व जवान एवं बेमेतरा पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## घर के आंगन में सजाई सुंदर रंगोली, बेटियों की प्रशंसा कर रहे वरिष्ठ जन



**बेमेतरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश जैन की सुपुत्री स्वाति जैन, डॉ खुशबू जैन निधी जैन एवं हेशिका जैन ने दीपावली पर्व के अवसर पर घर के आंगन को सुंदर रंगोली से सजाया। रंगोली को देखने के लिए शहर के वरिष्ठ लोग पहुंच रहे हैं और रंगोली के लिए बच्चियों की प्रशंस कर रहे हैं।

## कर्मचारियों का पूरा हुआ प्रशिक्षण, अब मतदान कराना लक्ष्य

**बेमेतरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए 17 नवंबर 2023 को होने वाले मतदान के लिये ज़िले की तीनों विधानसभा के ज़िले में कुल 747 बूथों के लिये 3586 पोलिंग पार्टियों और अतिरिक्त कर्मियों को मतदान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के संचालन का अंतिम प्रशिक्षण 9 नवंबर से आज 11 नवंबर तीन दिन तक दिया गया। मतदान दल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है, अब मतदान कराना उनका मुख्य लक्ष्य है।



कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा ज़िला मुख्यालय में तीन अलग-अलग जगह आयोजित मतदान दल के अंतिम चरण के प्रशिक्षण में तीनों दिन पहुँच कर प्रशिक्षण की गतिविधियाँ रू-ब-रू देगी। बीच-बीच में आवश्यक होने मतदान संबंधी बारीकी ज़रूरी जानकारी भी दी।

ज़िले में मतदान केंद्रों पर रैंप,बिजली पानी, फ़र्नीचर, हेल्पडेस्क, शौचालय और समुचित संकेतों की व्यवस्थायें की गयी है।केंद्रों में लेखन कार्य भी पूरा हो गया है।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष व स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन कराने के लिए ज़िले की विधानसभा क्षेत्र क्र 68 साजा के मतदान दलों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शिवलाल राठी विद्यालय बेमेतरा, विधानसभा क्र 69 बेमेतरा का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा और विधानसभा क्षेत्र क्र 70 नवागढ़ के मतदान दलों शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि मतदान कार्य में उपयोग होने वाले ईवीएम से संबंधित वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट संचालन करने की जानकारी दी। ईवीएम से संबंधित वीवीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण कंट्रोल यूनिट को सील करने में पेपर सील, स्पेशल टैंग, स्क्रीप्ट सील आदि की तकनीक जानकारी भी बतायी, ताकि मतदान के दौरान कर्मियों को कोई परेशानी न हो।

मतदान दल और निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान के लिए डाकमत पत्र से मतदान के लिए ज़िला स्तरीय सुविधा केंद्र कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक-6 और तीनों प्रशिक्षण केंद्रों पर स्थापित किए गये है ।ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। यह सुविधा केंद्र 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा दी गयी है।

## राजस्व रिकार्ड में कूट रचना कारित करने में सहयोग करने वाला मय कंप्युटर, प्रिंटर सहित आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थिया श्रीमती जागृति सिंह राजपूत उम्र 34 साल निवासी करमतरा थाना दाढी जिला बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत की जांच एवं दस्तावेजो के आधार पर प्रार्थिया को आरोपी मुरली मनोहर सिंह राजपूत निवासी कोबिया बेमेतरा के द्वारा ग्राम कोबिया तहसील बेमेतरा प.ह.नं. 35, खसरा न. 174/15 रकबा 0.0140 हे./ 1540 के बी1 पी11 एवं खसरा नक्शा के राजस्व रिकार्ड में कुटरचित दस्तावेज तैयार कर भू स्वामी नीतीश कुमार पांडे के स्थान पर बसंत साहू निवासी चन्द्रखुरी लेख कर उक्त भूमि को प्रार्थिया के पास बेचने का सौदा कर 06 लाख रूपये प्राप्त कर धोखाधडी करना पाया गया है आरोपी द्वारा धारा 420, 467, 468, 471 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबध कर विवेचना में लिया गया।

घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं थाना स्टाफ को कूट रचना कारित कर धोखाधडी करने वाले आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी मुरली मनोहर सिंह राजपूत को दिनांक 08.11.2023 को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया है। प्रकरण में विवेचना के दौरान उक्त आरोपी के साथ मिलकर राजस्व रिकार्ड में कंप्यूटर से कूटरचना कारित करने वाला, मय कंप्युटर, पिंटर सहित आरोपी धर्मेन्द्र पाण्डेय पिता चन्द्रशेखर पाण्डेय उम्र 32 साल साकिन वार्ड नं. 03 कचहरीपारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को दिनांक 10.11.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में आपराधिक षडयंत्र करना पाये जाने से धारा 120 बी भादवि जोडा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, आरक्षक रवि साहू, मालिक राम सिन्हा, योगेन्द्र सोनी, चुरावन पाल एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## चालू वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत आगामी 16 दिसम्बर को लेकर बैठक

**बेमेतरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। चालू वर्ष के अंतिम नेशनल लोक अदालत आगामी 16 दिसम्बर, 2023 के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा जिला न्यायाधीश कक्ष में बेमेतरा कलेक्टर, श्री पदुम सिंह एल्मा एवं श्री पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा एवं न्यायाधीशगण की बैठक ली गई। उक्त बैठक जिला न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में आयोजित कर न्यायाधीशगण को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों में मध्य प्री-सिटिंग कराकर आपसी सुलह समझौते से प्रकरणों को निराकरण करने प्रोत्साहित किया एवं पूर्व में चिन्हाकित राजीनाम योग्य प्रकरणों के अतिरिक्त अन्य और राजीनामा योग्य प्रकरणों में अधिक अधिक से पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने हेतु चर्चा की गई। अध्यक्ष माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को लोक अदालत में निराकृत किये जाने हेतु कलेक्टर बेमेतरा से चर्चा की गई। राजस्व न्यायालयों में लंबित खातेदारों के मध्य आपसी बटवारे के मामलें, वारिसों के मध्य बटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बटवारों के मामलें, कब्जे के आधार पर बटवारों के मामलें, सुखाधिकार से संबंधित मामलें, विक्रय पत्र, दान पत्र वसियतनामा के आधार पर नामांतरण के मामलें का निपटारा सरल तरीके से किया जा सकता है। अध्यक्ष माननीय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा लोक अदालत के प्रकरणों में नोटिस की तामिली किये जाने श्री पंकज पटेल अति. पुलिस अधीक्षक से चर्चा की गई।



नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण किया जाना है। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में चर्चा की गई।

## पुलिस प्रशासन ने गुरुर नगर में निकाली फ्लैग मार्च



**गुरुर,** 11 नवम्बर (देशबंधु)। दीपावली पर्व एवं 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुर नगर में आज देर शाम पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई।

पुलिस थाना गुरुर से यह फ्लैग मार्च गुरुर नगर के बाजार चौक, धनेली चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, टिकरापारा सहित गुरुर नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी।

इसके अलावा नेशनल हाईवे 30 एवं ग्राम भरदा में भी यह फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं विधानसभा चुनाव में निष्पक्ष रूप से मतदान करने के लिए अपील किया गया।

गुरुर नगर में फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी वाहन चालको से अपील की। बता दे कि क्षेत्र मे दीपावली पर्व के चलते ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में खरीदारी के लिए लोग प्रतिदिन पहुंच रहे हैं जिसके चलते यहां भीड़ की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में यहां भीड़ एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसलिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष रूप से तैयारी की जा रही है।

## महतारी वंदन योजना का फार्म भराये जाने पर डौंडीलोहारा के अभ्यर्थी देवलाल ठाकुर को नोटिस

**बालोद,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए बालोद जिले में लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा अभ्यर्थी देवलाल ठाकुर को नोटिस जारी किया गया है। डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा ने प्राप्त शिकायत के आधार पर अभ्यर्थी को नोटिस जारी कर 24 घण्टे के भीतर जवाब तलब किया है। शिकायत के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा महतारी वंदन योजना में पंजीयन हेतु एक प्रारूप आवेदन मतदाताओं को दिया जा रहा है, जिसमें हर विवाहिता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपये प्राप्त होने का उल्लेख भी किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 (2) के तहत इस तरह के प्रलोभन प्रतिबंधित है। अत: उपरोक्त कृत्य के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। समयावधि में जवाब प्राप्त नहीं होने पर यह समझा जाएगा कि इस विषय पर आपको अपना पक्ष नहीं प्रस्तुत करना है।









# दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



समस्त बेमेतरा वासियों को

धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा

की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं



## योगेश तिवारी

किसान नेता भाजपा

बेमेतरा



दीप जलते जगमगाते रहे
हम आपको आप हमें याद आते रहे
जब तक जिन्दगी है दुआ है हमारी
आप चांद की तरह जगमगाते रहे



विजय सिन्हा



राजेश शर्मा

जिलावासियों को लक्ष्मीपूजा व दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

आवासीय, कृषि भूमि एवं मकान खरीदने व बेचने के लिए सम्पर्क करें

## ॐ साईं प्रापर्टी डील

रायपुर रोड, मण्डी कॉम्पलेक्स के सामने, बेमेतरा मोबा.: 88719 90000

# दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


**शांति विजय एग्रोटेक** (बनगांव) डौण्डीलोहारा
एवं
**शांति विजय चांवल एवं पोहा उद्योग** (उमरादाह)



नाहटा परिवार बालोद की ओर से दीपावली एवं नववर्ष के पावन अवसर पर जिलेवासियों एवं किसान भाईयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं.....
उच्च क्वालिटी के अरवा चांवल एवं पोहा के निर्माता
( गुणवत्ता ही हमारी पहचान )
प्रो. - गुलाब चंद, सुभाष चंद नाहटा
मों. - 9425562417, 9406244591, 9977069693
पताः- उमरादाह, बालोद (छ.ग.)

**गायत्री हार्डवेयर**
की ओर से दीप पर्व दीपावली एवं नए वर्ष की समस्त ग्राहकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं....
हमारे द्वारा छड़, सीमेंट, पेंट, नल फीटिंग, सीनेटरी फीटिंग, एस आर मार्का इंट, एवं बिल्डिंग मटेरियल उचित दरों पर सप्लाई की जाती है
स्थानः- गायत्री हार्डवेयर गंजपारा बालोद, जिला बालोद ( छ.ग. )
मोबाईल - 9755482250, 9425563416



उमेश साहू
हीरापुर बालोद

दीपो का त्योहार दीपमाला एवं नए साल की जिलेवासियों, किसान भाईयों एवं समस्त ग्राहकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....



एम कलाम (मुन्ना भाई)
बालोद

**कृषि परामर्श केन्द**
दुर्ग रोड गंजपारा बालोद
मो0 9893467529, 878803653
जेनिथ एग्रीजोन प्रा.लि. शाखा रायपुर
खेतो की जान बायोजोन - जी काम्बोजोन 555, ह्यूमीजोन, एक्सपर्ट लेमडामेथीन एवं फंटूश हमेशा उपलब्ध एवं समस्त प्रकार के कीटनाशक व बीज के एक मात्र अधिकृत विक्रेता।
उच्च कम्पनियों की दवाइयां, खाद, बीज एवं स्प्रेयर पंप आदि आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध।

दीपावली एवं नववर्ष के पावन अवसर पर मां गंगा मइया के धाम झलमला बालोद में स्थित
**ओम नवकार ट्रेडर्स**
की ओर से अंचल के समस्त नागरिकों एवं किसान भाईयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
उच्च क्वालिटी के अरवा एवं उसना चांवल के निर्माता (साल्टेक्स एवं सिलकी राईस) हमेशा उपलब्ध।
स्थान - झलमला, बालोद



प्रो. दिलीप सांखला
मो. 9425239909



दिलीप सांखला

दीप पर्व दीपावली एवं नये वर्ष की समस्त ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं...
बालोद जिले का प्रथम अल्ट्राटेक बिल्डींग साल्यूशन (यूएसबी) शोरुम अब एक स्थान पर उपलब्ध
सेवाएं - वास्तु परामर्श, ऑर्किटेक्ट्स, कान्ट्रेक्टर्स, सिविल इंजिनियर।
**जयश्री ट्रेडर्स**
दुर्ग रोड मंडी के पास, गंजपारा बालोद
मो. 9893310839, 9407905006



रुपेश टावरी

डीलरः- अल्ट्राटेक सीमेंट, बिरला व्हाईट सीमेंट, पिडीलाइट फिक्सिड, डॉ. फिक्सिड, जी.के. टीएमटी सरिया, बिरला वॉल केयर पुट्टी, टाटा शक्ति जीसी सीट। (इंजीनियर की पसंद)

**जैन राईस इंडस्ट्रीज** (बाफना परिवार) बालोद की ओर से दीपावली एवं नव वर्ष के पावन अवसर पर अंचल के समस्त किसान भाईयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....





अनिल बाफना

**जैन राईस इंडस्ट्रीज**
ग्राम - देवारभाट बालोद
**बाफना पोहा उद्योग**
हंस ब्राण्ड मिडियम पोहा के निर्माता
**रौनक धर्मकांटा**
क्षमता 60 टन
(विश्वसनीयता ही हमारी पहचान)
प्रो. गौतम बाफना
मो. 9425516153



रमेश बाफना

दीपावली, देवउठनी एवं नववर्ष के पावन अवसर पर अंचलवासियों की मंगल कामना के साथ समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





ताराचंद सांखला
मो.9425561139

प्रतिष्ठित संस्थानः-
भागचंद दिलीप कुमारः- अनाज एवं किराना के थोक व्यापारी
ताराचंद सांखलाः- तेल, शक्कर, गुड़ के थोक विक्रेता
नरेन्द्र सांखलाः- मोक्ष पोहा एण्ड मुरमुरा इंडस्ट्रीज पाकुरभाट, बालोद

# धनतेरस पर बाजार में जमकर बरसा धन

## बर्तनों व सोने-चांदी के सिक्के की जोरदार की खरीदारी



**बलौदाबाजार,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस को लेकर शुक्रवार को बाजार में खूब रौनक रही। सुबह से शाम तक बर्तन, मिठाइयों सहित ज्वैलर्स की दुकानों में लोगों की खूब भीड़ रही। लोग बाजार में धक्का मुक्की करते हुए आगे की दुकानों तक पहुंचे। व्यापारियों ने खरीदारों को आकर्षित करने के लिए अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजाकर रखा हुआ था। लोगों ने शुभ खरीदी के लिहाज से विशेष मुहूर्तों में सोने-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, वस्त्र सहित घर की साज-सज्जा वाली समाग्रियों की जमकर खरीदी की।

सबसे ज्यादा रौनक सराफा व बर्तन बाजार में देखने को मिली इससे व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए नजर आए। ज्वेलर्स दुकानों में अनिल ज्वेलर्स, कैलाश ज्वेलर्स, काशी ज्वेलर्स के अलावा अन्य दूकानों में भी ग्राहकों की अच्छी खाशी भींड रही। इन दुकानों के संचालकों क्रमशः अनिल सोनी, कैलाश सोनी, केशव, अक्षय सोनी का कहना है कि ग्राहको की संतुष्ठी ही हमारा प्रतिफल है। उचित दाम, शुद्ध माल बेचना ही हमारा पहचान है। यहां आकर्षक, फैंसी शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरो के अलावा सभी प्रकार के हालमार्क ज्वेलरी ग्राहको को उपलब्ध हुआ। नगर समेत आसपास गांव से हजारो लोग जिला मुख्यालय खरीदारी करने पहुंचे जिसके कारण लगभग हर दुकान पर भीड़ लगी रही। धनतेरस के दिन जिलेभर में करोडो का कारोबार होने से व्यापारियों के चेहरों पर खुशियां नजर आई। सोने-चांदी की खरीदारी के लिए अतिशुभ माने जाने वाले धनतेरस पर्व पर नगर के सराफा बाजार में भी चमक दिखी। इस बार सोने-चांदी के जेवरों के साथ ही बेनटैक्स के गहनों की अच्छी खासी डिमांड रही। देर रात तक हुई खरीदारी धनतेरस के दिन व्यापारियों ने अन्य दिनों की अपेक्षा सुबह से ही दुकान खोलकर ग्राहकी का इंतजार करते दिखें। दोपहर मे जोर पकड़ी खरीदी देर रात तक चलती रहीं दुकानदारों ने देर रात तक बिक्री की खासकर कपड़ा, बर्तन व सर्राफा दुकानों पर ज्यादा भीड़ नजर आयी।

**देर रात तक हुई खरीदारी**-धनतेरस के दिन व्यापारियों ने अन्य दिनों की अपेक्षा सुबह से ही दुकान खोलकर ग्राहकी का इंतजार करते दिखें। दोपहर मे जोर पकड़ी खरीदी देर रात तक चलती रहीं, दुकानदारों ने देर रात तक बिक्री की, खासकर कपड़ा, बर्तन व सर्राफा दुकानों पर ज्यादा भीड़ नजर आयी।

**कंपनियों के साथ व्यापारियो ने भी शुरू किया ऑफर**-नवरात्र के बाद से ही बडी कंपनियों ने व्यापार को बढ़ाने को लेकर आफर शुरू कर दिए थे। इलेक्ट्रानिक, आटोमोबाईल, रियल स्टेट, कपडों में भी व्यापारी कुछ प्रतिशत की छूट किये थे। शहर के कई बडे व्यापारी किश्तों में भी सामान को बेचते दिखे जिससे व्यापार में रौनक आयी। ज्यादातर फ्रीज, एसी, वाशिंग मशीन, एलसीडी, एलईडी, फर्नीचर, वाहन में 5 से 3 हजार रूपये तक बचत जैसे आफर दे रहे थे।

# धन्वंतरि जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई



**नवापारा राजिम,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस के शुभ अवसर पर आयुर्वेद के महर्षि भगवान धन्वंतरि जी की जयंती बड़ी धूमधाम पूर्वक पूजा-अनुष्ठानों के माध्यम से नाड़ी वैद्य भंवरलाल जैन दवाखाना में धूमधाम से मनाई गई। इस समारोह का आयोजन नगर के प्रख्यात व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र गदिया के परिवार द्वारा किया गया। समारोह के प्रारंभ में पंडित ब्रह्मदत्त शर्मा द्वारा पूजा अनुष्ठान विधि संपन्न कराई गई, जिसके उपरांत उपस्थित सभा के लोगों ने धनवन्तरि जी की आरती और भक्ति की। समारोह में नगर के सभी चिकित्सक, गणमान्य नागरिकों ने पूजा अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समारोह का संचालन करते हुए पंडित ब्रम्हदत्त शास्त्री ने समाजसेवी एवं चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम संपन्न कराया। इस विषय में आयोजनकर्ता डॉ. राजेंद्र गदिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, यह धनवंतरी जयंती समारोह विगत 43 वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है, जिसमें आप सभी का सहयोग प्राप्त होने से यह आयोजन वृहद रूप ले चुका हैं।

सम्मान समारोह की कड़ी में डॉ.बलजीत सिंग एवं डॉ.श्रीमती एम.कौर, डॉ.अनुज, डॉ.दशमीत चावला, समाजसेवी राजू काबरा, पत्रकार तुकाराम कंसारी के जन्मदिन पर तिलक वंदन, माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नगर के बाल गायक कलाकार हार्दिक गंगवाल का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अंचल के डॉक्टर एवं नगरवासी उपस्थित थे जिसमें डॉ.दिलीप शाह, डॉ.प्रतीक शाह, डॉ.उजाला शाह, डॉ.तेजेन्द्र साहू, डॉ.भोई, डॉ.प्रकाश गुप्ता, डॉ.प्रमोद गुप्ता, डॉ.सिद्धार्थ डागा, डॉ.गायत्री डागा, डॉ.दिलीप शर्मा, डॉ.फूलजी साहू, डॉ.महेन्द्र साहू, डॉ.आर.गुप्ता, डॉ.राजू गुप्ता, डॉ.मुन्ना खान, डॉ.जीवन ज्योत सिंग, डॉ.रामचन्दन, डॉ.अंजनीकांता, डॉ.रामाधीन, डॉ.कौशिक, डॉ.वर्मा, ब्र.कु.से प्रिया बहन, हेमा बहन, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, अशोक बजाज, डॉ.अनुज, डॉ.नरेन्द्र सोनी, डॉ.पीयूष सोनी, डॉ.समर्पण, डॉ.गोपाल केला, डॉ.टी.एन.रमेश, डॉ.पुनित गोस्वामी, डॉ.संतू कंसारी, डॉ.रावलानी, डॉ.देवा, डॉ.रेशमा साहू, डॉ.नितिन सेवानी, डॉ.सौरभ भाण्डगे, डॉ.एम.एल.सोनकर, डॉ.लीलाराम साहू, डॉ.विकास पांडेय, डॉ.आर.सोनसायटी, कबीर संप्रदाय से विजेन्द्र साहेब, सहित सैकड़ों चिकित्सक सहित नगरवासी रमेश पहाड़िया, ▸▸ शेष पृष्ठ 9 पर ▸

# ग्रामीणों ने मतदान के लिए लिया दीप संकल्प और बनाई 'वोट फॉर बेटर इंडिया' की रंगोली



**बिलाईगढ़,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी एक सप्ताह में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सीईओ बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में सरिया और बरमकेला क्षेत्र के गावों में धनतेरस, चतुर्दश और दीपावली के दिन दीपावली थीम पर मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कई गावों में ग्रामीण जन, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी मतदान करने के लिए दीप का संकल्प ले रहे हैं। बच्चे और युवाओं ने च्वोट फॉर बेटर इंडियाज्ञ का रंगोली बनाया।

# सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक ने मनाया दीवाली मिलन समारोह



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। सीमेंट एवं खदान श्रमिक यूनियन एटक के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के दिनेश कुमार पाठक एचआर हेड द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते श्री पाठक ने कहा कि दीपावली पर्व आपसी भाईचारा का संदेश देती है तथा हमें प्रेरणा देती है कि हम मिलकर रहें। हिंददेश चंदेल ने भी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं दी।

यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष राजूलाल श्रेष्ठ ने दीपावली के पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा दीपावली आपस में भाईचारा, सद्भावना, संप्रदायिक एकता तथा खुशी को इजहार करने का प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान राम 14 वर्ष वनवास काटने के पश्चात अयोध्या लौटे थे तब अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर खुशी का इजहार किया था तब से ये परम्परा जारी है। कार्यक्रम को अंबुजा सीमेंट के उप महाप्रबंधक एचआर की अंतरयामी सामल ने भी संबोधित कर सभी कर्मचारियों को दीपावली की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सेहा सिंह ने की तथा कार्यक्रम का समापन तथा आभार व्यक्त यूनियन के सचिव दिनेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में अंबुजा सीमेंट के विभागीय, प्रमुख राजू जोशी, आर. एस. कुर्मी, प्रमुख डाक्टर आशीष शुक्ला, मनोज गिरी, अमित मुखर्जी, ईश्वर सभापति, जितेंन्द्र वर्मा तथा यूनियन की ओर से यूनियन के अध्यक्ष हिन्देश चन्देल, सुरेश वैक्लब, मनोज वर्मा, राकेश मिश्रा, वेदप्रकाश वर्मा, टापलाल वर्मा, महेन्द्र टिकरिल, एस. विश्वास, सुनील लहरी, प्रदीप ठाकुर, कामदेव धृतलहरे, नाथूराम साहू, नंदकिशोर बैष्णव, तुकाराम लहरी, टेकराम यदु, टेकराम देवांगन, राजीव वर्मा के साथ सैकड़ो कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी विद्यालय बरपानी की लगातार दो वर्ष से अनूठी पहल

**बिलाईगढ़** 11 नवंबर(देशबंधु)। शाला परिवार बरपानी के तत्वाधान में पिछले वर्ष से बरपानी विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़े रखने व सरकारी विद्यालय के प्रति लोगों के बीच अनूठी छवि बनाने हेतु अनूठा प्रयास किया जा रहा है, जिसमें पिछले वर्ष विभिन्न जिला एवं प्रान्त में रह रहे विद्यार्थियों ने अपने घर में बरपानी स्कूल के लिए रंगोली बनायीं व दीपक जलाकर विद्यालय के लिये शुभकामनायें प्रेषित की थी 7 इस वर्ष भी रंगोली प्रतियोगिता/दीपक जलाओ प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर विद्यालय बरपानी ब्लॉक कसडोल जिला बलौदाबाजार में किया जा रहा है जिसमें बरपानी विद्यालय में पड़ने वाले विद्यार्थी या विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी प्रतियोगिता में भाग ले सकते है 7इस वर्ष दो प्रतियोगिता रखी गयी है जिसमे प्रथम प्रतियोगिता समय धनतेरस से दीपावली त्यौहार तक आपको




रंगोली बनानी है और रंगोली में *मोर स्कूल बरपानी* लिखनी है। क्क रंगोली की फोटो ग्रुप में शेयर करनी है।

**दूसरा प्रतियोगिता दीपावली त्यौहार के दिनः** बरपानी स्कूल के नाम दीपक या आरती थाल जलाकर सेल्फी ग्रुप में शेयर करनी है। इस साल प्रतियोगिता में टॉप टेन तक आने वाले प्रतिभागी को दोनों वर्गों में पुरुष्कार दिया जायेगा।

बरपानी विद्यालय का भूतपूर्व छात्र सम्मलेन इस साल दिसंबर में आयोजन होने जा रहा है जिसमे यह पुरुष्कार दिया जावेगा।

दिसंबर में 1958 से अब तक पड़ने वाले भूतपूर्व छात्र/छात्राओ का विशाल सम्मलेन होने जा रहा है जिसमें एक ही घर से तीन पीड़ियां तक शामिल होने का अवसर है अतः अधिक से अधिक बरपानी में पड़ चुके भूतपूर्व विद्यार्थी जुड़े 7 कार्यक्रम की अधिक जानकारी हेतु विद्यालय से संपर्क करें।

# कलेक्टर ने 17 नवंबर को मताधिकार का उपयोग कर मतदान की अपील की

**बिलाईगढ़,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सभी मतदाताओं को 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। अपने संदेश में उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 17 नवंबर को जिले के 651 मतदान केन्द्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है, इस हेतु एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए सभी अपने घरों से निकलें एवं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

**अपने लोकतांत्रिक अधिकार मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं : एसपी आशुतोष सिंह**

आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह ने 卐सारंगढ़ बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बर卐 का नारा देते हुए जिले के सभी नगरवासियों से 17 नवंबर को लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु अपने वैधानिक लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की है।

# निर्माल्य वाहन का शुभारंभ किया गया

**राजिम,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रवचनकर्ता पंडित प्रदीप मिश्रा की सद्प्रेरणा से नदियों तालाबों की रक्षा के लिए राजिम तीर्थक्षेत्र में आज शनिवार को धन तेरस कार्तिक कृष्ण 2080 के अवसर पर निर्माल्य वाहन का शुभारंभ किया गया. जिसमें गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. ऋषि सेन ने बताया कि पूजन सामग्री विसर्जित करने के लिए लोगों के घरों सहित मंदिरों से अपशिष्ट इकत्रित करेंगे साथ ही नदी में विसर्जित पूजन सामग्री के अपशिष्ट को भी नदी से निकालकर एकत्रित कर एक




नदी किनारे मणिकंचन केन्द्र के बाजू से गड्ढा कर उसमें एकत्रित किया जायेगा और फिर जब यह खाद बन जायेगा तब इसका उपयोग किया जा सकेगा. जिससे नदी भी सुरक्षित रहेगी और लोगों की भावनाएं भी आहत नहीं होंगी. नगर के लोगों ने इस कार्ययोजना की काफी तारीफकी और इससे नदी में प्रदूषण भी नहीं होगा और जब घरों से अपशिष्ट पूजन सामग्री एकत्रित किया जायेगा तो उसका भी सही उपयोग हो सकेगा. सबसे अच्छी बात यह है कि यह वाहन नगर के प्रत्येक गलियों में घूमघूमकर एकत्रित करेगा. जिससे लोगों को सुविधा हो.

# निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का दिया गया प्रशिक्षण

**बिलाईगढ़,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कमीशनिंग कार्य के संबंध में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा व स्निग्धा तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सेक्टर अधिकारियों को त्रुटिपूर्ण मतदान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् प्रशिक्षण प्रभारी मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी द्वारा ट्रेनिंग में मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।






# ओए के सहयोग से 900 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया गया

**भिलाईनगर,** 12 नवम्बर (देशबन्धु)। लीज डीड पंजीयन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के पदाधिकारी बीएसपी प्रबंधन एवं रजिस्ट्रार आफिस दुर्ग से निरंतर संपर्क कर निरंतर समन्वय किया जा रहा है। लीज डीड पंजीयन से संबंधित कार्य हेतु दो हेल्प डेस्क का संचालन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग में प्रतिदिन प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है। यह हेल्प डेस्क 12 नवम्बर से 17 नवम्बर तक बंद रहेगा। पूर्व में लीज डीड के पंजीयन में सर्वप्रथम ऐसे लीज धारकों को प्राथमिकता दी जा रही थी, जो प्रथम आबंटी लीज धारक हैं तथा जिनके सभी दस्तावेज उपलब्ध एवं सही हैं। ओए अध्यक्ष एवं सफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भिलाई के लीजधारकों की आवश्यकताओं को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन से लीज ट्रांसफर केस तथा लीज के शेष राशि भुगतान केस की लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रयास किया। फलस्वरूप बीएसपी के नगर सेवायें विभाग ने लीज ट्रांसफर केस पर लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया है। इस प्रकार लीज डीड पंजीयन के द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ओए अध्यक्ष श्री बंछोर के नेतृत्व में संयंत्र के 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें ओए.बीएसपी तथा हाऊसलीज समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओए.बीएसपी के प्रयास से भिलाई के लीजधारकों हेतु प्रगति भवन में दो हेल्प डेस्क भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। विदित हो कि लीज डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जुलाई 2023 से प्रारंभ किया गया है लीज सेक्शन के द्वारा 1200 से अधिक लीज डीड की स्क्रुटनी संपन्न की जा चुकी है तथा 900 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

# चुनाव-पुलिस की पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बैठक

## चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में दिए निर्देश



**भिलाईनगर,** 12 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वतंत्र एवम निष्पक्ष चुनाव करने एवम आम जनता में सुरक्षा की भावना के लिए फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग, संवेदनशील मतदान केंद्र की सुरक्षा आदि पर की गई चर्चा। आज शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा आगमी विधानसभा चुनाव के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई के सभागार में बैठक ली गई। बैठक में सीआरपीएफ कमांडेंट टी एम पेटे, सुनील रही, सीआरपीएफ डीसी सौरव कुमार, बीएसएफसे कमांडेंट पी. जादु, देवेन्द्र, हिमादा, राजेश सिंह, तेजपाल, एम एस सैनी एवम एसएसबी, आरपीएफ एसीजी एसएपी के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार एवम समस्त राजपत्रित अधिकारी सम्मीलित हुए। बैठक में आगामी चुनाव एवम त्योहारी सीजन के को देखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में चर्चा कर स्वतंत्र एवम निष्पक्ष चुनाव करने एवम आम नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास दिलाने के साथ-साथ आसामजिक तत्वों में कानून का भय करने हेतु फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग, संवेदनशील मतदान केंद्र की सुरक्षा आदि पर चर्चा की गई। उपरोक्त बैठक में बीएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ, आरपीएफ के अधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणि शंकर चंद्रा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा संजय पुंढीर, प्रभारी कंट्रोल रूम आदि उपस्थित रहे।

**सीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने निकला मार्च**

भिलाईनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव एवम त्योहारी सीजन के मद्देनजर छावनी एवम खुर्सीपार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया गया। पैदल भ्रमण में सर्वप्रथम छावनी क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसके बाद सराफा लाइन छावनी होते हुए लिंक रोड स जलेबी चौक तक पैदल पेट्रोलिंग की गई। तत्पश्चात खुर्सीपार क्षेत्र में भी पैदल भ्रमण किया गया। भ्रमण में सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान हेतु तथा आमजनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने पैदल करीबन 8 कि.मी. भ्रमण किया गया। भ्रमण में नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर एवम थाना प्रभारी खुर्सीपार व छावनी एवम केंद्रीय सुरक्षा बलों के 30 से अधिक जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा छावनी एवम खुर्सीपार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया किया गया। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव एवम त्योहारी सीजन के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र बल एवम पुलिस के द्वारा की गई पैदल मार्च।

आम जनमानस को सुरक्षित माहौल का एहसास कराने किया गया पैदल भ्रमण। वही पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध नशे के कारोवार में लिप्त लोगों को खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इस तरह अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ भी पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। जिसमें कई को हथियार सहित गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की गई।

# सेंट थॉमस में मनाया गया कैंसर जागरूकता दिवस



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के पी.जी.माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष में महिला कर्मचारी और छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीईसी, एनआईटी रायपुर एलुमिनि एसोसिएशन भिलाई चैप्टर के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. निवेदिता मंडल स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति विशेषज्ञ सलाहकार भिलाई एव विशेष अतिथि के रूप में सुश्री नूतन दत्त महासचिव. जीईसी. एनआईटी रायपुर एलुमिनि एसोसिएशन, भिलाई चैप्टर उपस्थित थे। कॉलेज के प्राचार्यय डा. एम.जी. रॉयमोन ने अपने संबोधन में कैंसर से प्रभावित होने से बचने के लिए जीवन शैली बदलने की बात पर जोर दिया और साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने का आह्वान किया। डॉ. मंडल ने अपने व्याख्यान में छात्रों को सर्वाइकल कैंसर के कारणों से अवगत कराते हुए उन्हें टीकाकरण, परीक्षण जैसे विभिन्न निवारक उपायों पर संक्षिप्त परिचय दिया और साथ ही महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की स्थिति का शीघ्र निदान करने या उसे रोकने में मदद करने एवं स्तन कैंसर का जल्द से जल्द पता कैसे लगाएं यह भी समझाया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शुभा दीवान द्वारा किया गया और इसमें सभी महिला स्टाफ एव विभिन्न जीव विज्ञान विभागों के सदस्य और छात्रो ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय की छात्रा निशिता गौतम द्वारा किया गया।

# रंगोली डीएवी के विद्यार्थियों ने दिखाए कला के रंग

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर डीएवी विद्यालय के प्रांगण में छात्र.छात्राओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ एक से बढ़कर एक कलाकृति को दिखाते हुए रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसी अवसर पर कक्षा नर्सरी के अभिभावकों के लिए दीपावली के इस पावन अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की। रंगोली प्रतियोगिता के विजेता अभिभावकों में प्रथम स्थान पर श्रीमती पल्लवी उजाला, द्वितीय स्थान पर तथा तृतीय स्थान श्रीमती आरती साहू रहीं। इस रंगोली प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए डीएवी विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने विद्यालय में आयोजित इस रंगोली प्रतियोगिता में अभिभावकों की हिस्सेदारी कला के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए उनकी उपस्थिति को बच्चों को प्रोत्साहित करने का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए भविष्य में भी इस तरह की कार्यक्रम को आयोजित करते रहने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह बच्चे और अभिभावक रंगोली प्रतियोगिता भाग ले रहे आशा करता हूं कि उनके जीवन में भी खुशियों का रंग ऐसे ही बिखरता रहे। साथी उन्होंने विजेता अभिभावकों को ससम्मान पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्कूल स्टाफ की महती भूमिका रही।

# पहली छमाही में लंबी छलांग

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही और दूसरी तिमाही का वित्तीय परिणाम घोषित कर दिया है। सेल ने प्रोडक्शन में लंबी छलांग लगाई है 30 सितंबर 2023 को समाप्त हुए मौजूदा वित्त वर्ष 2023 24 की पहली छमाही और दूसरी तिमाही के लिए आज अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही और दूसरी तिमाही में उत्पादन और बिक्रय में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुक़ाबले, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान क्रूड स्टील उत्पादन और विक्रय की मात्रा में क्रमश: 9.7 प्रतिशत और 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

# देवेन्द्र ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार जनसंपर्क कर रहे है। हर वार्ड और सेक्टर में विश्वास यात्रा निकाल रहे हैं। इसके अलावा वार्डों में सभा भी ले रहे है। उनके विश्वास यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हो रहे है। विधायक श्री यादव की सभाओं में में सिर्फ देवेंद्र यादव को सूनने, उनसे मिलने के लिए हजारों की संख्या में लोग का हुजुम जमा हो रहा है। भिलाई विधायक श्री यादव सेक्टर 6, सेक्टर 1, सेक्टर 10, सेक्टर 4 में विश्वास यात्रा निकाले। इस विश्वास यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिला। लोग अपने घरों से निकल कर विधायक को आशीर्वाद दिए। लोगों ने विधायक श्री यादव का पूरा समर्थन किया और विश्वास दिलाया कि वे पहले भी उनके साथ थे और अभी भी उनके साथ है। इस दौरान विधायक श्री यादव ने बताया कि टाउनशिप और खुर्सीपार व छावनी में कई समस्याएं थी। कुछ लोग झूठी बातें कह कर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह भिलाई की जनता शिक्षित है, अपने और पराए की परख करना जानती है। देवेंद्र यादव का 5 साल और उनका 34 साल दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। 5 साल में हमने लोगों को वो सुविधाएं और विकास दिया हैए जो सालों में नहीं हो सकता। अब यह चुनाव सिर्फ विधायक चुनाव नहीं रह गया हैए बल्की सत्य और असत्य, व्यवहार और अहंकार के हारजीत का चुनाव है। अब जतना खुद ही तय करें कि उनके अपने बेटे, भाई जैसे विधायक चाहिए, जो उनके घरों में आकर उनका हालचाल ले और उनकी सभी समस्याओं को दूर करें। भिलाई की जनता को ये नेता जी 500 रुपए की समझ लिए है। इसलिए 500 का नोट और मिठाई मतदाताओं को देखकर खरीदता चाहते है। ऐसे इनकी सोंच है। भिलाई नगर से कांग्रेस के प्रत्याशी व विधायक देवेंद्र यादव को जनता का समर्थन मिल रहा है। साथ ही उनके समर्थन में राष्ट्रीय इंटक के महासचिव व प्रदेश इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंग भी मैदान में उतने। संजय सिंग ने देवेंद्र यादव को अपना और अपने पूरी संगठन की ओर से समर्थन दिया। साथ ही उनके साथ बैठक कर कार्याकर्ताओं के साथ मिलकर बैठक की और कहा कि राष्ट्रीय इंटक और प्रदेश इंटक का उन्हें पूरे समर्थन है। वे सब उनके साथ है और आगे भी रहेंगे। देवेंद्र यादव शनिवार को विभिन्न सेक्टर एरिया और खुर्सीपार व छावनी क्षेत्र में विश्वास यात्रा निकाली और रात में सभाएं भी ली। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में दोबारा कांग्रेस के सरकार बनाओगे तो केजी से लेकर पीजी तक एजुकेशन फ्री होगा। मतलब बच्चे डॉक्टरी करें या इंजीनियरिंग की पढ़ाई सब फ्री में होगी। इसके अलावा खुर्सीपार क्षेत्र का हर सरकारी स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल बना दिया जाएगा।

# प्रेमप्रकाश ही भिलाई के विकास का विकल्प : मनोज



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सांसद और फिल्म स्टार मनोज तिवारी आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पक्ष में प्रचार करने खुर्सीपार पहुंचे। इस दौरान रोड शो के माध्यम से उन्होंने खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा करते हुए जनता से भिलाई में विकास का कमल खिलाने और प्रेमप्रकाश पाण्डेय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भिलाई में अगर अपराध को खत्म करना है तो प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जिताकर लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को स्व. अटल जी ने छत्तीसगढ़ को बनाया है। पूर्व में भाजपा सरकार ने इसका विकास किया लेकिन पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की दुर्दशा कर दी। लेकिन अब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गारंटी दी है और अब भाजपा ही फिर से राज्य को संवारेगी। सांसद मनोज तिवारी ने अपने रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पक्ष में प्रचार करते हुए प्रेमप्रकाश ही भिलाई का विकास करेंग। गीत उनको समर्पित किया। रोड शो के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि प्रेमप्रकाश पाण्डेय ही भिलाई के विकास के लिए एकमात्र विकल्प हैं। कांग्रेस राज में हमारा यह प्यारा भिलाई 5 साल पीछे चला गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा को जिताएं और भ्रष्टाचारी लोगों को हटाएं। रोड शो के समापन के अवसर पर शास्त्री मार्केट में उन्होंने सभी लोगों को अपने अंदाज में लोकतंत्र के त्योहार और दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि लोगों का स्नेह और उत्साह इस बात का सबूत है कि भाजपा आ रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भिलाई को नशामुक्त, अपराधमुक्त बनाना है। श्री पाण्डेय ने खुर्सीपार में आयोजित बैठक में कहा कि भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को 500 रूपए गैस सिलेंडर प्रदान किये जाएंगे और मातृ वंदना योजना के तहत सलाना 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अन्य लोगों को भी इस योजना की जानकारी

# अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई,** 11 नवंबर। टाटा इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 06 से 08 दिसम्बर 2023 तक जमशेदपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये इंडोर स्टेडियमए सिविक सेंटरए भिलाई में दिनांक 19 नवम्बर 2023 को सुबह 8ण्00 बजे से बीएसपी टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अत: भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक तथा खिलाड़ी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैंए वे दिनांक 17 नवम्बर 2023 को दोपहर 2ण्00 बजे तक इंडोर स्टेडियमए सिविक सेंटर में चयनकर्ताओं के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इस स्पर्धा के लिए श्री प्रवीण उपाध्याय एवं मोण् सलीम कुरैषी खिलाड़ियों का चयन करेंगे। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी सहायक प्रबंधक ;क्रीड़ाए सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएंद्ध श्री अभिजीत भौमिक होंगे।

# बीएमएस की नई कार्यकारिणी गठित



भिलाईनगर, 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनियन बीएमएस का चुनाव तीन वर्ष के लिए हुआ है। उसमें राधेश्याम जयसवाल को अध्यक्ष, रविशंकर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष एवं चन्ना केशवलू को महामंत्री सहित 51 लोगो की बॉडी पंजीयक व्यवसायिक संघ द्वारा रजिस्टर्ड कर दी गई है और इन्हें फार्म ई की मान्यता इन्हें दी गई है। बीएमएस संयंत्र के श्रमिकों व ठेका श्रमिकों के हित में काम करेंगी। 55 साल बाद हम सत्ता में आये है। गत 6 तारीख को ई फार्म हमारा पंजीबद्ध हो गया है। घोषणा पत्र में हमने जो वादे किये है, उसे हम पूरा करेंगे। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करके हमने 32 नये डॉक्टर की पदास्थापना कराई है। जिसमें कार्डियोलाजिस्ट एवं न्यूजरो सर्जन के डॉ अपनी सेवाये देना शुरू कर दिये है, दो अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों को बुलाने हम प्रयास कर रहे है, साथ ही जो 250 स्क्यायर फीट के मकान जो बीएसपी प्रबंधन लायसेंस मे देने के लिए 5 लाख रूपये ले रही थी उसे हमने ढाई लाख रूपये करवा दिया है। इसके अलावा जो नये लोग संयंत्र में भर्ती हो रहे है, उनको वन जेड स्तर के मकान को दिलवाया जा रहा हैं। चन्ना केशवलू ने कहा कि सेक्टर 4 की घटना के बाद जो पानी टंकिया जर्जर हो गई है, या तो मरम्मत कराये या कंडम घोषित करे। ये मांग हमारे यूनियन द्वारा सीजीएम टाउनशिप से की गई है। सभी पानी टंकियों का सर्वे भी कराया गया है। डीपीएस रिसाली मरोद में कोटा के आधार पर एडमिशन भी बीएसपी के अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों का कराया जा रहा है। केशवलू ने कहा कि जिस तरह नगर निगम बीएसपी से प्रापर्टी टेक्स वसूलता है और टेक्स नही देने पर तालाबंदी की बात करता है तो निगम व शहर सरकार के जनप्रतिनिधियों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। आने वाले समय में टाउनशिप के लोगों को साफ पानी व दो वक्त पानी की उपलब्धता कराने में हमारा पूरा प्रयास होगा नई बॉडी में अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष इन्द्रमणि प्रसाद मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, सन्नी इप्पन, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, कैलाश सिंह, सुरेन्द्र चौहान, डिल्ली राव, मृगेन्द्र कुमार, महामंत्री चन्ना केशवलू, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार पाल, उमेश मिश्रा, संजय प्रताप सिंह, जोगेन्द्र कुमार, अनिल गजभिये, राजनारायण सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, गौरव कुमार, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, उप कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल सचिव गंगाराम चौबे, दीनानाथ जयसवार, संतोष सिंह, जॉन आर्थर, अमित कुमार सिंह, सुदीप सेन गुप्ता, पूरन लाल साहू, मिलाप साहू, नवनीत हरदेल, नागराजू, अरविंद सिंह, राजेन्द्र सिह ठाकुर, संजय कुमार साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, चंद्रकांत पटेल, राकेश उपाध्याय, अशोक कुमार, प्रकाश सोनी, वेंकट रमैय्या, दीपक मिश्रा, काकुली दत्ता, ग्रीटर बी पाल, होत्री प्रभाकर वर्मा, सुबोदीप सरकार, प्रशांत कुमार, आर के

वृक्ष लगाएं
पर्यावरण बचाएं

# इजराइली हमले की यूनियन नेताओं ने की निंदा



**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। फिलिस्तीन पर एक महीने से जारी इजराइली हमले व फिलिस्तीनियों के जनसंहार के खिलाफ वामदलों के देशव्यापी आह्वान पर भाकपा माल, भाकपा व माकपा ने एटक कार्यालय सेक्टर-1, भिलाई मे बैठक किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फिलिस्तीन पर लगातार जारी इजराइली हमले को एक महीने से अधिक हो गए। अब तक 10 हजार से अधिक निर्दोष जानें जा चुकी हैं जिनमें लगभग 6 हजार बच्चे व महिलाएं शामिल हैं। रिहायशी इलाकों, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, मस्जिदों, राहत कैंप व एम्बुलेंसों पर बमबारी जारी है। बिजली पानी, रसद व जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति काट दी गई है। अमरीका के प्रत्यक्ष सैनिक कूट नीतिक समर्थन समेत अन्य साम्राज्यवादी देशों की मदद से आत्मरक्षा के नाम पर किया जा रहा यह एक खुला जनसंहार है। एक समूचे देश के वजूद को मिटा देने की कोशिश है। युद्ध व मानवाधिकार से जुड़े तमाम अंतरराष्ट्रीय नियम व मान्यताएं स्थगित कर दी गई हैं। कुल मिलाकर जुल्म और अन्याय के एक भयानक दौर के हम गवाह हैं। दुनिया भर में लाखों लोग सड़कों पर आकर न सिर्फ़ इसका विरोध करते हुए तत्काल शांति की मांग कर रहे हैं बल्कि अपनी सरकारों पर फिलिस्तीनी आवाम के पक्ष में खड़े होने का दबाव बना रहे हैं। भारत फिलिस्तीनी आवाम के मुक्ति आंदोलन का पुराना समर्थक रहा है। पर देश की मौजूदा मोदी सरकार न्याय और शांति के हमारे इस परंपरागत रुख को पलटकर बेगुनाहों के नरसंहार और खुले अन्याय के समर्थन में खड़े होते हुए अमेरिका इजराइल परस्त विदेश नीति पर चल रही है। हम मोदी सरकार की अमेरिका इजराइल परस्ती की तीखी निंदा करते है और फिलिस्तीनी जनता की तकलीफों और संघर्ष के साथ अपनी एक जुटता जाहिर करते हुए अमेरिका इजराइल का सैन्य समर्थन नहींए शांति के लिए पहल करने की मांग करते हैं बैठक में डीवीएस रेड्डी, विनोद कुमार सोनी, बृजेन्द्र तिवारी, वकील भारती, शिव कुमार प्रसाद ने संबोधित किया।

# तीजन बाई की महान विभूतियां पुस्तक का विमोचन

**भिलाईनगर,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.परदेशीराम वर्मा लिखित छत्तीसगढ़ की महान विभूतियां पुस्तक का विमोचन गनियारी गांव में पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई ने किया। उन्होंने विमोचन के अवसर पर कहा कि साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के साधकों पर विगत पचास वर्षों से लिख रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ लोककला महोत्सव के संयोजक थे। इसी मंच पर मैंने प्रदर्शन कर यश प्राप्त किया। इस ग्रंथ में मेरे बारे में महत्वपूर्ण लेख है। साथ ही छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बारे में भी इस किताब में बहुत जानकारी है। छत्तीसगढ़ में श्रीराम के गमन मार्ग के लिए काम कर देश में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। इस ग्रंथ में माता कौशल्या, महाप्रभू वल्लभाचार्य, गुरू बाबा घासीदास, हीरा लाल काव्योपाध्याय, पद्मश्री राजमोहनी देवी, स्वामी आत्मानंद, संत पवन दीवान, पं. सुन्दरलाल शर्मा, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, इन्दरू केंवट, डॉ. खूबचंद बघेल, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, हबीब तनवीर, दाऊ रामचंद्र देशमुख, दुलार सिंह, साव मंदराजी, डॉ. नरेन्द्र वर्मा, लाला जगदलपुरी, गहिरा गुरू, हीरा सिंह, देव कंगला मांझी, बिसाहू दास महंत, खुमान साव, पद्मविभूषण तीजनबाई, देवदास बंजारे, पद्मश्री पूनाराम निषाद एवं भूपेश बघेल पर लेख हैं। विमोचन के अवसर पर शहीद दुर्वाशालाल निषाद के पिता मुन्नीलाल निषाद नीतीश एवं मेनका उपस्थित थे। डा.परदेशीराम वर्मा ने आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि पद्मविभूषण तीजन बाई राष्ट्र गौरव हैं। उन्होने सदा संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना सिखाया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### धन्वंतरि जयंती समारोहपूर्वक...

अशोक गंगवाल, किशोर सिंघई, पं.ऋषभ शास्त्री, आलोक पहाड़िया, मनीष जैन, प्रदीप सोनी, शेखर बाफना, उमेश यादव, संजय पाटनी, मुकेश पाटनी, प्रभात जैन, अनिल जैन, अर्पण रुपल गदिया, अमृत नैनानी, गोपाल शर्मा (टिल्लू महाराज), गजानंद गुप्ता, रीतेश पाटनी, रॉबिन चावला, सतीश गंभीर, चंद्रिका साहू, प्रकाश गदिया, अनिल नंदिता जैन, नीलू संजय जैन, अंबर सिंघई, संजय सिंघई, रमेश चौधरी, विनोद गोलछा, संजय जैन, प्रफुल्ल पाटनी, प्रज्ञा पाटनी, समीक्षा पाटनी, सहित अनेक लोगों ने पूजा में हिस्सा लिया । इस दिव्य आयोजन के अंत में आभार प्रदर्शन पं.ब्रम्हदत्त शर्मा ने किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ.राजेन्द्र गदिया ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद देते हुए तिलक वंदन के साथ उपहार देकर विदा किया ।

## निधन

### राघव जी भाई गजरा

**रायपुर,** 11 नवंबर। प्रतिष्ठित बारदाना व्यवसायी राघव जी भाई गजरा (बबल भैया) आत्मज स्व. जीवराज भाई गजरा उम्र 72 साल का 11 नवंबर को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए बबल भैया अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए।



### इंद्रावती देवी

**भिलाईनगर,** 11 नवंबर। स्टेशन मरोदा निवासी श्रीमती इंद्रावती देवी पति स्व. लालता प्रसाद उम्र 66 वर्ष का आज निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 10 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे धर्मेंद्र कुमार एवं हेमंत कुमार की माता थी।



# खल्लारी क्षेत्र के मतदाता हर चुनाव में बदल देते हैं विधायक

## कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया को मिला था लगातार दो बार विधायक बनने का मौका

**बागबाहरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कांग्रेस का विधायक है। कांग्रेस की पूरजोर कोशिश है कि वह इस जीत के सिलसिले को कायम रखने जी तोड़ भरपूर मेहनत कर रहे हैं। लेकिन यहाँ के मतदाता हर बार विधायक बदल देते हैं। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह अलग है। यहाँ के लोगों में कर्जा माफी , बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य , सड़क एवं नल जल पानी के अलावा अन्य सुविधाओं में राज्य सरकार सभी प्रकार के कर्जों का माफ़ करने की घोषणा की है। जिसके कारण कांग्रेस पार्टी की ओर इस क्षेत्र के मतदाताओं का झुकाव अधिक दिख रहा है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय खल्लारी क्षेत्र में लगातार दो बार विधायक रहने का सौभाग्य कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण इंदूरिया को ही मिला था। उन्होंने वर्ष 1980 और 1985 के चुनाव में लगातार दो बार जीत दर्ज की थी। छत्तीसगढ़ गठन के बाद अब तक हुए चार चुनावों में मतदाताओं ने हर बार अलग पार्टी का विधायक चुना है। ऐसे में अब देखना यह है कि यहाँ की जनता कांग्रेस को दोबारा मौका देगी या फिर हर बार की तरह बदलाव कर भाजपा या अन्य को मौका देगी। इस बात को लेकर राजनीतिज्ञों में भविष्यवाणी अभी से होने लगी है। पिछले पांच साल में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के आधार पर माना जा रहा है कि इस बार भी यहाँ की जनता कांग्रेस पर भरोसा जता सकती है। वहीं भाजपा ने यहाँ से एक बार फिर महिला प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2018 में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका दिलीप साहू (खेमड़ा) को भाजपा ने टिकट दिया था।

**यहाँ 50 फीसदी ओबीसी , जिनमें करीब 25 प्रतिशत जनसंख्या साहू समाज की है**

लेकिन भाजपा में बगावत, भीतरघात एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच अंदरूनी लड़ाई के चलते उन्हें 57 हजार वोटों से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा के जिम्मेदार लोगों ने पिछले चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को ही हरा दिया था। अन्यथा उस समय का राजनीतिक परिणाम कुछ और होता।

**खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से इस बार 15 प्रत्याशी मैदान में:** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से द्वारिकाधीश यादव, भाजपा से अलका चंद्राकर, जेसीसीजे से रेखराम बाघ, आप पार्टी से नीलम ध्रुव, जनता कांग्रेस से प्रेमलाल मलिक, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से गेंदलाल डड़सेना , ? राईट टू रिकाल पार्टी से बुढ़ियारिन बाई, भारतीय चेतना शक्ति पार्टी से नैन सिंग ठाकुर, नेशनल यूथ पार्टी से याकूब खान पासा, बहुजन समाज पार्टी से सुफल साहू, निर्दलीय साखा राम बरिहा, ईश्वर मारकंडे, चम्पालाल पटेल, सुखनन्दन देशकर, संतोष कुमार बंजारे चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमां रहे हैं।

**पिछड़ा वर्ग के सर्वाधिक मतदाता:** खल्लारी विधानसभा सर्व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है लेकिन यहाँ साहू समाज की भी विभिन्न गतिविधियों में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। यहाँ पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है इसके बावजूद भी पिछले चुनाव में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव 57 हजार वोटों से जिते हैं। जो पांच साल के अपने कार्यकाल में अपनी विशिष्ट पहचान सभी समाजों एवं मतदाताओं के बीच बना चुके हैं। लोगों के बीच में हर बार आवाज उठती है कि मैं भी इस क्षेत्र का द्वारिकाधीश हूँ।

**46 साल बाद इस क्षेत्र को मिला कुर्मी चंद्राकर उम्मीदवार:** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 46 साल बाद इस क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर को टिकट दिया है। इसके पूर्व इस क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने 1978 के विधानसभा चुनाव में पूरन लाल चंद्राकर सिर्री वाले को टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उस समय कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह गाय बछड़ा छाप था। तथा भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती स्व. इंदिरा गांधी थी।

**खल्लारी क्षेत्र से अब तक के बने विधायक :** वर्ष 1977 में विधायक डॉ. रमेश अग्रवाल जनता पार्टी , 1980 में लक्ष्मीनारायण इंदूरिया कांग्रेस, 1985 लक्ष्मीनारायण इंदूरिया कांग्रेस, 1990 में डॉ. रमेश अग्रवाल जनता दल , 1993 में भेखराम साहू कांग्रेस, 1998 में डॉ रमेश अग्रवाल भाजपा , 1999 में परेश बागबाहरा भाजपा, 2003 में प्रीतम दीवान भाजपा, 2008 में परेश बागबाहरा कांग्रेस, 2013 में चुन्नीलाल साहू भाजपा एवं 2018 में द्वारिकाधीश यादव कांग्रेस पार्टी से विधायक चुने गए।

# विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष में खरोरा के रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष मे खरोरा के रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन स्कूल के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल वैशाली गुप्ता शिक्षिका ममता भारद्वाज, पिंकी पटेल, दीपा देवांगन, निधि वर्मा और शिक्षिका शामिल हुए। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के अधिक विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किया। इसमें कक्षा पहली की विद्यार्थी भव्या जांगड़े सड़क सुरक्षा,कक्षा एल के जी की विद्यार्थी जयलक्ष्मी पुरेना सौर मंडल,कक्षा दुसरी की विद्यार्थी श्रेया वंशे पर्यावरण सुरक्षा,कक्षा एल के जी का विद्यार्थी योगराज पाल स्मार्ट सिटी व कक्षा पहली की विद्यार्थी टीया पटेल सौर ऊर्जा कक्षा सातवी का विद्यार्थी काव्या देवांगन ने होलोग्राम सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। हैंड एंड क्राफ्ट का अलग से प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल संस्थापक ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संस्थापक ने विद्यार्थियों के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की। संस्थापक ने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। कहा विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाएं। बच्चों को प्रेरित करते हुए संस्थापक ने कहा आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। संस्थापक ने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया।




खरोरा। दीपावली के पर्व आते ही घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बन रही है। आज धनतेरस के मौके पर घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाती हुई दुर्गेश्वरी साहू ,जया नारंग लोगों को आकर्षित कर रही है।

# धनतेरस में बाजार हुआ गुलजार



**सराफा ,मिठाई , बर्तन , रेडीमेड गारमेंट्स , पूजा सामग्री लेने लगी ग्राहकों की भीड़**

**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस के साथ ही आज से बाजार में नरक चतुर्दशी, लक्ष्मी पूजा की रौनक दिखाई देने लगी है। आज धनतेरस पर्व होने के कारण बाजार में रौनक दिखाई दी। लोगो द्वारा खरीददारी शुरू कर दी है। सराफा, कपड़ा, मिठाई, बर्तन, मोबाइल, बाईक, पूजा सामग्री, की खरीदने की भीड़ दिखाई दी। लोगों द्वारा घर और दुकानों पर रंग बिरंगी झालर से सजावट की गई । धनतेरस के पावन पर्व पर पूरे देश में लोगों के द्वारा जमकर खरीददारी कि जाती है। बाजार में लोकल फार वोकल का असर दिखाई दिया ।लोग भारतीय सामानों की खरीदी में विशेष रूची दिखा रहे हैं ।

# दीवाली पर पटाखे जलाते समय आंखों का रखें खास खयाल

**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु) ।रोशनी के त्योहार दीवाली पर पटाखों की रौनक न दिखे तो त्योहार अधूरा सा लगता है। बच्चों के साथ बड़ों को भी दीपावली में फूलझड़ी और पटाखें जलाने में बेहद आनंद आता है। पटाखें जलाते समय बच्चों का खास ध्यान रखना जरूरी है। असावधानीवश कई बार पटाखों और फूलझड़ी से बच्चों के हाथ जल जाते हैं। अगर जली हुई जगह का तुंरत उपचार नहीं किया जाए तो परेशानी बढ़ सकती है। दीवाली के दिन अगर आप भी पटाखें और फुलझड़ी जला रहे हैं तो सावधानी के साथ जलाएं। लापरवाही या दुर्घटनावश अगर किसी का हाथ जल जाए तो तुरंत घर में ही प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर के पास जाएं।

शरीर के किसी अंग के जलने पर इसका दो तरह का प्रभाव होता है। सुपरफिशल बर्न में जलने के बाद छाला हो जाता है, जबकि डीप बर्न में शरीर का जला हिस्सा सुन्न हो जाता है। अगर जले हुए हिस्से पर



दर्द या जलन हो रही है तो इसका मतलब हालत गंभीर नहीं है। ऐसे में जले हुए हिस्से को पानी की धार के नीचे तब तक रखें जब तक जलन कम न हो जाए। इससे न सिर्फ दर्द कम होगा, बल्कि छाले भी नहीं होंगे। अगर लगातार जलन या दर्द हो रहा हो तो तुरंत बिना देरी के डॉक्टर के पास जाएं।

**लापरवाही से हो सकती है दुर्घटना**

अक्सर देखा जाता है कि लोग जल जाने के बाद बरनॉल, टूथपेस्ट, नीली दवा आदि लगा लेते हैं। इससे उस वक्त तो जलन खत्म हो जाती है, लेकिन ये सब लगाने से जला हुआ हिस्सा रंगीन हो जाता है जिससे डॉक्टर को पता नहीं चल पाता कि जला हुआ हिस्सा कैसा है ? जले हुए हिस्से को कम से कम 15 मिनट तक या जब तक कि जलन बंद न हो जाए, ठंडे पानी में रखना चाहिए। यदि घायल हिस्से को पानी के नीचे लाना कठिन हो, तो साफ, मुलायम कपड़े को ठंडे पानी में भिगोएं और जले हिस्से पर इसे रखें, लेकिन रगड़ें नहीं। इससे शरीर के ऊतकों की गर्मी को बाहर करने में मदद मिलेगी। ऐसा करनेसे आगे और नुकसान नहीं होगा और यह दर्द भी कम करेगा । उमंग उल्लास के इस त्यौहार में हमें अपने स्वास्थ्य का और विशेष रूप से आंखों का ध्यान रखना आवश्यक है ।खुले स्थान पर ही पटाखे जलाएं ।और सड़क पर पटाखे ना फोड़े।आतिशबाजी करते समय आंखों को सुरक्षित रखे सादा चश्मा पहनें। आंखों में खुजली होने पर तो रगड़े नहीं, तुरंत साफ पानी से धोऐं। सावधानी के साथ पटाखे जलाएं । आंखों में किसी प्रकार की आपात चिकित्सा के लिए डां,भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय एवं एम्स रायपुर में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

# कांग्रेस नेताओं ने दी दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बागबाहरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व को लेकर नगर समेत गांव-गांव में उत्साह का माहौल है। उसके बाद दूसरे त्योहार के रूप में चुनई तिहार मनाना है। जहाँ सभी आम मतदाताओं को इस त्योहार में भाग लेकर पंजा छाप में वोट देकर फिर से कका भूपेश बघेल की सरकार बनाना है।

खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय युवा कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव, कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष , राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त महेन्द्र चंद्राकर, संतोष जैन, केशव नायक राम चंद्राकर, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर , अतुल बग्गा, लक्ष्मण उजाला, रवि निषाद, दिलीप चक्रधारी सरपंच खुर्शीपार, खेमराज ठाकुर सरपंच करहीडीह, रामेश्वर चक्रधारी , नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा , कोमाखान की

सरपंच श्रीमती वीणा आशीष वाकड़े, घोयनाबाहरा की सरपंच श्रीमती सविता ठाकुर , कोमा की सरपंच सविता गिरी गोस्वामी, खल्लारी की सरपंच उमा ठाकुर, खट्टी की सरपंच श्रीमती मीना बाई तीरथ राम पटेल , चरौदा बाँध की सरपंच श्रीमती चंद्रकला कुंजलाल साहू , बीके बाहरा के सरपंच जनक राम ध्रुव , एम के बाहरा के सरपंच कमल नारायण साहू आदि ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता भाईयों-बहनों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस पर्व में छत्तीसगढ़ के लोग मित्रता एवं आपसी भाई चारे के साथ त्योहार मनाते हैं। यह पर्व दीपों का पर्व है। अंधेरे जीवन को रोशनी की ओर ले जाने का यह सरल तरीका है। जिससे लोगों का अंधकारमय जीवन उज्जवल हो सके। सबका जीवन उज्ज्वलमय बना रहे। इन्हीं आशाओं के साथ यह पर्व को खुशियों से मनाएं।

# 13 दिए जलाकर मांगा आरोग्य का आशीर्वाद



**खरोरा,** 11 नवंबर (देशबन्धु) ।खरोरा सहित अंचल के अनेक गांवों में शनिवार शाम धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया। इस मौके पर भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर उनसे आरोग्य तथा सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर 13 दीए प्रज्वलित किए और पूजा-अर्चना की गई। प्रत्येक घरों में जल रहे दीए की रोशनी से पूरा घर जगमगा उठा। आरती वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर्व सभी के जीवन में उल्लास लेकर आता है आरोग्य देने वाले आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने 13 दीए पीढ़ा पर रख नारियल, अगरबत्ती, झाड़ तथा प्रसाद खरीदारी होगी। हालांकि त्यौहार रखकर पूजा अर्चना की। परिवार के सभी सदस्यों ने आरती उतारी तथा भगवान धन्वंतरि की जय जय कार की । घरों की इस बार लोगों में काफी उत्साह है। घर की दीवार तथा दरवाजे पेंट से चमका रहे हैं।











1986 से अनवरत् आपकी सेवा में...
KJ
काशी
ज्वेलर्स
की ओर से
"पुष्य नक्षत्र"
की हार्दिक शुभकामनाएं...
• नई रेंज के साथ मनाएं... करवा चौथ
• वैवाहिकी ज्वेलरी की संपूर्ण रेंज
• BIS सर्टिफाईड हॉलमार्क ज्वेलरी गोल्ड एवं सिल्वर
प्रो. केशव सोनी - 9425524023, अक्षय सोनी - 8109990987
महात्मा गांधी रोड, बलौदाबाजार


अंचलवासियों को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ...
होटल गौरव प्राईड
रायपुर रोड बलौदाबाजार
HOTEL GAURAV PRIDE
• लग्जरी रूम्स, स्यूट रूम्स, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेन्स हॉल
• आपकी जरूरत की अनुसार सगाई-विवाह-जन्मोत्सव-किटी पार्टी-कान्फ्रेन्स मीटिंग हेतु
• फास्ट फुड, चाईनिज, पंजाबी फुड- शानदार स्वादिष्ट भोजन
• 84 सीट्स के साथ जिला मुख्यालय का सबसे बड़ा रेस्टोरेंट


होटल गौरव एवं बजरंग रेस्टोरेंट
अंबेडकर चौक बलौदाबाजार
ठहरने हेतु एसी एवं नॉन एसी कमरों के साथ जिला स्तरीय सुविधा
भावेश पटेल
संजू पटेल


TVS
गाड़ी लेनी है तो - बस कनिका TVS से
3000 की नगद छुट
TVS Sport
MILEAGE KA BAAP
ग्रेट माईलेज
सुपर प्राईज
TVS बाइक की खरीदी पर शानदार उपहार
GOLD PLATED COIN
HELMET
FULL TANK FUEL
DINNER SET
intelliGO
TVS Jupiter
ZYADA KA FAYDA
TVS RAIDER
THE WICKED RIDE
मुख्य अधिकृत विक्रेता
कनिका TVS
लवन रोड, बलौदाबाजार
मोबाईल नं. 8979428844, 6265917496


UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice
INDIA'S NO.1 CEMENT
One chance to celebrate together and light up your homes with happiness.
Happy Diwali
UltraTech, India's No.1 Cement - visit ultratechcement.com for claim details.


शुभ दीपावली
क्षेत्र की रत्नगर्भा उर्वरा भूमि में खनिज संसाधन और
मानव संसाधन से औद्योगिक विकास का सिलसिला जारी रहे
आप सब सुख शांति, समृद्धि से परिपूर्ण रहें
हम सबके हृदय में प्रेम का दीया जलता रहे
दीपावली की हार्दिक बधाईयाँ
एक प्रतिष्ठित सीमेंट संस्थान, बलौदा बाजार


समस्त जिला एवं प्रदेशवासियों को
धनतेरस व दीपावली
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हितेन्द्र ठाकुर
जिला अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, बलौदाबाजार भाटापारा


समस्त जिला एवं प्रदेशवासियों को
धनतेरस व दीपावली
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुरेन्द्र शर्मा
अध्यक्ष - राज्य कृषक कल्याण परिषद छ.ग. शासन


समस्त जिला एवं प्रदेशवासियों को
इंडियनऑयल
IndianOil
धनतेरस व दीपावली
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आर्यन शुक्ला
कांग्रेस नेता एवं जनपद सदस्य - बलौदाबाजार
सौजन्य - शुक्ला सर्विस स्टेशन - बलौदाबाजार